Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-190
रायपुर, रविवार 02 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### मणिपुर के सभी रास्तों पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करें : शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के सभी रास्तों पर आठ मार्च से निर्बाध



आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शाह ने मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर में चिरस्थायी शांति बहाली के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हरसंभव सहायता दे रही है। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि आठ मार्च से मणिपुर के सभी रास्तों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए और रास्ते में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

### धनखड़ आज केरल, तेलंगाना के दौरे पर

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज तेलंगाना और केरल के एकदिवसीय दौरे पर होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय की जारी विज्ञप्ति के अनुसार धनखड़ तिरुवनंतपुरम में भारतीय विचार केन्द्रम द्वारा



आयोजित चौथा पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान देंगे। धनखड़ तेलंगाना के दौरे में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के संकाय कर्मचारियों और छात्रों से भी बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि पहला पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान 25 फरवरी 2021 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने दिया था।

### फरवरी में जीएसटी संग्रह 183646 करोड़ रुपये रहा

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के फरवरी 2025 में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 183646 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 168337 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35204 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43704 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 90870 करोड़ रुपये रहा है और क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 13868 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद फरवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 162758 करोड़ रुपये रहा है।

# छत्तीसगढ़ में निवेश को बढ़ावा देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उद्योगपतियों को किया आमंत्रित

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने प्रदेश में रैंप योजना का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- आप छत्तीसगढ़ आइए, निवेश करिए और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहभागी बनें। विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ को समर्पित हमारी नई उद्योग नीति लागू होने से अब तक राज्य सरकार को 1 लाख 23 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्य सरकार न्यूनतम प्रशासन-अधिकतम प्रोत्साहन, उद्यमियों को निवेश अनुकूल माहौल और हर संभव सहयोग दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने वाली भारत सरकार की महती योजना रैंप का प्रदेश में शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 09 लाभार्थियों को 2 करोड़ 21 लाख से अधिक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म



खाद्य संस्करण योजना के तहत 3 लाभार्थियों को 55 लाख से अधिक तथा राज्य में निवेश करने वाले 16 निवेशकों को इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प रखा है। उनके संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ को विकसित करने छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार कर इस दिशा में लगातार काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि ईज आफ डूइंग बिजनेस के तहत अनुमति, अनुमोदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया हमने काफी आसान कर दी है, जिससे प्रदेश में निवेश आकर्षित हो रहे हैं। सीएम साय ने बताया कि हमारी सरकार उद्योग जगत की सुविधा के लिए नये औद्योगिक पार्क स्थापित कर रही है। इनके तैयार होने के बाद यहां तेजी से निवेशक अपने उद्योग लगा सकेंगे। प्रदेश सरकार ने 7 नये लघु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की है तथा 4 बड़े औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना प्रक्रियाधीन है। बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना के चलते सहायक ईकाइयों के लिए बड़ी संभावनाएं बनती हैं। इन्हें स्थान देने के लिए नगरनार के पास नियानार में 118 एकड़ भूमि में नये औद्योगिक पार्क की स्थापना की उन्होंने जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से हम रायपुर, दिल्ली और मुंबई में इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम कर चुके हैं जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई है। नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद अब तक 1 लाख 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले है और 50 से ज्यादा उद्यमियों को निवेश हेतु प्रमाणपत्र भी सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज पदार्थों से समृद्ध है। हम बिजली सरप्लस स्टेट हैं। सेंट्रल इंडिया में होने के कारण कनेक्टिविटी देश के सभी हिस्सों से शानदार है और हमारी नीति और नीयत ने प्रदेश को निवेश के लिए आदर्श स्थल बना दिया है। मुख्यमंत्री साय ने एआई, आईटी, डाटा सेंटर, रोबोटिक्स जैसी नई संभावनाओं के साथ ही फार्मास्युटिकल, रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में निवेश के लिए नई औद्योगिक नीति में विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जानकारी दी। सीएम साय ने सेमी कंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास जरूरी

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भिलाई नगर स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल भी उपस्थित रहे। कायक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में वित्त मंत्री चौधरी ने बताया कि उन्होंने बीएससी की पढ़ाई इसी कॉलेज से की है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत कर आईएएस परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, सीखने की इच्छा और अनुशासन को अपनाने की सलाह दी। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में समग्र विकास करना है। उन्होंने बिल गेट्स का उदाहरण देते हुए बताया कि डिग्री से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान, कौशल और नवाचार हैं। उन्होंने छात्रों से अपने भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने पीएचडी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 50 श्रमिकों का रेस्क्यू, पांच की तलाश जारी, धामी ने किया हवाई सर्वेक्षण

वार्ता < देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के सीमांत गांव माणा के पास हिमस्खलन (एवलांच) की चपेट में आए 17 अन्य श्रमिकों का शनिवार सुबह रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अब तक कुल 50 श्रमिकों का रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं, पांच अन्य की तलाश निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वयं, रेस्क्यू अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण किया और ज्योतिर्मठ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरभाष पर धामी से पूरी घटना की जानकारी ली और किसी भी तरह के सहयोग का विश्वास दिलाया।

## प्रसिद्ध माघ मड़ई मेला में वन मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल

**कोण्डागांव।** वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव जिले के ग्राम मर्दापाल में आयोजित पारंपरिक भंगाराम माता मावली माघ मड़ई मेला में शामिल हुए। मंत्री



कश्यप ने भंगाराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, मेला समिति के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छोटे निवेशकों के हित में पारदर्शी बाजार नियामक जरूरी : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड गिरावट के कारण मचे कोहराम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि छोटे निवेशकों के हित के लिए वर्तमान माहौल में पारदर्शी बाजार नियामक व्यवस्था की सख्त जरूरत है। गांधी ने कहा कि शेयर बाजार में भूचाल आया हुआ है और ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को हो रहा नुकसान उनके लिए चिंता का विषय बन गया है। उनका कहना है कि खुदरा निवेशकों की सुरक्षा को जरूरी बताते हुए कहा कि इसके लिए पारदर्शी निवेदक व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा, जब-जब बाज़ार गिरता है, खुदरा निवेशक का ही सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मेरे लिए मध्यमवर्ग से आने वाले इन खुदरा निवेशकों के बचत, हितों और निवेश की रक्षा करना सबसे अहम है-और इसके लिए सबसे ज़रूरी है पारदर्शी बाजार नियामक।'

## दिल्ली में पंद्रह साल पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद इंधन नहीं मिलेगा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिन्द्र सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद इंधन भरवाने पर रोक रहेगा। सिरसा ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि 15 साल पुराने सभी वाहनों को तेल देना बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाये जा रहे हैं जो 15 साल पुराने वाहनों की पहचान कर लेगा। अब तक 80 फीसदी पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाये जा चुके हैं और 31 मार्च तक सभी पम्पों पर ऐसे उपकरण लगा लिये जाएगे। उन्होंने कहा कि राजधानी में 15 साल पुराने वाहनों की पहचान के लिए एक टीम बनाई जाएगी। यह टीम 15 साल पुराने वाहनों को दिल्ली में आने से रोकना के साथ-साथ यहां के पुरानी वाहनों को दिल्ली से बाहर करने का काम करेगी। सिरसा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को जोड़ा जाएगा। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देने पर भी विचार किया जाएगा। दिल्ली के अंदर बड़े होटलों, कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों और हवाई अड्डों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय करने का प्रावधान करना होगा। दिल्ली में बंजर पड़ी भूमि पर पौधारोपण करने का काम किया जाएगा ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके।

## कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में ईडी का पुतला फूंका



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ईडी की कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में पुतला फूंका। कांग्रेस जनों ने कहा कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर विपक्ष को दबाने का षड़यंत्र कर रही है। ईडी ने जो जानकारी मांगी थी कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने उसको ईडी दफ्तर में जाकर दिया लेकिन ईडी ने उनको जबरिया 9 घंटे तक बिठा कर रखा। कांग्रेस ने आरोप लगाया की ईडी भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। ईडी को राजनैतिक दल के कार्यक्रमों के खर्चों एवं पार्टी दफ्तर के निर्माण का ब्यौरा जानने का इतना ही शौक है तो सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों? वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करें। कांग्रेस ने कहा ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू. की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करेड़ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है, इसकी भी जांच करें।

PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

योग ग्राम व निरामयम्

एलोपैथिक डॉक्टर्स के लिए होली तक
उपचार का विशेष उपहार

MD, MBBS, सर्जन, डेंटिस्ट, डर्माटोलॉजिस्ट, ENT, ओफ्थाल्मोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक, गाइनीकॉलोजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट ऐसे एलोपैथी डॉक्टर्स के लिए पतंजलि वेलनेस, निरामयम् व योगग्राम में स्पेशल डिस्काउन्ट।

सेवारत डॉक्टरों के लिए 50% की छूट | सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए 100% मुफ़्त

जिनसे मानवता का हित, उनके लिए हम समर्पित

रोगों से पीड़ित, मानवता की सेवा में लगे डॉक्टर्स को सनातन संस्कृति में हम भगवान स्वरूप मानते हैं परन्तु हृदय को पीड़ा देने वाली वेदना यह है कि रोगियों की सेवा करते–करते डॉक्टर्स भी रोगी हो जाते हैं। अति व्यस्तताओं के चलते हेल्दी लाइफस्टाइल, योग, हेल्दी फूड हैबिट्स को फॉलो ना कर पाने के कारण से वे बीपी, थायरॉइड, शुगर, अस्थमा, लीवर, किडनी, हार्ट प्रॉब्लम्स, सर्वाइकल पेन और ओबेसिटी जैसे रोग चक्र में घिर जाते हैं।

हम अत्यन्त स्नेह, सम्मान व करुणा पूर्वक सभी डॉक्टर्स को पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में आमंत्रित करते हैं

इस आश्वासन के साथ कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, इनकी सभी लाइफस्टाईल और इंक्यूरेबल डिज़ीज़ेज को मैनेज करें और रिवर्स व डीरूट करें एवं पंचकर्म, षट्कर्म के द्वारा वे शुद्धिकरण करें। जो समर्थ हैं उनको भी 50% डिस्काउन्ट करके, एक–एक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 थेरेपियां देते हैं जो कि 5 से 10 हजार रुपए (वैल्यू) की होती हैं। प्रतिदिन शिरोधारा, अभ्यंग, बाह्य एवं आंतरिक बस्ती, हाइड्रोथेरेपी, कोलोन थेरेपी, श्रृंगी, वात मोक्षण, रक्त मोक्षण, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, ओजोन थेरेपी, यज्ञ थेरेपी एवं ऐसी अनेक रोगानुसार थेरेपीज द्वारा डिटॉक्स करें और ऋषियों की योग, आयुर्वेद की विरासत को एक्सपीरियंस करें।

विशेष– जो गवर्नमेंट या प्राइवेट जॉब के बाद रिटायर्ड डॉक्टर हैं एवं जिनके पास आर्थिक संसाधन नहीं है उनके लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म का 100% फ्री ट्रीटमेन्ट उपलब्ध करवा कर के हम उनकी सेवा का सौभाग्य पाना चाहते हैं।




नोट– टाईप 1 डायबिटीज़, लीवर, किडनी फेलियर, कैंसर, ऑटो इम्यून डिज़ीज के पेशेन्ट के लिए 25% off (डिस्काउन्ट) केवल मार्च महीने में उपलब्ध रहेगा।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें
8954666111, 8954666222, 8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)
या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com
यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ सीधे आकर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं

# बजट में कृषि, ग्रामीण विकास को बनाया गया है विकसित भारत की पहल का पहला स्तम्भ :पीएम मोदी

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास को विकसित भारत के सपने की दिशा में प्रयासों का पहला स्तम्भ बनाया गया है । पीएम मोदी ने कहा कि उनकी तीसरी सरकार के इस पहले पूर्ण यह बजट सरकार की नीतियों में स्थायित्व और विकसित भारत के सपने का विस्तार है। पीएम मोदी कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर सरकार द्वारा आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे, जिसमें देश भर के नीति नियामक, अधिकारी और हितधारकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि को देश के विकास का स्तम्भ बताया गया है और 1947 तक विकसित भारत के लक्ष्य में विकसित और समृद्ध किसान का लक्ष्य भी शामिल है। मोदी ने कहा, इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता दिखी ही है, साथ ही विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। उन्होंने कहा, विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हो, सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री बजट-पश्चात अलग-अलग वेबिनार में अर्थव्यवस्था के विभिन्न खंडों से संबंधित बजट प्रस्तावों पर हितधारकों की सामूहिक चर्चा कराते हैं, ताकि बजट की सोच को मिल कर तेजी से क्रियान्वयन के स्तार पर लाया जा सके। उन्होंने सहभागियों से कहा, आप चर्चा में नया बजट बनाने की मांग न करें, बल्कि बजट की घोषणाओं को क्रियान्वित करने पर चर्चा करेंगे। मोदी ने दलहन जैसे कृषि उत्पादों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्ककता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि इसके लिए किसानों को मुनासिब दाम पर बराबर अच्छे बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था बहुत जरूरी है और उन्त बीजों की बाजार श्रृंखला में निजी क्षेत्र को सक्रियता से भाग लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के विशेष प्रयासों से दलहन उत्पादन बढ़ा है और चना तथा मूंग के मामले में देश आत्म निर्भर हो गया है पर कुल मिला कर दालों के मामले में भारत अब भी 20 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। इस निर्भरता को दूर करने के लिए अरहर, उड़द और मसूर आदि का उत्पादन बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में इस सम्बंध में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छह साल में 11 करोड़ किसानों के खातों में सीधे लगभग पौने चार लाख करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इतनी राशि करीब-करीब सीधे पहुंचाई गई है। मोदी ने हमने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि 10-11 साल पहले जो कृषि उत्पादन 26.5 करोड़ टन के करीब था, वह अब बढ़कर 33 करोड़ टन से ज्यादा हो गया है।

# रेलवे होली, ग्रीष्मावकाश पर तीन जोड़ी विशेष रेल सेवाओं का संचालन करेगी

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



रेलवे होली एवं ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिये तीन जोड़ी विशेष रेल सेवाओं का संचालन करेगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इसके तहत गाड़ी संख्या 09007/09008, वलसाड-खातीपुरा (जयपुर)-वलसाड साप्ताहिक विशेष रेलसेवा, गाड़ी संख्या 09007, वलसाड-खातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक विशेष रेल सेवा छह मार्च से 27 मार्च तक (चार फेरे), वलसाड से गुरूवार को 13.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 08.10 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09008, खातीपुरा (जयपुर)-वलसाड साप्ताहिक विशेष रेलसेवा दिनांक सात मार्च से 28 मार्च तक (चार फेरे) खातीपुरा से शुक्रवार को शाम सात बजकर पांच मिनट पर रवाना होकर मध्याह्न 12 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह रेल सेवा का मार्ग में उधना, बड़ोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़, अजमेर, किशनगढ़ एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव होगा। उन्होंने बताया कि इस रेलगाड़ी में एक सेकेण्ड एसी, पांच थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, दो द्वितीय साधारण श्रेणी और दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09035, बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक विशेष रेलसेवा पांच मार्च से 26 मार्च तक (चार फेरे) बान्द्रा टर्मिनस से बुधवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे रवाना होकर गुरुवार को सुबह 09.10 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09036, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष रेलसेवा छह मार्च से 27 मार्च तक (चार फेरे) बीकानेर से गुरूवार को सुबह 10.00 बजे रवाना होकर शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.40 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाना, पाटन, भीलडी, रानीवाडा, मारवाड भीनवाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदडी, लूनी, जोधपुर, मेडता रोड, नागौर एवं नोखा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेल सेवा में गरीब रथ श्रेणी के 12 थर्ड एसी, चार वातानूकुलित चेयरकार एवं दो पावरकार डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09001, मुम्बई सेट्रल-खातीपुरा (जयपुर) त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा तीन मार्च से 29 मार्च तक (12 फेरे) संचालित की जायेगी। यह मुम्बई सेट्रल से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं रात दस बजकर 20 मिनट पर रवाना होकर अगले दिन अपराह्न चार बजकर 40 मिनट पर खातीपुरा पहुॅचेगी।

## समाजवादी पार्टी से गुंडे, अपराधी निकाल दो तो बन जायेगी समाप्तवादी पार्टी : केशव प्रसाद



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के तेवर विपक्ष को लेकर बहुत तीखे नजर आये और उन्होंने महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महाकुंभ में इतनी बड़ी संख्या में जुटी संतों और श्रद्धालुओं की भीड़ इस महाआयोजन पर सवाल उठाने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है। उपमुख्यमंत्री ने यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में विपक्षी दलों पर एक एक कर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा समाजवादी पार्टी गुंडे, बदमाशों ,दंगाइयों और अपराधियों की पार्टी है ही ,अगर पार्टी से इन्हें निकाल दे तो समाजवादी पार्टी ही समाप्तवादी पार्टी बन जायेगी। उन्होंने अखिलेश यादव की कुंभ की आय को लेकर दी गयी सलाह से जुड़े सवाल पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा अखिलेश यादव हमारे सलाहकार नहीं है। सरकार देश के हित में ,प्रदेश के हित में , श्रद्धालुओं और संतों की सेवा की दृष्टि से और धार्मिक स्थलों की दृष्टि से जो बेहतर है वह लगातार कर रही है। हम सभी धार्मिक स्थलों पर ऐसी व्यवस्था करना चाहते हैं कि चाहें कितनी भी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे उन्हें किसी भी स्थान पर कोई समस्या न हो।

# मोदी का उत्तरकाशी दौरा शीतकालीन यात्रा प्रयासों को गति देगा : भट्ट

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि आगामी छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तरकाशी आयेंगे। इससे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के शीतकालीन यात्रा प्रयासों को तीव्र गति मिलेगी। भट्ट ने यहां संवाददाताओं को बताया कि छह मार्च को होने वाले इस एक दिवसीय कार्यक्रम में मोदी मुखबा में मां गंगा की पूजा के साथ, हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मोदी के प्रस्तावित भ्रमण पर भट्ट ने कहा, मोदी जी का आना प्रदेश वासियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। क्योंकि सभी जानते हैं, देवभूमि प्रधानमंत्री जी के दिल में बसता है। यही वजह है कि वह उत्तराखंड का चहुमुखी विकास कराने के साथ, प्रदेश के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के लिए स्वाभाविक ब्रांड एंबेसडर बनकर कार्य करते हैं। इससे पूर्व मोदी ने केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम पहुंच कर चार धाम यात्रा को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया है। और इसी क्रम में जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतकालीन यात्रा को प्रारंभ किया तो पीएम ने उसको बढ़ावा देने के लिए अनेकों मंचों पर उसकी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि उनका यह दौरा प्रदेश की आर्थिकी को नई मजबूती देने और इस यात्रा को विश्व पटल पर बड़ी पहचान देने वाला साबित होगा। दूसरी ओर, भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि खराब मौसम के कारण पूर्व में रद्द हुए दौरे के तत्काल बाद पुनः छह मार्च को प्रधानमंत्री जी आ रहे हैं। वह सुबह आठ बजे ज्योलीग्रांट हवाई अड्डे पहुंचकर उत्तरकाशी के हर्षिल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां एक जनसभा को संबोधन के उपरांत वे मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में उनकी पूजा अर्चना करेंगे। उसी दिन अपराह्न 1.30 बजे वह दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जालंधर में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान में 40 लोग गिरफ्तार, मादक पदार्थ, नकदी जब्त

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब के जालंधर में पुलिस 'युद्ध नशे के विरूद्ध' अभियान के तहत व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीण पुलिस तथा आयुक्तालय पुलिस ने 40 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया, 30 प्राथमिकी दर्ज की और भारी मात्रा में मादक पदार्थ और नकदी बरामद की है। जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि चार पुलिस अधीक्षक एसपी स्तर के अधिकारियों, 12 पुलिस उपाधीक्षकों और 525 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ पूरे जिले में अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 28 छापे मारे गए, जिसके दौरान 110 संदिग्ध तस्करों की जांच की गयी। उन्होंने बताया कि अभियान के परिणामस्वरूप 19 प्राथमिकी दर्ज की गयीं और दो घोषित अपराधियों सहित 29 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा वांछित एक 17 वर्षीय घोषित अपराधी भी शामिल है, जिसके खिलाफ पच्चास हजारा रुपये का इनाम घोषित किया गया था। खख ने कहा कि पुलिस ने अभियान के दौरान 2,907 नशीली गोलियां, दो सौ खुले कैप्सूल और 100 ग्राम हेरोइन जब्त की। इसके अलावा, पांच लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गयी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल की जाने वाली एक ऑल्टो कार और तीन मोटरसाइकिल भी जब्त की। पैंतीस ट्रैफिक चालान जारी किए गए और नौ मोटरसाइकिलें जब्त की गयीं। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने स्थानीय भार्गो कैंप में इस अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले 11 अलग-अलग संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करके सहायक पुलिस उपायुक्त (एसीपी) स्तर के अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया है। इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न थानों में 11 प्राथमिकियां दर्ज की गयी और अवैध गतिविधियों में शामिल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 98.81 ग्राम हेरोइन, 300 नशीली गोलियां, एक किलोग्राम चूरा पोस्त और 3,900 रुपये ड्रग मनी जब्त की।

## चंडीगढ़ में भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा व्यापार मेला शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने चंडीगढ़ के परेड ग्राउंड में दूसरे भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा व्यापार मेले का उद्घाटन किया और कहा ऐसे आयोजन व्यापारियों को अपने उत्पादों को लोगों के बीच पहुंचाने का मंच प्रदान करता है। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इस प्रकार के मेगा व्यापार मेले हमारे देश और राज्य की विकास क्षमता को प्रदर्शित करने और व्यापारिक संबंधों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन व्यापारियों को अपने उत्पादों, सेवाओं और नवाचारों का प्रदर्शन करने, संपर्क स्थापित करने, ज्ञान साझा करने और विकास के नए अवसरों की खोज करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। वित्त मंत्री ने उद्योग और व्यापार में पंजाब की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब हमेशा से उद्यमियों, अन्वेषकों और व्यापारियों का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विरासत को आगे बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करने और उद्योग व व्यापार के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीमा ने इस व्यापार मेले के आयोजन के लिए बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स को बधाई दी।

## हिंदू मुस्लिम को बांटने में लगी है योगी सरकार : शिवपाल

एजेंसी < इटावा
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने योगी सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा है कि विकास या रोजगार के बजाय योगी सरकार राज्य में हिंदू मुस्लिम को बांटने में जुटी हुई है। यादव ने अपने गृह जिले इटावा में एक निजी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार राज्य में विकास से जुड़ा हुआ कोई कामकाज नहीं कर रही है जबकि केवल हिंदू और मुस्लिम को बांटने में ही अपने आप को खपाने में जुटी हुई है। आने वाले वक्त में योगी सरकार की यह कसरत कवायद सरकार के लिए बड़ी मुसीबत बन जाएगी। उन्होंने कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नगीना सांसद चंद्रशेखर के मथुरा में हमला किया गया है ऐसे में यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि राज्य में जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है। सिर्फ इतना ही नहीं पत्रकार भी लुट रहे हैं, जबकि इन्होंने कहा था कि महिलाएं रात को 12 बजे जेवर पहनकर निकल जाएंगी जबकि पत्रकार ही नहीं सुरक्षित हैं तो महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी। आरक्षण के मुद्दे पर सपा नेता ने कहा कि जब आउट सोर्सिंग में पिछड़े और दलितों का कोई आरक्षण लागू नहीं किया है, आउट सोर्सिंग में नौकरी ठेकेदारी पर दे रहे हैं, ठेकेदार पहले एक लाख जमा करा लेता है फिर साढ़े आठ हजार से नौकरी शुरू होती है।

## केरल में कोचिंग सेंटर के पास छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट, एक छात्र की मौत

**कोझिकोड।** जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर के पास विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। इस दौरान एक छात्र के सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती



कराया गया, जहां 10वीं कक्षा के छात्र की शुक्रवार देर रात मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। वहीं इस मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में लिया है, जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल की आईसीयू में भर्ती 16 वर्षीय मुहम्मद शाहबास की रात करीब एक बजे मौत हो गई। इस घटना के सिलसिले में पांच विद्यार्थियों को हिरासत में लिया गया है और उन पर हत्या के आरोप लगाए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

## आगरा में सड़क हादसा, चार मरे

**आगरा।** आगरा जिले के फतेहाबाद क्षेत्र में शनिवार तड़के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तीर्थयात्रा से लौट रही डबल डेकर बस के खड़े ट्रक में जा घुसने से चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 18 लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 27वें माइल स्टोन के निकट तड़के पांच बजे हुआ। बताया गया है कि महाकुम्भ के बाद अयोध्या होते हुए काशी में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं की बस जयपुर लौट रही थी। मार्ग में लोहिया उझावली कट के पास बस एक्सप्रेस-वे के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। खिड़कियों के शीशे तोड़कर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस और यूपीडा की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को




फतेहाबाद सीएचसी ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण उन्हें नजदीकी निजी अस्पतालों में ले जाना पड़ा। हादसे में बस में आगे बैठे चार यात्रियों की मौत हो गई। डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हो गए। हादसे के समय अधिकतर यात्री नींद में थे। माना जा रहा है कि बस के ड्राइवर को झपकी आने से यह हादसा हुआ।

## दो पार्षद सहित तीन लोग पोस्त तस्करी करते गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से 40 किलोग्राम अवैध पोस्त बरामद करके दो पार्षदों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि कांस्टेबल आत्माराम की सूचना पर पुलिस के दल ने तड़के जामनगर-अमृतसर एक्सप्रेस राजमार्ग कानौर गांव के पास एक वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के कट्टों में रखा 40 किलोग्राम अवैध पोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इस पर चालक शिव कुमार को गिरफ्तार किया गया। उनकी मदद के लिये उनसे आगे जा रही एक अन्य गाड़ी को भी पुलिस ने रोका और उसमें सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक निर्दलीय और एक पार्टी का पार्षद है। उन्होंने बताया कि ये तीनों बीकानेर की ओर से पोस्त लेकर हनुमानगढ़ जिले की तरफ जा रहे थे। यादव ने बताया कि तीनों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

## तेलंगाना : फरवरी में 17 मामलों में एसीबी ने 23 लोक सेवकों को किया गिरफ्तार

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कहा कि उसने तेलंगाना में फरवरी में दर्ज 17 मामलों में दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों सहित 23 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया है तथा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसीबी ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि पिछले महीने के कुल मामलों में से 15 जालसाजी के मामले हैं और दो मामले आय से अधिक संपत्ति के हैं। निजामाबाद जिले के कोटागिरी गांव के पंचायत सचिव जीएम सुदर्शन, जिस पर 2014 में जालसाजी का आरोप लगाया गया था, को हाल ही में दोषी ठहराया गया। बीसी कल्याण, ऊर्जा, गृह, वन, कृषि और सहकारिता, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायत राज और ग्रामीण विकास, राजस्व, एमए और यूडी और परिवहन, आर एंड बी विभागों के जालसाजी मामलों में लगभग 7.60 लाख रुपये की राशि जब्त की गई। आय से अधिक संपत्ति के दो मामलों में करीब 4.13 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला है।

## 'युद्ध नशे के विरुद्ध' कैबिनेट उप समिति ने सदस्यों के लिये विशिष्ट कार्य क्षेत्र निर्धारित किये : चीमा

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ युद्ध का नेतृत्व करने के लिए गठित कैबिनेट उप समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने घोषणा की कि उप समिति ने राज्य से नशाखोरी को खत्म करने के लिए प्रत्येक समिति सदस्य के लिए विशिष्ट कार्य क्षेत्र निर्धारित किए हैं। कैबिनेट उप समिति की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए चीमा ने बताया कि ड्रग तस्करों पर नकेल कसने के लिए राज्य के जिलों को समिति के चार कैबिनेट मंत्रियों, जिनमें वह स्वयं, अमन अरोड़ा, तरुणप्रीत सिंह सौंद और लालजीत सिंह भुल्लर शामिल हैं, के बीच विभाजित किया गया है। पांचवें कमेटी सदस्य स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह राज्य में नशा मुक्ति गतिविधियों की निगरानी करेंगे। चीमा ने बताया कि वे पठानकोट, गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह नगर, रोपड़, तरनतारन और होशियारपुर जिलों का लगातार दौरा करेंगे और सिविल और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे, ताकि अभियान की जमीनी स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसी तरह, कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा लुधियाना, पटियाला, कपूरथला, मोहाली, अमृतसर और जालंधर की निगरानी करेंगे। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद संगरूर, बरनाला, बठिंडा, फ्तेहगढ़ साहिब, मोगा और मलेरकोटला की निगरानी करेंगे, जबकि कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर फरीदकोट, मुक्तसर, फाजिल्का, मानसा और फिरोजपुर की निगरानी करेंगे। चीमा ने नशे की लत के शिकार लोगों के परिवारों से अपील की कि वे अपने नशे के आदी सदस्यों को नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती करायें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस निर्णायक युद्ध का उद्देश्य नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना है, जो नशे के आदी लोगों के लिये स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें पैदा कर सकता है।

## बारां नगर परिषद ने 50 लाख रु का बकाया चुकाकर कुर्की टाली

एजेंसी < बारां
www.dailypioneer.com



राजस्थान में बारां नगर परिषद में निर्माण कार्य करने वाले एक ठेकेदार का पांच वर्ष पुराना भुगतान नहीं करने पर जिला न्यायालय के कुर्की आदेश लेकर पहुंचे कुर्की दल को देखकर नगर परिषद के अधिकारी ने तुरंत 50 लाख रुपये का भुगतान करके कुर्की टाल दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकारी ने चुकारा करने के साथ ही बकाया राशि को तय समयावधि में लिखित में देने के बाद कुर्की की प्रक्रिया शुक्रवार देर शाम स्थगित की गई। जयपुर की नीरानिया कंट्रक्शन कंपनी संचालक बाबूलाल ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व बारां शहर के कुछ चौराहों के सौंदर्यीकरण का काम किया था। इसका भुगतान तब से ही लंबित चल रहा था। कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को भुगतान के लिए कहा गया, लेकिन भुगतान नहीं होने पर वाणिज्यिक न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। ठेकेदार के वकील योगेश गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद को भुगतान के लिए कई नोटिस दिए जा चुके थे। फर्म के ब्याज सहित करीब एक करोड़ 30 लाख रुपए बकाया चल रहे थे। भुगतान नहीं हुआ तो वाणिज्यिक न्यायालय कोटा में अलग- अलग चार दावे किए थे। फर्म के बकाया भुगतान के लिए वाणिज्यिक न्यायालय कोटा से कुर्की के आदेश जिला न्यायालय बारां को भेजे गए थे। जिसकी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार दोपहर को जिला न्यायालय बारां की टीम कुर्की के लिए पहुंची थी। इस मामले में नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता भुवनेश मीणा ने बताया कि उक्त फर्म का एक करोड़ 30 लाख का भुगतान बकाया था, जिसमें से 70 लाख रुपए का भुगतान अगस्त 2024 में किया जा चुका था। बकाया 50 लाख का भुगतान शुक्रवार को किया गया है। अब अन्य खर्च ब्याज एवं न्यायालय का खर्चा आंकलन करवाने के बाद किया जाएगा।

# हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने ग्रीन श्मशानों के विस्तार पर जोर दिया

एजेंसी < चंडीगढ
www.dailypioneer.com

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूरे राज्य में ग्रीन श्मशानों के विस्तार को समर्थन दिया है। आयोग की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार यह पहल, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुनील के. गुलाटी द्वारा प्रस्तुत की गयी, जिसका उद्देश्य पारंपरिक लकड़ी आधारित दाह संस्कार को गौकाष्ठ (गोबर के डंडे) के उपयोग से बदलना है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। आयोग के अनुसार सिरसा जिले के विभिन्न गांवों में पहले ही ग्रीन श्मशानों को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है, जिसका श्रेय पर्यावरणविद् डॉ. राम जी जैमल को जाता है। वन अनुसंधान संस्थान (देहरादून) की तरफ से किए अध्ययन से पुष्टि हुई है कि इस विधि में केवल 60 किलोग्राम गौकाष्ठ की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक दाह संस्कार में 500-600 किलोग्राम लकड़ी लगती है। इसके अलावा, यह विधि कम लागत वाली, धुआं रहित और प्रतिकूल मौसम में भी प्रभावी है। गुलाटी ने हरियाणा सरकार से वित्तीय और प्रबंधकीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि वर्तमान में ग्रीन श्मशानों का रखरखाव केवल ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, आयोग ने राज्य सरकार को प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण से धन आवंटित करने की सिफारिश की है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने बताया किया कि प्राधिकरण में बड़ी राशि अप्रयुक्त पड़ी है, जिसे हरियाणा में ग्रीन श्मशानों के कार्यान्वयन के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। आयोग ने विभिन्न सरकारी निकायों जैसे शहरी स्थानीय निकाय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और गौ सेवा आयोग को निर्देश दिया है कि वे इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ ही, सरकार एक जागरूकता अभियान भी शुरू करे, ताकि लोग ग्रीन श्मशानों को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

## आईएसबी हैदराबाद परिसर से 505 छात्र हुए स्नातक

**हैदराबाद।** इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद परिसर से विभिन्न कार्यक्रमों के कुल 505 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि , ग्रीनको ग्रुप के संस्थापक एवं समूह अध्यक्ष महेश कोली ने स्नातकों से उनके सामने आने वाले परिवर्तनकारी अवसरों की पहचान करने और उसे अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने प्रभावशाली करियर एवं उद्यमिता की सफलता के लिए मजबूत विश्वासों को विकसित करने, मेगाट्रेंड की पहचान करने और स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। कोली ने रेखांकित किया कि स्थिरता केवल एक पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली आर्थिक अवसर भी है, जो नवाचार के माध्यम से विकास को गति देने में सक्षम है। आईएसबी के डीन प्रोफेसर मदन पिल्लुतला ने स्नातकों को उत्कृष्ट कार्यक्रमों को पूरा करने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दिया और स्नातकों से आईएसबी में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल पर विचार करने और उनका उपयोग न केवल पेशेवर सफलता के लिए, बल्कि अपने उद्योगों और समुदायों में सार्थक प्रभाव लाने लिए करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रासंगिक बने रहने और बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए जीवनपर्यंत सीखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने आईएसबी की उपलब्धियों पर गर्व किया।

# राज्य को पूरी तरह नशा मुक्त करने के लिए 360 डिग्री एक्शन प्लान तैयार : अरोड़ा

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए व्यापक 360-डिग्री कार्य योजना तैयार की है। इस योजना में नशाग्रस्त व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल करने के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्वास उपाय भी शामिल हैं। अरोड़ा नशे के खात्मे के लिए गठित पांच सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति की उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक, धार्मिक और गैर-सरकारी संगठनों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ लड़ाई में पंजाब सरकार का साथ दें, और एक साझा फ्रंट बनाकर प्रदेश को पूरी तरह नशा मुक्त करने में योगदान दें। अरोड़ा ने कहा, यह पंजाब के तीन करोड़ नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें सभी को एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ नशे के खिलाफलड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के सहयोग के बिना अकेली राज्य सरकार और पुलिस, पिछली सरकारों द्वारा पैदा की गयी इस दलदल से पंजाब को नहीं निकाल सकती। उन्होंने कहा कि जहां पुलिस अधिकारी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं उन्हें नशाग्रस्त व्यक्तियों को मरीज के रूप में देख कर उनके प्रति सहानुभूति रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पंजाब से नशे को पूरी तरह खत्म नहीं कर दिया जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने अपने निजी स्वार्थों के चलते जानबूझकर पंजाब को इस दलदल में धकेला। उन्होंने नशीले पदार्थों के तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो तस्करी छोड़ दो, या फिर पंजाब छोड़ दो, अन्यथा इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो।

# कलेक्टर ममगाई ने किया अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारियों का निरीक्षण

■ अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में 10 हजार से अधिक धावकों ने किया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




नारायणपुर जिले में आज आयोजित होने वाले अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। पूरा नारायणपुर जिला देश-विदेश से आने वाले धावकों के स्वागत के लिए आतुर है। अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप देने और की गयी तैयारियों की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा एजुकेशन हब गरांजी में बारह से आने वाले धावकों के ठहरने एवं भोजन आदि की व्यवस्था का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नव निर्मित ग्रंथालय भवन, स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र, नेलनार और झारावाही कन्या आश्रम, विशेष पिछड़ी जनजाति आश्रम, लाईवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक कन्या छात्रावास एवं कॉलेज भवन और रमोतीन माड़िया कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नेलनार कन्या आश्रम में पढ़ाई में कर रहे छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता संबंधी जानकारी ली।

कलेक्टर ममगाई ने धावकों के ठहरने वाली जगहों पर बिजली, पानी, साफ-सफाई, शौचालय और भोजन आदि की बेहतर व्यवस्था करने निर्देशित किया। मैराथन दौड़ हेतु देश विदेश सहित लगभग 10 हजार से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। मैराथन दौड़ के दौरान धावकों के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर ग्लोकोस पानी, बिस्किट आदि की व्यवस्था की गयी है और वहां वालेंटियरों की नियुक्ति की गयी है। मनोरंजन हेतु 28 फरवरी को सांयकाल 06 बजे से दायरास जादू बस्तर की प्रस्तुति एवं 01 मार्च को स्थानीय कार्यक्रम, अबुझमाड़ मल्लखंब, ड्रोन शो और पद्मश्री अनुज शर्मा की लाइव प्रस्तुति दी जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, संयुक्त कलेक्टर जय उरांव, सहायक आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, उप संचालक पंचायत विक्रम बहादुर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता संजय चौहान, पीएमजेएसवाई के विनय वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# ईडी व केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेसियों पर ई.डी. (प्रवर्तन निदेशालय) और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि ÷प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री द्वारा बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध कराये जाने के बाद भी जबरिया ईडी कार्यालय में घंटों बैठाया गया और आगामी 03 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का एक अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी व पाटी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। इस दौरान लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश महासचिव नीना रावतिया उड़दे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद बेनहूर रावतिया, पार्षद बबीता झाड़ी, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवीण डोंगरे, जनपद सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व पार्षद कविता यादव, पूर्व पार्षद लक्ष्मण कड़ती, पूर्व पार्षद साहिल तिग्गा, बलराम कोरसा, महिला कांग्रेस की संजना चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोंडागांव जिला कांग्रेस ने किया ईडी का पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में लगातार कांग्रेस नेताओं पदाधिकारियों को ईडी द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है जिसके विरोध मे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ मे ईडी एवं केंद्र सरकार का पुतला दहन किया जाना हैं। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने भी पुतला दहन करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने कहा ईडी का जो रवैया है वह भाजपा के अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य कर रही है लगातार कांग्रेसियों को निशाना बनाया जा रहा हैं जो की निंदनीय है गलत है केंद्रीय जाँच एजेंसियों को निष्पक्षता के साथ कार्य करनी चाहिए परन्तु यहां भाजपा की गुलामी की जा रही है। ईडी सीबीआई द्वारा केवल और केवल कांग्रेस या कांग्रेस से संबंधित जनों को परेशान किया जा रहा हैं। आज केवल पुतला दहन किया गया है निकट भविष्य मे और भी आंदोलन किया जायेगा।

## जिले के दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत में 6 मार्च को होगा निर्वाचन सम्मिलन

**जगदलपुर।** पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिले के जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन एवं प्रथम सम्मिलन का समय-सारणी जारी किया गया था। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए जिले के जनपद पंचायत दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुडा के पूर्व जारी समय-सारणी के स्थान पर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन 06 मार्च 2025 को एवं निर्वाचन उपरान्त इन जनपद पंचायतों के प्रथम सम्मिलन (विशेष) 11 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। शेष ग्राम पंचायत, जनपद पंचायतों और जिला पंचायत में पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार ही कार्यवाही की जावेगी।

# किरंदुल में ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में मजदूरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com







एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कर्मचारी ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में पेंडिंग वेज रिवीजन के साथ साथ अन्य तीन सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय दिवस भी शनिवार एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सीआईएसएफ चेक पोस्ट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे रहें। उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौता, ठेका श्रमिको के लंबित वेतन समझौते, एनएमडीसी की सभी इकाइयों में मैन पवार की कमी के साथ साथ अन्य कई मुद्दों को लेकर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित मजदूर संगठन एस के एम एस और मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल परियोजना के नियमित और ठेका श्रमिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ हुए हैं।

# हायर सेकेंडरी स्कूल हरवेल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल प्रांगण में बीते दिनों हुए विदाई समारोह में 9वीं से 11वीं के बच्चों द्वारा अपने अग्रज भैया बहनों को विदाई दिया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्राओं का स्वागत पुष्प, गुलाल व स्वागत गीत से किया। इसके बाद 12वीं के छात्र छात्राओं में विज्ञान संकाय से ज्योति, पुनिमा, मनोज, अंतू, हेमराज, केशनाथ, अक्षय व कला संकाय से अनित, सजीना, संगीता, बिदेश, अंकिता ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए। साथ ही शिक्षकों में रामसाय नाग, भागबती भेड़िया, पुनेशकुमार वर्मा, गुलशन मरकाम ने छात्र छात्राओं को प्रेरक और आशीष वचन से संबोधित किया। अंत में 12वीं के छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय को भेंट दिया गया।

# बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




बच्चों को विज्ञान शिक्षा के प्रति आकर्षित करने व बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज की उपलब्धि पर 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण के के संरक्षण संवर्धन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व व उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। महान वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकटरमण जिन्हें उनकी महान खोज रमन प्रभाव के लिए 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया की जीवनी से बच्चों को परिचित कराया। बच्चों को समाज मे फैले अंधविश्वास से दूर रहने व अपने दैनिक जीवन मे विज्ञान आधारित सिद्धांत को मानने पर बल दिया। भारत के अंतरिक्ष मे बढ़ते कदम, मिशन चन्द्रयान, सौर मंडल, वायु प्रदूषण, गर्मियों में जल संरक्षण के महत्व आदी विषयों के प्रति बच्चों को जागरूक किया।

# जिला मुख्यालय में छात्रों के लिए शिक्षा और तकनीक का एक नवीन केंद्र 'साइंस सेंटर' का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मुख्यालय दंतेवाड़ा के जेडी कॉलोनी सर्किट हाउस रोड में जिला प्रशासन की पहल से शैक्षणिक साइंस सेंटर प्रारंभ किया गया है। मूलतः इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान की शिक्षा देना ही नहीं बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने, और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। आधुनिक विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र से परिचित कराकर उनमें विज्ञान के प्रति रुचि जागृत कराना है। इस शैक्षणिक केंद्र के माध्यम से निःसंदेह छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति एक रुचिकर मंच मिलेगा जिससे उनकी शिक्षा और ज्ञान अधिक प्रयोगात्मक और क्रियाशील हो सकेगी। दंतेवाड़ा, जिला जो अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, अब विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहां विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। यहां पर विज्ञान के अंतर्गत अंतरिक्ष ज्ञान, भौतिकी कक्ष, जीव विज्ञान कक्ष, खनन कक्ष, औद्योगिक कक्ष, कृषि एवं पर्यावरण, मेकर हब, प्रशिक्षण कक्ष विकसित किये जा रहे है, छात्र-छात्राएं केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल अवलोकन करेंगे बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोज सकेगें।

**विज्ञान के प्रति रुचि तथा जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

# कोंडागांव महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि, प्रतिवर्ष 28 फरवरी को विज्ञान दिवस डॉ. सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज को अविस्मरणीय बनाने और जनसामान्य में विज्ञान के प्रति रुचि तथा जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष महाविद्यालय में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत लेक्चर सीरीज का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से भौतिकी के प्राध्यापक दुर्गेश कुमार देवांगन, नारायणपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय से रसायन के प्राध्यापक डॉ. सुमित श्रीवास्तव, भौतिकी के प्राध्यापक भगवानदास चांडक, फरसगांव महाविद्यालय से रसायन की प्राध्यापक सीमा बघेल ने व्याख्यान दिया। समापन दिवस के कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। वनस्पतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने इस कार्यक्रम के इतिहास बताते हुए इस दिन को सिर्फ एक दिवस न मनाकर इसके सार को आत्मसात करने की बात रखी। रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने सन 2024 में हुए विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और आविष्कारों तथा दिवसों की जानकारी साझा की। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, पूरा विश्व और हर विषय वैज्ञानिक दृष्टिकोण लिए हुए है, दैनिक जीवन की प्रत्येक घटना और कार्य के पीछे विज्ञान है। भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई ने भौगोलिक कारणों के साथ भारत के ग्लोब में स्थिति को समझते हुए विज्ञान के प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बीच बीच में केमिकल सोसायटी के सदस्यों ने साइंस की ट्रिक्स से जादू दिखाए और उनका स्पष्टीकरण दिया जिसमें पेट्रोल से गुब्बारे फोड़ना, डिटर्जेन्ट से कपड़े की धुलाई, एसिड बेस टाइट्रेशन, एल्कोहल से भीगे कागज का आग पकड़ लेना इत्यादि। प्रोग्राम के बीच में भूपेंद्र कोर्राम के द्वारा विज्ञान दिवस पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई जिसमें विकसित भारत के लिए विज्ञान का प्रभाव प्रस्तुत किया। केमिकल सोसायटी के सदस्यों ने विज्ञान आधारित सेल्फी फ्रेम भी बनाया जिसे सभी ने सराहा।। कार्यक्रम का संचालन मानसी ठाकुर तथा उत्तम साहू कर रहे थे तथा क्विज प्रतियोगिता कौन बनेगा विज्ञानपति का संचालन यामिनी पाणिग्रही ने किया जिन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्विज को बड़ा ही रोचक बना दिया।

# जगदलपुर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण शहर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ करें कार्य : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जगदलपुर के नव निर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण जगदलपुर में संपन्न हुआ। इस मौके पर कलेक्टर हरिस एस ने महापौर एवं पार्षदों को शपथ दिलाई। महापौर संजय पांडे ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदगण अटल विश्वास पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा कर जगदलपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण शहर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जगदलपुर शहर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते 15 महीने में प्रदेश के नगरीय निकायों में 7500 करोड़ रुपये से अधिक राशि से विकास कार्य किया गया है। वहीं जगदलपुर शहर के लिए 82 करोड़ रुपए से अधिक लागत से आधारभूत संरचना विकसित किया जा रहा है। आगामी दिनों में जगदलपुर के 50 वर्षो की जरूरत को ध्यान रखकर शहर के समग्र विकास की दिशा में हम सभी मिलकर पहल करेंगे। इस दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप और विधायक जगदलपुर किरण देव ने भी सम्बोधित करते हुए जगदलपुर शहर के सर्वांगीण विकास हेतु हरसम्भव पहल करने का संकल्प व्यक्त किया। शपथ ग्रहण उपरांत महापौर संजय पांडे ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक केशकाल नीलकंठ टीकाम, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, बस्तर राज परिवार के कमलचन्द्र भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह के अंत में महापौर संजय पांडे ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# रामू रोहरा ने ली महापौर पद की शपथ, बने शहर के प्रथम नागरिक

## प्रभारी मंत्री, सांसद सहित विधायक विशेष रूप से हुए शामिल





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी नगर निगम महापौर के रूप में रामू रोहरा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ लेने के साथ ही रोहरा धमतरी नगर के प्रथम नागरिक बन गए हैं। इस अवसर पर राज्य के राजस्व मंत्री एवं धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद रूपकुमारी चौधरी ने की। स्थानीय इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय चन्द्राकर भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद महापौर रामू रोहरा, नवनिर्वाचित पार्षदों संग सीधे नगर निगम दफ्तर पहुंचे और पूजा.अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में इंडोर स्टेडियम में महापौर रोहरा के साथ ही 40 पार्षदों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह की शुरूआत निर्धारित समय पर हुई तथा सबसे पहले अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद कलेक्टर एवं प्रशासक सु नम्रता गांधी ने महापौर की शपथ दिलाई। इसके पश्चात् वार्ड क्रमांक 01 से लेकर 40 तक पार्षदों ने 8.8 की संख्या में शपथ ली। नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने समारोह में शामिल लोगों का आभार व्यक्त किया।

### महापौर ने नगर विकास को बताया पहली प्राथमिकता

शपथ लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए महापौर रामू रोहरा ने धमतरी नगर के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने शहर में ट्रेफिक व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ ही शिक्षा और ज्ञान को बढ़ावा देने प्रयास की बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी में नालंदा परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। यह परिसर विद्यार्थियों के लिए एक अत्याधुनिक ज्ञान केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां बिना बाधा के वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। इसमें उच्चस्तरीय पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन, आधुनिक अध्ययन सुविधाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष केन्द्र होंगें। इसके साथ ही जनता के मांग के अनुरूप सड़क चौड़ीकरण, गोकुलनगर, स्मार्ट सिटी सहित अन्य जरूरी कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के लिए बजट में प्रस्ताव करेंगे और गोकुलनगर के विकास के लिए प्रयास शुरू हो गया है। नगर निगम के महापौर के शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी शहर का इंडोर स्टेडियम रहा। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रमुखों की भी उपस्थिति रही। समारोह में पूर्व विधायक धमतरी कृपारम साहू, पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, एन पी गुप्ता आदि भी शामिल हुए और नवनियुक्त महापौर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आधा दर्जन गांवों में आज भी नेटवर्क के अभाव में ग्रामीण उपभोक्ता परेशान

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

एक तरफ पूरी दुनिया 5 जी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ बढ़ती दिखाई दी रही है तो वहीं दूसरी ओर जिले में कुछ गांव ऐसे भी है जहां नेटवर्क के अभाव में ग्रामीण काफी चुनौतीयों का सामना करने मजबूर हैं। महासमुंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित ललितपुर, टुकड़ा एंव गायत्रीपुर संहित आधा दर्जन गांवों में आज भी नेटवर्क कनेक्टिविटी के अभाव में ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं। सोशल मीडिया और संचार क्रांति के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। महतारी एक्सप्रेस, 108 एंबुलेंस और 100 डायल की जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में भटकना पड़ता है। बीएसएनएल और निजी कंपनी का टावर आसपास या गांवों में नहीं होने से इस गांव के सैकड़ों उपभोक्ता परेशान होते है।



### रात में इमरजेंसी होने पर सुबह का करना पड़ता है इंतजार

ललितपुर, टुकड़ा, गायत्रीपुर सहित आसपास के गांवों में मोबाइल नेटवर्क चुनौती बना हुआ है। इन गांवों में रहने वाले हजारों लोग मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से परेशान है। आधुनिकता के इस दौर में गांव-गांव मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने के दावे यहां खोखले साबित हो रहे है। ग्राम पंचायतों में भी नेट की सुविधा नहीं होने से सरकार के कई ऑनलाइन योजनाओं के तत्काल लाभ से ग्रामीण वंचित है, कुछ काम के लिए उन्हें कई किलोमीटर चलकर अपना काम करवाना पड़ता है। ललितपुर सहित अन्य गांव पहाड़ी क्षेत्र से घिरा होने के कारण दूर-दूर तक मोबाइल टॉवर नहीं मिलता है। ग्रामीणों ने बताया कि दिन के समय अगर किसी को बहुत जरूरी बात करनी हो तो पहाड़ी पर जाना पड़ता है या किसी निश्चित जगह पर जाकर नेटवर्क ढूढ़ना पड़ता है। रात के समय कोई इमरजेंसी होने पर सुबह का इंतजार करना पड़ता है।

### नहीं मिलता ओटीपी मैसेज, हितग्राही ग्राहक रहते हैं परेशान

केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी से लेकर समर्थन मूल्य पर बेची जाने वाली उपज आदि की जानकारी के लिए मोबाइल पर ओटीपी और मैसेज आते है। क्षेत्र में नेटवर्क नहीं मिलने से हितग्राहियों और ग्रामीणों को परेशानी होती है। एक ओर जहां सरकार ऑनलाइन प्रक्रिया को बढ़ावा दे रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल और नेटवर्क ही नहीं मिल पा रहा है। बैंक के लेन देन मेसेज के किये घन्टो इंतजार करना पड़ता है जब मोबाइल एक निश्चित जगह पर पहुंचता है तब जाकर ओटीपी आता है।

### परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फार्म भरने में होती है परेशानी

विभिन्न परीक्षाओं और योजनाओं की प्रक्रिया ऑनलाइन हो चुकी है। इस क्षेत्र के अधिकांश अंचलों में नेट नहीं चलने से ऑनलाइन सेंटर भी नहीं चल पा रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन फॉर्म भरने की जानकारी समय और नहीं मिल पाती, ऑनलाइन बैंकिंग, बिजली के बिल जमा करने सहित अन्य जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे है। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर भी नहीं मिल पा रहे है। लोगों को ऐसी आपात स्थिति में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कायतराम चौहान ( गुड्डू चौहान), विद्याधर साहू, पुन्नानंद चौहान, लखन बरिहा, नरहरी, शिवकुमार आदि ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्रों में तत्काल टावर की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में भारत दूर संचार विभाग के संबधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करते हुए सुविधानुसार नेटवर्क स्थापित करने में मदद करनी चाहिए जिससे सैकड़ों-हजारों ग्रामीण उपभोक्ताओं को सहूलियत हो और जनजीवन आसान हो सके।

# गरियाबंद नपा में नेता प्रतिपक्ष, उपाध्यक्ष चयन के लिए कांग्रेस ने राजेंद्र सोनी को बनाया पर्यवेक्षक

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं जिस पार्टी को निकाय में विपक्ष की भूमिका मिली है, वहां नेता प्रतिपक्ष का चयन भी किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा निर्वाचन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार पर्यवेक्षको की नियुक्ति मलकीत सिंग गैन्दू प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासनिक ने जारी किया है। इसी क्रम में नगरीय निकाय चुनाव के बाद गरियाबंद नगरपालिका के लिए उपाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष चयन हेतु राजेंद्र सोनी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से क्षेत्र का दौरा कर ज़िले के वरिष्ठ नेताओ, ज़िला प्रभारी, जिले के पदाधिकारी, क्षेत्रीय विधायक सहित स्थानीय संगठन के नेताओ से संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए नगर पालिका गरियाबंद में उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष चयन निर्वाचन में जीत सुनिश्चित करने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें। ज्ञात हो कि राजेन्द्र सोनी पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी अध्यक्ष, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति नगरी समेत संगठन में विभिन्न पदों पर रह चुके है। उन्हें संगठन में काम करने मे अच्छा अनुभव है, जिसे देखते हुए पार्टी ने गरियाबंद में पुनः उपाध्यक्ष प्रत्याशी व नेता प्रतिपक्ष चयन की अहम जिम्मेदारी दी है।

# नगरी जनपद में बहुमत भाजपा के पास, पर राह आसान नहीं

### अध्यक्ष की रेस में तीसरी बार की जनपद सदस्य शशि ध्रुव सबसे आगे

पायनियर संवाददाता नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत नगरी में बहुमत का आंकड़ा भाजपा ने छू लिया है। लेकिन राह अब भी आसान नहीं मानी जा रही। दरअसल भाजपा समर्थित 12 सदस्य चुनाव जीतकर आए है, दो निर्दलीय का साथ मिलने से भाजपा बहुमत तक पहुंची है। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित 9 सदस्य जीतकर आए है, दो निर्दलीय कांग्रेस के साथ है, इस तरह कांग्रेस 11 के आंकड़े तक ही पहुंच रही जो बहुमत से दो सदस्य दूर है। भाजपा के पास बहुमत होने के बाद भी राह आसान नहीं मानी जा रही क्योंकि दो सदस्यों ने अगर क्रॉस वोटिंग की या निर्दलीय आखिरी समय मे भाजपा के साथ नहीं रहे तो पूरा गेम चेंज हो जाएगा। पिछले चुनाव में देखा गया था कि कांग्रेस की जनपद सदस्य रही दिनेश्वरी नेताम ने आखिरी समय मे भाजपा का दामन थाम लिया था, जिससे बड़ा उलटफेर हुआ और भाजपा के साथ जाकर दिनेश्वरी अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी। कांग्रेस के हाथ आयी बाजी निकल गयी थी। इसलिए इस चुनाव में भाजपा के लिए अपने सदस्यों को साधकर रखनाए टूट रोकना और क्रॉस वोटिंग से बचना बड़ी चुनौती माना जा रहा है। इधर जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त होने से भाजपा के पास दावेदारों की संख्या अधिक है। अध्यक्ष की रेस में फिलहाल सबसे आगे शशि ध्रुव नजर आ रही है। वे तीसरी बार जनपद सदस्य बनी है तथा दो बार सरपंच रह चुकी है, उनके पास कार्य का अच्छा अनुभव है। ध्रुव 1994 से 1998 तक खल्लारी क्षेत्र से जनपद सदस्य रही। 2005 से 2010 तक सांकरा सरपंच, 2010 से 2015 तक मेचका क्षेत्र से जनपद सदस्य तथा 2020 से 2025 तक सांकरा की सरपंच रही। वर्तमान में वे भैसामुड़ा क्षेत्र से जीतकर जनपद सदस्य बनी है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पंचायत महासंघ धमतरी, सरंक्षक सर्व आदिवासी समाज, जिलाध्यक्ष महिला गोड़ समाज, अध्यक्ष मुचुकुन्द ऋषि आश्रम, अध्यक्ष सत्ती माई महिला मंडल रह चुकी है। राजनीति के साथ समाजिक क्षेत्र में सक्रियता से काम करने से उनकी क्षेत्र में अलग पहचान है। यही कारण है कि चुनाव में उन्हें लोगो का भरपूर समर्थन मिलता है जिससे वे विपरीत परिस्थितियों में भी जीतकर आती है। सार्वजनिक जीवन मे उनके लंबे अनुभव को देखते हुए माना जा रहा कि भाजपा के द्वारा उन्हें अध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अन्य दावेदार भी पूरा जोर लगा रहे है, जिससे नगरी जनपद अध्यक्ष पद पर लोगो की भी नजर टिकी है। भाजपा के अन्य दावेदारों में प्रेमलता नागवंशी, सत्यवती नेताम का नाम लिया जा रहा है। वही कांग्रेस के द्वारा इस बार युवा जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम या मुनेन ध्रुव पर दांव खेला जा सकता है। कांग्रेस की नजर भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए मची घमासान पर है। हालांकि भाजपा के नेताओं का कहना है कि सटीक रणनीति के साथ चुनाव में उतरेंगे जिससे नगरी जनपद में भाजपा का कब्जा बरकरार रहेगा।



# नगर के भीतर भारी वाहनों के चलते बार-बार जाम के हालात

### बायपास सड़क निर्माण आवश्यक

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




नगर में बढ़ते वाहनों की संख्या, यातायात, लोगो व वाहनों की भीड़ व उनके आवागमन से सड़क में दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी हुई है। बेहतर व सुरक्षित यातायात व्यवस्था न होने के कारण मुख्य सड़क में हमेशा आवागमन का दबाव बना रहता है। क्षेत्र का प्रमुख व्यावसायिक व व्यापारिक केंद्र होने की वजह से व्यावसायिक वाहनों के आने जाने से भी लगातार सड़क में दबाव बनते रहता है। सारंगढ़ सरसींवा व भंवरपुर मार्ग से ओडिशा व रायपुर तरफ जिन ट्रकों व व्यावसायिक वाहनों को आना व जाना है तो उन्हें सरायपाली नगर के अंदर से ही होकर आना व जाना पड़ता है। इन मार्गो का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से ट्रक चालकों को मजबूरीवश नगर के अंदर प्रवेश करना ही पड़ता है जिस वजह से मुख्य मार्ग में यातायात का दबाव व वाहनों की भीड़ बढ़ जाती है। मुख्य मार्गो पर स्कूल व कालेजों के खुल जाने से भी सड़को में भीड़ बढ़ रही है। वर्तमान में नगर की सुंदरता व बेहतर यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके इस हेतु गौरव पथ का निर्माण चल रहा है किंतु रुक-रुककर धीमी गति से निर्माण कार्य किये जाने से यातायात व आवागमन प्रभावित हो रहा है तो वही दूसरी ओर धूल उड़ने से सभी लोग हलाकान व परेशान हो रहे हैं। नगर में सर्वाधिक खतरा थाना चौक के पास बना रहता है चौक से सरसींवा की ओर जानी वाली सड़क मुख्य मार्ग से नीचे होने के कारण चढ़ाई में थोड़ी स्पीड से गाड़ी चलानी पड़ती है और यही दुर्घटना का कारण भी बनता है।नगर में बाहर से आने वाली भारी वाहनों व ट्रकों को रोके जाने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग नही होने के कारण अभी वर्तमान में नगर के अंदर से ही यह वाहन आना जाना कर रही हैं। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग के लिए नगर के बाहर लिंक या बायपास मार्ग निर्माण की मांग वर्षोवसे की जा रही है।

नगर में अव्यवस्थित यातायात व भारी वाहनों के नगर प्रवेश व बाहर निकले का कोई वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग नही होने के कारण सारंगढ़, सरसींवा तरफ से आने व जाने वाली भारी वाहनों को नगर के भीतर से ही जाना मजबूरी होवरहि है जिसके चलते हमेशा चक्काजाम व दुर्घटनाओ की संभावना बनी रहती है । इन सभी मुश्किलों से छुटकारा पाने हेतु बेहतर व सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए संलग्न मानचित्र के अनुरूप एक प्रस्तावित रिंग रोड पर विचार किया जा सकता है। बैतारी चौक से एक रिंगरोड सीधे सारंगढ़, सरसींवा व पदमपुर मार्ग को जोड़ते हुवे घण्टेश्वरी मंदिर चौक तक बनाया जा सकता है। इस व्यवस्था से उपरोक्त समस्याओं का समाधान स्वतः ही निकल आयेगा। यह प्रस्तावित सड़क नगर के बाहर बनाया जाना चाहिये। इस सम्वन्ध में नागरिको का कहना है कि यदि यह प्रस्ताव उचित लगे या और कोई सुझाव हो तो उस पर विधायक, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संघ, संगठन, पार्टी से जुड़े नेताओ, प्रशासन व नगरवासियों को इस पर पहल कर मार्ग निर्माण का प्रयास किया जाना चाहिये। इस संबंध में विधायक चातुरी नंद को इस प्रस्ताव की जानकारी हमारे प्रतिनिधि द्वारा दी गई तो इस प्रस्ताव को नगर के बेहतर व सुरक्षित यातायात के लिए महत्वपूर्ण बताया। विधायक चातुरी नंद ने बताया कि इस प्रस्तावित लिंक बाईपास मार्ग के निर्माण के लिए वे मुख्यमंत्री व लोकनिर्माण मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखकर इज़्के शीघ्र स्वीकृति व निर्माण किये जाने की मांग करूंगी। ताकि जनसुविधा आमजनता व आम वहां चालको को भी मिल सके।

# राजनीतिक द्वेष से बिना सूचना दिये कर्मचारियों को किया कार्य से पृथक : कांग्रेस



पायनियर संवाददाता कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कुरूद भाजपा के सत्ता में आने के बाद शपथ ग्रहण से पूर्व ही छह कर्मचारियों कई वर्षो से कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी, स्वच्छता कमांडो एवं एसएसजी में नियुक्त कर्मचारी उत्तम साहू, रूपेंद्र चन्द्रकार, विकास देवांगन, नीरज कश्यप, अरमान साहू एवं लेखनारायण बागे को द्वेषपूर्ण शपथ ग्रहण से पहले ही राजनीतिक द्वेष से बिना किसी सूचना एवं शिकायत के बिना कार्य से पृथक किया जा रहा है। उक्त कर्मचारियों के परिवार में कोई कमाऊ सदस्य नहीं हैं। अपने परिवार के पालन हेतु उक्त कर्मचारियों द्वारा निष्ठापूर्वक कार्य किया जाता था जिन्हें निकालना जो कि काफी निंदनीय है। इसकी जानकारी मिलने के बाद नगर पंचायत कुरूद में कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित पार्षद पंचायत कार्यालय पहुंचकर उक्त सभी कर्मचारियों के संबंध में उनके हित में नगर पंचायत के प्रशासक दुर्गा साहू एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को लिखित शिकायत कर कर्मचारियों के हित में उन्हें पुनः कार्य में रखने का निवेदन किया गया। नहीं तो कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित पार्षदों के द्वारा उक्त सभी कर्मचारियों के परिवार के साथ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा जिसकी लिखित शिकायत प्रशासक तहसीलदार दुर्गा साहू को दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कुरूद कांग्रेस के सभी निर्वाचित पार्षद रजत चंद्राकर, मंजू प्रमोद साहू, राखी चंद्राकार, मनीष साहू, देवव्रत साहू, डुमेश साहू, उत्तम साहू उपस्थित थे।

# हमारे नेताओं को जान बूझकर परेशान किया जा रहा : शरद लोहाना

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यवाही को लेकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार, ईडी का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन किया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री द्वारा बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध कराये जाने के बाद भी जबरिया ईडी कार्यालय में घंटों बैठाने और आगामी 03 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करते हुए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करने के मामले को लेकर विरोध जताया और दोपहर 01 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से केंद्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया। लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से जो सवाल किया उससे साफ हो रहा था कि ईडी की मंशा कांग्रेस पदाधिकारी को प्रताड़ित करना है। प्रभारी महामंत्री कांग्रेस भवन निर्माण से संबंधित ईडी के सवालों का जवाब देने गए थे, फिर उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक संपत्ति का ब्योरा क्यों मांगा गया। ईडी को राजनीतिक दल के कार्यक्रमों के खर्चों एवं पार्टी दफ्तर के निर्माण का ब्योरा जानने का इतना ही शौक है, तो सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों? वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करें। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे नेताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। हमारे नेताओं के खिलाफ उनके पास कोई सबूत नहीं है। सिर्फ परेशान करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। हमारे पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी जेल में डाल दिया गया है। उनके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। अब तक पुलिस कुछ भी पेश नहीं कर पाई है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों की आवाज को कुचलने में जुटी है। सरकारी मशीनरियो का दुरुपयोग कर चुनाव जीत के बाद अपनी नाकामी छुपाने निम्न स्तर के कृत्यों का सहारा ले रही है। हम इस तरह के कृत्यों से डरने वाले नहीं हैं। हम मजबूत बनकर उभरेंगे जब हम अंग्रेजों से नहीं डरते थे, तो हम उनसे भाजपा से क्यों डरें। इस तरह के कृत्यों से पार्टी नेताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा। पीएम नरेंद्र मोदी विपक्ष को संसद के अंदर और बाहर अपनी आवाज नहीं उठाने दे रहे हैं। मोहन लालवानी, विजय देवांगन, आनंद पवार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ईडी को विपक्ष के लिए हथियार की तरह उपयोग करने का काम कर रही है। भाजपा के सरकार ने लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का कार्य किया है। देश के महाराष्ट्र मे नवाब मलिक, नारायण राणे का जमीन घोटाला, हिमंत बिस्वा शर्मा का असम में शारदा घोटाला, शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय का नारदा स्टिंग सहित अनेक बड़े.बड़े घोटालेबाज भाजपा के सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात बड़े.बड़े पदों में आसीन हैं। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन की तरह है जहां अपराधियों के शामिल होने के बाद वह सभी अपराध मुक्त हो जाते हैं। इस दौरान शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, ओंकार साहू विधायक धमतरी, मोहन लालवानी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, विजय देवांगन पूर्व महापौर, आनंद पवार पूर्व पीसीसी सचिव, सलीम रोकड़िया जिला कोषाध्यक्ष, कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, आकाश गोलछा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस शहर, डीहूराम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, नरेंद्र सोनवानी अध्यक्ष युवा कांग्रेस, हितेश गंगवीर अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस, वरिष्ठ नेता रामनाथ यादव, योगेश लाल, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, रामेश्वरी कोसरे, पारशमनी साहू, खिलेंद्र ध्रुव सदस्य जनपद सदस्य, राजेश ठाकुर, राजेश पांडये, प्रतिमा कोसरे पूर्व पार्षद, विक्रांत शर्मा पूर्व एलल्डरमेंन, जिला सचिव विक्रांत पवार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी, डाकूवर साहू, राकेश मौर्य, तोगू गुरुपच, भागी निषाद, अविनाश मरोठे, श्रवण साहू, अनूप नेताम, नमन बंजारे, भागी ध्रुव, दिनेश यादव, अमित बाघमारिया, यश दुबे, लेखराम साहू, श्याम देवांगन, अनिल यादव, अजय सिन्हा, वातंजलि गोस्वामी, सूरज पासवान, गणेश्वरी कांमड़े, लक्की साहू, अरविन्द साहू, राजू यादव, सुनील सिन्हा, श्रीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ेंगी चुनौतियां, नवाचारों के लिए रहें तैयार : एमडी कटियार

## अभियंता संघ के अधिवेशन में नई भर्ती, ओपीएस की पुरजोर उठी मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस के कटियार ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी और ऐसे में युवा अभियंताओं को नवाचार के लिए तैयार रहना होगा। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के एक दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं असाधारण सभा में मुख्य अतिथि कटियार में कहा कि टीम वर्क के बगैर हमारी सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती इसलिए हमें मिलकर चलना होगा। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि इंजीनियरों के अनुभव और युवा अभियंताओं की ऊर्जा के समन्वित प्रयास से हम अपनी प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडे, महासचिव मनोज वर्मा, कार्यक्रम संयोजक एच एन कोसरिया, कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश पांडे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कनिष्ठ स्तर पर नई भर्ती, अंतर कंपनी ट्रांसफर पर रोक समेत कई मांगे कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखी। महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि अधिवेशन की शुरुआत में अभियंताओं के प्रेरणा भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया एवं वरिष्ठ अभियंताओं पी एन सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, शरद श्रीवास्तव, मुकेश नाहर, संजय तैलंग, पी के खरे, सुनील विश्वास, राकेश शर्मा, अनिल व्यास, एस के बंजारा, प्रवीण श्रीवास्तव, विनय पांडेय, विनोद अग्रवाल, सी एम बाजपई, मोहम्मद शाहिद खान को अभियंता के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। अधिवेशन में ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के लिए अभियंताओं की भूमिका तथा दक्षता सुधार पर विशेष तौर पर चर्चा की गई। इस मौके पर बदलते ऊर्जा परिदृश्य और अभियंता संघ के प्रयासों पर केंद्रित स्मारिका ऊर्जा संदेश का विमोचन भी किया गया। इसका संपादन ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर फेडरेशन की पत्रिका के संपादक इंजीनियर विनय पांडेय ने किया है। अधिवेशन में प्रदेश भर के 400 से अधिक अभियंताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर विनय पांडेय एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर एच एन कोसरिया ने किया।

# प्रियदर्शिनी गद्दम एनएमडीसी बोर्ड में निदेशक (कार्मिक) के रूप में शामिल हुईं

पायनियर संवाददाता ◄ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रियदर्शिनी गद्दम ने एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। इस्पात मंत्रालय द्वारा उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूर्व वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) और कार्मिक प्रमुख के पद पर कार्यरत थीं। 1992 में अधिशासी प्रशिक्षु के रूप में एनएमडीसी में कार्यग्रहण के पश्चात वे निरंतर कंपनी में आगे बढ़ती रहीं और एक नेता के रूप में उभरीं, जिससे कि खनन उद्योग में महिलाओं के लिए नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त हुआ। अपने तीन दशकों से अधिक की लंबी सेवा के दौरान प्रियदर्शिनी ने एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करता है और एनएमडीसी में कर्मचारी कल्याण में उच्चतम मानक स्थापित करते हुए बेंचमार्क दिव्यांगजनों को एक समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कंपनी में औद्योगिक संबंध, भर्ती, चिकित्सा नीतियों और हितधारक प्रबंधन की प्रक्रियाओं और कार्यविधियों को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने सीपीएसई के वेतन संशोधन के अंतर्गत दूसरे वेतन संशोधन आयोग में एनएमडीसी का प्रतिनिधित्व किया है और तब से वेतन समझौतों में ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त किए हैं। प्रियदर्शिनी का नेतृत्व एनएमडीसी स्टील लिमिटेड में अग्रणी रहा, जहां उन्होंने आर एंड आर नीति को लागू किया, समुदाय के लिए कौशल विकास पहलों का समर्थन किया और एनएसएल में अग्निशमन विभाग, व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शीघ्रता के साथस्थापित किया, जिनमें से सभी ने कार्यबल की समग्र भलाई और सुरक्षा में योगदान दिया। वे उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद की पूर्व छात्रा रहीं हैं और उनके पास एलएलबी सहित सामाजिक कार्य (कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संपर्क) में स्नातकोत्तर डिग्री है। प्रियदर्शिनी के निदेशक (कार्मिक) होने पर एनएमडीसी उत्पादन का उच्चतर लक्ष्य स्थापित करने और उद्योग की सामूहिक संवृद्धि की ओर उन्मुख हो रहा है।

# ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने करे प्रबंध

## भिलाई-चरौदा महापौर ने बैठक में उच्चाधिकारियों को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय के महापौर कक्ष में एक आवश्यक बैठक आयोजित रही। जिसमें महापौर निर्मल कोसरे ने जल प्रदाय विभाग से संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी 40 वार्डो में आगामी गर्मी के दिनों में जल प्रदाय निर्बाध रूप से किया जाए इसके सारे प्रबंध आप लोगों के द्वारा पूर्व से किया जाना सुनिश्चित करें। कोसरे के द्वारा बैठक में कहा गया कि किसी भी वार्ड में कहीं भी पानी की चोरी करते पाए गए लोगों पर चालानी कार्यवाही करें और मोटर लगाकर पानी के प्रवाह को बाधित करने वालों के मोटर जब्त किये जाये। इस हेतु दल गठित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। ताकि किसी भी स्थान या वार्ड में जलापूर्ति संबंधी किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। बैठक में भिलाई-चरोदा निगम के एम.आई.सी. सदस्य मोहन साहू, निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चन्द थवानी, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता केहर मरकाम, समय पाल हरिश यादव, राजेश अचैया, शामिल रहे।

# कलेक्टर ने किया कोचवाय एवं सड़कपरसुली परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा एवं हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ हो गई है। 1 मार्च को हायर सेकेण्डरी की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोचवाय एवं सड़कपरसुली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर परीक्षा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और परीक्षार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत भी मौजूद थे। हायर सेकेण्डरी की हिन्दी पाठ्यक्रम की परीक्षा में कोचवाय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र में 86 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क परसुली परीक्षा केन्द्र में भी 49 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्र प्रभारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा के पेपर की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें और सुव्यवस्थित सुचारू परीक्षा का संचालन हो। कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। शिक्षक स्टॉफरूम में मोबाइल फोन जमा करेंगे। परीक्षा केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व शौचालय व्यवस्था की भी जानकारी ली।

# आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने दोषमुक्ति मामलों की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग की अध्यक्षता में कार्यालय के सभागार कक्ष में रेंज के उप संचालक अभियोजन एवं लोक अभियोजन अधिकारियों के साथ दोषमुक्ति मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों में दोषमुक्त हुए आरोपियों के मामलों का गहन विश्लेषण किया गया। इस दौरान विवेचना में होने वाली त्रुटियों को रोकने, भौतिक साक्ष्य एकत्र करने में सावधानी बरतने और अभियोजन की सफलता दर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में 'तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर प्रस्तुत करने के महत्व पर' विशेष चर्चा की गई, जिससे अभियोजन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसमें सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, साइबर फॉरेंसिक रिपोर्ट एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से संकलित कर कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

# स्वयं सहायता समूहः केंद्रित पीएनबी कृषि आउटरीच कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर द्वारा चार प्रमुख केन्द्रों (महासमुंद, कुकरेल, जायबेल, तिल्दई) में स्वयं सहायता समूह-केंद्रित पीएनबी कृषि आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम पीएनबी के प्रधान कार्यालय से विशेष रूप से पधारे एम परमशिवम्, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर आशीष चतुर्वेदी, अंचल प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के अवसर प्रदान करना है। जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे सके। आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज के अधीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (मोफपी) द्वारा शुरु की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना को खास तौर पर उपकरण, क्षमता निर्माण और आपूर्ति कड़ी दक्षता में सुधार हेतु वित्तीय सहायता के जरिये सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण का समर्थन करके उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है विकास को बढ़ावा देना, गुणवत्ता में सुधार लाना और छोटी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बाजार तक पहुंचना है। एम परमशिवम् ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयं सहायता समूह-केंद्रित पीएनबी कृषि आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से पात्र परियोजना लागत के 35त्न पर ऋण-सम्बद्ध पूंजी अनुदान, सूक्ष्म इकाइयों के विपणन और ब्रांडिंग के लिए सहयोग, एसएचजी, एफपीओ और उत्पादक सहकारी समितियों को सामान्य बुनियादी ढाँचे के लिए सहयोग और शुरुआती समर्थन, उद्यमों की क्षमता में वृद्धि और श्रमिकों के कौशल विकास के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सम्बन्धी सहायता प्रदान करना, सीजीटीएमएसई और नबसंरक्षण योजना के अधीन 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए ऋण गारंटी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि पीएनबी कृषि आउटरीच कार्यक्रम बैंक की कृषि संबंधी विशेष योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी जैसे स्वयं सहायता समूह, भूस्वामी योजना, ट्रैक्टर लोन, गोल्ड लोन, कोल्ड वेयर, कृषि अवसंरचना कोष, पीएमएफएमई आदि के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

## प्लेसमेंट कैम्प 06 मार्च को

**गरियाबंद**। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद द्वारा कार्यालय परिसर में निजी प्रतिष्ठान पैरी गंगा महाविद्यालय, मैनपुर एवं आर्यभट्ट कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कोपरा एवं अलर्ट सिक्योरिटी सर्विस फल मार्केट के पास लालपुर, रायपुर में सहायक प्राध्यापक (विषय-हिन्दी, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, प्राणिशास्त्र एवं कम्प्यूटर शिक्षक) सुरक्षा प्रहरी, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रानिक, सिक्योरिटी गार्ड, महिला सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, कारपेंटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त 200 पदों पर भर्ती के लिए गुरूवार 06 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान में रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठान में रोजगार के इच्छुक उक्त विषय में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं 8वीं 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण आवेदक अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची/प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर, गरियाबंद में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठायें।

# लाइनमेन का सहयोग व सम्मान करें ताकि बिजली व्यवधान के निदान में वे शांत मन से कार्य कर सकें : भीमसिंह

- लाइनमेन दिवस, 4 मार्च पर एमडी डिस्ट्रीब्यूशन का संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी एवं भारत सरकार के मार्गदर्शन में 4 मार्च, 2025 को मनाये जाने वाले पांचवे लाइनमेन दिवस के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने संदेश जारी किया है। उन्होंने बिजली लाइन पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों से यह अपील की है कि अपनी सुरक्षा का ध्यान रखे। वहीं उन्होंने आम जनता से अपील की है कि लाइनमेन साथियों के जोखिमपूर्ण कार्य तथा आपातकाल में उनकी सेवाओं का सम्मान करें। लाइनमेन दिवस पर जारी अपने संदेश में एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर ने कहा है कि लाइनमेन हमारी विद्युत प्रणाली में नींव की तरह काम करते हैं। जिसके ऊपर पूरी डिस्कॉम के कार्य की सफलता की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नियमित भर्ती, संविदा नियुक्ति तथा आउटसोर्सिंग आदि माध्यमों से लगभग 11 हजार कर्मी लाइनों पर काम कर रहे हैं, जो दिन-रात उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में योगदान देते है। भीमसिंह ने लाइन स्टॉफ तथा उनके परिवारजनों को उनके समर्पण तथा जोखिमपूर्ण सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि लाइन स्टॉफ चाहे सर्दी हो, गर्मी हो, बरसात हो, हर परिस्थिति में लाइन में जरा भी खराबी आने पर, चाहे वह तार टूटने की खराबी हो, वितरण ट्रांसफार्मर का डीओ जल जाने की खराबी हो या फिर सबस्टेशन में कोई दिक्कत आये, इन सबको ठीक करने में लगे रहते हैं। लाइनमेन का तात्पर्य हेल्पर आदि लाइन स्टाफ भी है। साथ ही लाइन में निकलने वाले एई, डीई व अन्य अधिकारी भी इसमें भूमिका निभाते है। भीमसिंह ने कनिष्ठ अभियंताओं, सहायक अभियंताओं एवं सभी स्तर के अधिकारियों से अपील की है कि लाइन अमले की सुरक्षा के बारे में समुचित मार्गदर्शन दें। वे सेफ्टी उपकरणों का इस्तेमाल करें व सेफ्टी जोन बना कर कार्य करने में मदद करे। लाइन स्टाफ यह ध्यान में रखे जब वे लाइन में काम कर रहे हो किसी भी प्रकार की चिंता व तनाव में न रहे। मन शांत रखें तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करते हुए लाइन में काम न करे। भीमसिंह ने 4 मार्च को लाइनमेन दिवस पर दिल्ली में प्रतिनिधित्व करने वाले छत्तीसगढ़ के लाइन स्टाफ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आम जनता तथा बिजली उपभोक्ताओं से यह अपील की है कि लाइन स्टाफ को फाल्ट पता करने और सुधारने में सहयोग करें। इस दौरान धैर्य का परिचय दें तथा लाइन स्टाफ के प्रति सम्मान व आभार व्यक्त करे।



## संपादकीय

# बढ़ता भाषाई तनाव भारत की बहुलवादी पहचान

स्कूली शिक्षा में तीन-भाषा के फॉर्मूले को लेकर चल रहे विवाद ने एक बार फिर से तीखी बहस छेड़ दी है। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में राजनीतिक नेतृत्व ने केंद्र की तीखी आलोचना की है। केंद्र सरकार ने राज्य पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। हालांकि, यह विवाद अलग-थलग नहीं है। यह कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब जैसे राज्यों में भी गूंज रहा है। इन राज्यों ने भाषा युद्ध में अपना-अपना अध्याय जोड़ दिया है। मौजूदा विवाद की जड़ें भारत में भाषा थोपने को लेकर लंबे समय से चल रहे ऐतिहासिक संघर्ष में हैं। तमिलनाडु में, अतीत के हिंदी विरोधी आंदोलनों की यादें अभी भी गूंज रही हैं। राज्य की सत्तारूढ़ डीएमके तीन-भाषा फॉर्मूले पर जोर देने को अपनी भाषाई पहचान को कमजोर करने का एक सूक्ष्म प्रयास मानती है। आलोचकों का तर्क है कि अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा के साथ हिंदी को प्राथमिकता देकर नीति अनजाने में स्थानीय भाषाओं को दरकिनार कर देती है। यह चिंता दक्षिणी राज्यों में गहराई से गूंजती है, जहां भाषाई विरासत समृद्ध है। जबकि कुछ लोग हिंदी को एकता की ताकत मानते हैं, वहीं कई लोग इसके प्रचार को क्षेत्रीय संस्कृतियों और पहचानों के लिए खतरा मानते हैं।

यह संघर्ष एक व्यापक पैटर्न का प्रतीक है, जहां राज्य कथित केंद्रीय अतिक्रमण के खिलाफ अपनी भाषाई पहचान को मुखर करने के लिए बाध्य महसूस करते हैं। स्टालिन और तमिलनाडु के अन्य नेताओं का तर्क है कि हृश्रक्क की भाषा नीति का कार्यान्वयन तमिल की प्रधानता को खत्म करने का एक छिपा हुआ प्रयास है। इसी तरह की भावनाएं अन्यत्र भी व्यक्त की गई हैं: तेलंगाना राज्य सरकार ने हाल ही में सभी स्कूलों में तेलुगु को अनिवार्य कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र अपनी मातृभाषा सीखें। ऐसा करके, तेलंगाना न केवल अपनी भाषाई विरासत को संरक्षित कर रहा है, बल्कि आसान समझ के लिए पाठ्यक्रम को सरल भी बना रहा है। यहां तक कि उत्तरी राज्य पंजाब में भी, 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए सीबीएसई स्कूलों में क्षेत्रीय भाषा पाठ्यक्रम से पंजाबी को हटाने से पंजाबियों में आक्रोश फैल गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल जैसे राजनीतिक हस्तियों ने इसे हमारी मातृभाषा पर हमला कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर देकर इन तनावों को कम करने का प्रयास किया है कि भाजपा हर भारतीय भाषा का सम्मान करती है और प्रत्येक भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा को दर्शाती है। उनका मानना है कि सभी भाषाई परंपराओं को समृद्ध बनाना और उन्हें अपनाना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। फिर भी, राय गहराई से विभाजित हैं। हिंदी थोपने का विवाद सिर्फ नीतिगत विवाद नहीं है - यह भारत में गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक धाराओं का प्रतिबिंब है। एमके स्टालिन का कथित भाषाई आधिपत्य के प्रति कड़ा प्रतिरोध उनके राज्य में व्यापक रूप से साझा किया जाता है। भाषा एक भावनात्मक मुद्दा है और अगर इसे ठीक से नहीं संभाला गया तो यह एक बड़े संकट का रूप ले सकता है। इसका सबसे अच्छा समाधान एक संतुलित, लचीला दृष्टिकोण है जो भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करता है। केवल सम्मानजनक संवाद, अनुकूलित नीतियों और विविधता के उत्सव के माध्यम से ही भारत इस जटिल भाषाई परिदृश्य को पार कर सकता है और वास्तव में समावेशी राष्ट्र की ओर बढ़ सकता है।



# मनोरंजन के गिरते मानक

**रनवीर इलाहाबादिया की टिप्पणियां घटते मनोरंजन मानकों के प्रति चिन्ता पैदा करते हैं। इससे तत्काल कठोर नियमन की आवश्यकता भी उजागर होती है।**


राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



संजय रैना के शो 'इंडियाज गाट टैलेंट' में 'कंटेट क्रिएटर' रनवीर इलाहाबादिया की हालिया विवादास्पद टिप्पणियों पर हंगामा मचा है। राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में इन टिप्पणियों की व्यापक निन्दा हुई है। इस प्रतिक्रिया की शुरुआत नेटीजनों द्वारा गुस्सा दिखाने से हुई और यह जल्द ही राष्ट्रव्यापी बहस का हिस्सा बन गई। राजनेताओं, महिला अधिकार संगठनों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसकी आलोचना की। शिवसेना के सांसद नरेश गणपत म्हास्के ने इस मामले को संसद में भी उठाया।

वरिष्ठ कलाकार रजा मुराद व गायक बी. पारक ने मनोरंजन की गिरती गुणवत्त पर निराशा व्यक्त करते हुए सवाल उठाया कि मजाक के नाम पर अश्लीलता की अनुमति कैसे दी जा सकती है। हालांकि, इलाहाबादिया की इस संदिग्ध मजाक को एक पुराने 'पश्चिमी' आनलाइन वीडियो से उठाया गया था। इससे न केवल डिजिटल विषयवस्तु में अश्लीलता व फूहड़पन, बल्कि मौलिकता की कमी का भी संकेत मिलता है। सोशल मीडिया ने तेजी से इस सवाल का संबंध 'ट्रुथ आर ड्रिंक' से जोड़ा जो आस्ट्रेलिया में समी वाल्श द्वारा आयोजित कामेडी शो था। मूल एपीसोड में वाल्श ने कामेडियन एलेन फैंग से ऐसा ही आश्चर्यजनक व काल्पनिक सवाल किया था।

रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी से संबंधित विवाद एक महत्वपूर्ण संवैधानिक बहस भी सामने लाती है-क्या हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा 'कंटेट क्रिएशन' में जिम्मेदारी के बीच विभाजक रेखा खींचनी चाहिए? भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19-1ए 'भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के मूलाधिकार की गारंटी करता है, पर यह अनुच्छेद 19-2 के अंतर्गत इस पर तार्किक नियंत्रण लगाने की अनुमति भी देता है जिसमें सार्वजनिक सभ्यता व नैतिकता शामिल हैं। अत: मूलभूत दायित्वों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पैदा करने के लिए अब केवल मूलाधिकारों को लागू करने की पैरवी से ध्यान हटाना जरूरी हो गया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51ए उन दायित्वों का उल्लेख करता है जिनका पालन नागरिकों को महिलाओं की गरिमा, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के सम्मान तथा वैज्ञानिक सोच व मानववाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए करना चाहिए। वर्तमान डिजिटल युग में जहां 'कंटेट क्रिएशन' की असाधारण शक्ति है, वही सोशल मीडिया 'इन्फ्लूएंसरों' को इन जिम्मेदारियों के प्रति अवश्य ही ज्यादा जागरूक होना चाहिए।

हालिया घटना अतीत की ऐसी अनेक घटनाओं में शामिल है, हालांकि कोई इतनी आश्चर्यजनक नहीं थी। इससे परेशान करने वाले सांस्कृतिक पतन का संकेत मिलता है। लगातार मुनाफा व लोकप्रियता बटोरने के प्रयासों ने जिम्मेदार संप्रेषण की मूल भावना को पीछे छोड़ दिया है। केवल टीआरपी बटोरने की पश्चिमी प्रवृत्तियों के कारण न केवल सामाजिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है, बल्कि इन्फ्लूएंसर अवांछित परिणामों का कारण भी बन रहे हैं। डिजिटल स्पेस में सभ्यता और सांस्कृतिक निष्ठा का सम्मान करना न केवल एक नैतिक जिम्मेदारी, बल्कि हमारे देश की मूल भावना बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। इस चर्चा में कलाकारों के दायित्व के ऐतिहासिक संदर्भ भी सामने आते हैं। इनको नाटक और प्रदर्शन पर प्राचीन भारतीय त्रयी 'नाट्यशास्त्र' में समाहित किया गया है। महर्षि भरत द्वारा ईसापूर्व 200 से 200 ईस्वी तक लिखित 'नाट्यशास्त्र' को भारतीय प्रदर्शन कलाओं का मुख्य स्तंभ माना जाता है।

नैतिक कथावाचन की पैरवी करते हुए इसमें प्रदर्शनों में अनुशासन, विनम्रता तथा सांस्कृतिक निष्ठा पर जोर दिया गया है। इस ग्रंथ में धमंड तथा अभिनय क्षमता के दुरुपयोग के खिलाफचेतावनी देते हुए कला की सामाजिक विकास तथा नैतिक शिक्षा में भूमिका भी रेखांकित की गई है। यदि 'कंटेट क्रिएटर' इस 'नाट्यशास्त्र' के नियमों का पालन करें तो वे अपने मंचों की शक्ति का अनुभव करते हुए अपनी अभिव्यक्तियों में संतुलन बरतेंगे। ऐतिहासिक रूप से भारत में सजीव प्रदर्शनों की जीवन्त परंपरा रही है जिसमें 'बहुरूपियों' के माध्यम से व्यंग्य भी शामिल है।

सड़कों पर सार्वजनिक प्रदर्शन करने वाला यह समुदाय अपने दर्शकों को 'मिमिक्री', 'कथावाचन' तथा 'राजनीतिक व्यंग्य' से आनन्दित करता रहा है। वर्तमान समय के डिजिटल कामेडियनों के उलट 'बहुरूपिये' नैतिक कथावाचन के मानकों का पालन करते हुए यह सुनिश्चित करते थे कि उनका व्यंग्य विनाशकारी न होकर सामाजिक रूप से रचनात्मक बना रहे। उस युग में भावनायें आहत करने पर कठोर दंड मिलता था, लेकिन इसके बावजूद वे अपने कौशल से जिम्मेदार व्यंग्य को विचारोत्तेजक बनाने में सफल होते थे। 'बहुरूपिया' शब्द संस्कृति के 'बहु' यानी अनेक 'रूप' यानी स्वरूपों से मिल कर बना है।

परंपरागत रूप से प्रभाव डालने वाले इन लोगों में अनेक प्रकार की पहचान बनाने और अपनी कला के माध्यम से उनको अभिव्यक्त करने की क्षमता होती थी। इस कला के लिए गहरी सांस्कृतिक समझदारी जरूरी होती थी। प्रख्यात गुजराती इतिहास साहित्यकार धीरूभाई ठक्कर बहुरूपिये जैसे लोक कलाकारों का महत्व रेखांकित करते हुए बताते हैं कि 'बहुरूपिया परंपरा इस बात का प्रमाण थी कि कैसे व्यंग्य को जिम्मेदारी से जोड़ा जाए और वह मनोरंजन के साथ ज्ञान प्रदान करने वाला भी बने।'

डिजिटल विषयवस्तु के संबंध में बढ़ते विवादों को देखते हुए एक ढांचागत नैतिक संरचना तैयार करनी जरूरी है जिसमें रचनात्मक स्वतंत्रता को नैतिक दायित्व से जोड़ा गया हो। भारतीय ज्ञान परंपराओं ने लंबे समय से एक द्विआयामी दृष्टिकोण पर जोर दिया है जिसमें से पहला रचनाकारों और दूसरा उपभोक्ताओं के लिए है। शैव दर्शन में नए अर्थ जोड़ने वाले आध्यात्मिक गुरु अभिनवगुप्त के दर्शन को 1000 साल बाद कश्मीर शैववाद के रूप में लोकप्रियता मिली थी। अभिनवगुप्त ने 'नट' यानी प्रदर्शनकर्ता तथा 'रसिक' यानी दर्शकों में अंतर किया था। इसी प्रकार डिजिटल क्रिएटरों को नैतिक संप्रेषण में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जहां दर्शकों को अंतर समझने की शक्ति विकसित करनी चाहिए।

अपनी पहुंच को देखते हुए सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसरों को ढांचागत मूल्य प्रशिक्षण देना भी जरूरी है ताकि वे परंपरागत कलाकारों की तरह एक आत्म-नियामक संस्था से जुड़ सकें जो उनकी विषयवस्तु की निगरानी करे। यूट्यूब व इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों के लिए सामुदायिक दिशानिर्देश मजबूत करने चाहिए जो भारतीय सांस्कृतिक व विधिक मानकों के अनुकूल हों तथा हानिकारक विषयवस्तु पर नियंत्रण लगा सकें। इसके साथ ही कलाकारों को निर्देशित करने वाली 'नाट्यशास्त्र' की भूमिका के अनुसार सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए जो दंडात्मक उपायों से आगे जा कर जिम्मेदार डिजिटल सामग्री उपभोग को प्रोत्साहित कर सकें।

1885 में प्रकाशित 'आन लिबर्टी' में जान स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता की नैतिक सीमाओं पर जोर देते हुए कहा था कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को वहां तक सीमित किया जाना चाहिए जहां वे दूसरों को बाधित न करे। उन्होंने कहा था, 'व्यक्ति की स्वतंत्रता इस प्रकार सीमित की जानी चाहिए कि वह स्वयं ऐसा काम न करे जो दूसरों के लिए परेशानी का कारण बने।'

रणवीर इलाहाबादिया संबंधी विवाद कोई अलग-थलग घटना न होकर एक व्यापक सामाजिक मुद्दे-नैतिक मनोरंजन में धीरे-धीरे गिरावट, का प्रकटीकरण है। अत: चुनौती केवल सोशल मीडिया पर नियमन की न होकर सचेतन 'कंटेट क्रिएशन' व उसके उपभोग की संस्कृति विकसित करने की भी है।

# डोनाल्ड ट्रंप का वैश्विक दांव

> "राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्थापित वैश्विक विश्व व्यवस्था के हर पहलू को बदल रहे हैं।"


कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

लगभग एक महीने पहले नए अमेरिकी राष्ट्रपति के पदभार ग्रहण करने के बाद से दुनिया में बहुत बड़ा बदलाव आया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्थापित वैश्विक विश्व व्यवस्था के हर पहलू को बदल रहे हैं।

एक महीने पहले जो अकल्पनीय था, वह इस सप्ताह वास्तविकता बन गया है! तथ्य यह है कि, जहां तक यूक्रेन का सवाल है, अमेरिका और रूस लगभग एक ही पृष्ठ पर हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप में चल रहे युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का आह्वान किया है और अगर बातचीत की शर्तें उनके विश्वदृष्टिकोण के अनुकूल हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अपने घरेलू राजनीतिक निर्वाचन क्षेत्र को बेच सकते हैं, तो वे बातचीत करने और यहां तक कि मास्को की यात्रा करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन युद्ध को जल्दी समाप्त करना कई देशों के लिए एक वरदान हो सकता है, खासकर वैश्विक दक्षिण में, जो उच्च मुद्रास्फीति और आर्थिक पतन का सामना कर रहे हैं।

हालांकि, जिस तरह से अमेरिका ने यूक्रेन पर काम किया, रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत करके, यूरोप को बातचीत से बाहर रखा और अमेरिका से प्राप्त अरबों डॉलर की सैन्य सहायता के बजाय यूक्रेन के लिए आर्थिक खंड निर्धारित किए, उसने वैश्विक समुदाय को चौंका दिया है।

अरबपति एलन मस्क और वीपी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी टीम ए ने यूरोप और यूके आदि को कमजोर राष्ट्र बताते हुए अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखा है, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से उनकी अर्थव्यवस्था का अधिकांश हिस्सा अमेरिका द्वारा वित्तपोषित है। इसने पूरे यूरोप में सदमे की लहरें भेजी हैं, जहां दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के लिए नए जोश का संचार हुआ है, जो लोकतांत्रिक चुनावों में राजनीतिक वैधता प्राप्त कर रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन द्वारा दक्षिणपंथी झुकाव वाले दलों को खुला समर्थन दिया जा रहा है, जिसका अर्थ है कि केंद्र की वामपंथी राजनीतिक ताकतें और लगभग तीन दशकों से कथानक पर हावी रहने वाले लोग गर्मी का सामना कर रहे हैं। कई विश्लेषक और नीतिगत पर्यवेक्षक बताते हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिका के लिए संभावित खतरों को बेअसर करने के लिए पारंपरिक सर्जिकल स्ट्राइक में शामिल होने के बजाय बातचीत की मेज पर शॉक एंड अवे परिदृश्य बनाने में विश्वास करते हैं। यह एक स्मार्ट सामरिक कदम हो सकता है, जो अन्य दलों को कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका द्वारा सौ अस्सी डिग्री मोड़ के साथ अमेरिकी क्रोध को दरकिनार करने के लिए आउट-ऑफ-द-बॉक्स विचारों के साथ आने के लिए मजबूर कर सकता है।

यह विघटनकारी है और 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक हो सकती है, जहां वैश्विक शक्ति समीकरणों की फिर से कल्पना की जा रही है। यह हमें वापस उस ओर ले जाता है कि कैसे भारत, एक दशक से अधिक समय से एक मजबूत एनडीए सरकार के साथ, खुद को इस उलझन में पाता है।



राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्घाटन के बाद प्रधान मंत्री मोदी व्हाइट हाउस के पहले आगंतुकों में से एक थे, ताकि दोनों सज्जनों के बीच पुरानी और पोषित दोस्ती को पुनर्जीवित और याद दिलाया जा सके, साथ ही यह आश्वस्त करने की कोशिश की जा सके कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करेगा और इसे एक अलग स्तर पर ले जाएगा।

भारत ने अमेरिका से अधिक तेल और रक्षा उपकरण खरीदने पर सहमति व्यक्त की, जबकि इसका मतलब यह भी होगा कि इसका मतलब लंबे समय से सहयोगी रूस से कम खरीदना होगा। हालांकि, अमेरिका और रूस के संबंध लगभग एक रीसेट के कगार पर हैं, यदि कुछ नहीं, तो कम से कम इसने नई विश्व व्यवस्था की ठंडी भट्टियों में फिर से आग सुलगा दी है।

## आप की बात

### ममता का दावा

पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधान सभा के चुनावों की तैयारी तृणमूल प्रमुख व सीएम ममता बनर्जी ने अभी से आरम्भ कर दी है तथा दावा किया है कि 294 सीटों में से 215 से अधिक सीटें ही जीती नहीं जाएंगी बल्कि भाजपा के उम्मीदवारों की जमानतें भी जब्त होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2021 में भाजपा ने नारा दिया था कि इस बार 200 पार जो 77 पर आकर सिमट गई। 2024 में लोक सभा में 400 पार का दावा किया था और बहुमत भी नहीं पा सकी। अभी से चुनावी तैयारियों में जुटीं ममताजी कहीं भाजपा के कमल की बढ़ती खुशबू से तो विचलित नहीं हो गई हैं. क्योंकि केंद्र के साथ ही 21 राज्यों में स्थापित भाजपा ने दिल्ली में मजबूती से जमी आप के केजरीवाल की सरकार एकदम ताश के पत्तों की तरह ढहा दी। उधर मोदी सरकार को हटाने वाले बहुतेरे संगठनों के गठन से बने महागठबंधन एक जुट होने की बजाय तेजी से तीतर-बितर होते जा रहे हैं. यह सब देखकर कहीं ममता सरकार बजाय पार्टियों को एकत्रित करके एक सूत्र में बांधने के प्रयास न करते हुए खुद ही रेवड़ी का सहारा लेकर कोई नया खेला खेलना चाह रही है। क्योंकि मुफ्त रेवड़ियां ही आजकल राजनीतिक पार्टियों की जीवन रेखा बनती जा रही है।

– शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

### पाक का कश्मीर राग

किसी भी वैश्विक मंच पर राग कश्मीर गाकर झूठ फैलाना पाकिस्तान का स्थाई शगल बन चुका है। भारत इसका मुंहतोड़ जवाब देकर उसके झूठ को बेनकाब करता आया है । इस बार भी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58 वे सत्र में भारत ने पाकिस्तानी झूठ के बारे में जो तल्ख टिप्पणी की है वह काबिले तारीफ है। भारतीय डिप्लोमेट क्षीतिज त्यागी ने पाकिस्तान को एक 'नाकाम देश' बताया जो सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मदद के भरोसे टिका हुआ है तथा पाकिस्तानी नेतृत्व पर सेना की ओर से आगे बढ़ाए जाने कश्मीर और भारत पर झूठ को फैला रहा है। वह ओआईसी जैसे मंचों का मजाक बना रहे हैं वे उसे मुखपत्र की तरह इस्तेमाल कर इसका दुरुपयोग कर रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के क़ानून मंत्री आज़म नज़ीर तरार ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।भारतीय प्रतिनिधी ने सही कहा कि पाकिस्तान को भारत के बारे में ज्यादा सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत ने पुनः दृढता से कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा से भारत के अभिन्न अंग थे और आगे भी रहेंगे। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ सालों में जो अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की हुई है वो अपनी कहानी खुद कह रहे हैं।

– विमलेश पगारिया, बदनावर, मप्र

### अमेरिका फर्स्ट या धन फर्स्ट

अमेरिका, जो युगों से समता, स्वाधीनता और संभावनाओं का पावन तीर्थ रहा है, आज एक ऐसे संकटमय दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके मूलभूत मूल्य और आदर्श संदेह के कटघरे में हैं। डोनाल्ड ट्रंप की यह नई रणनीति—जिसमें 50 लाख डॉलर के निवेश के बदले विदेशी धन-कुबेरों को नागरिकता का स्वर्णिम पासपोर्ट थमाया जा रहा है—महज एक आर्थिक कदम नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे पर करारा आघात है, जो अमेरिका की आत्मा का आधार रहा है। यह नीति आर्थिक उन्नति और विदेशी धन को लुभाने का हथियार प्रतीत हो सकती है, पर यह असमानता की खाई को और गहरा रही है जहां धनाढ्यों के लिए नागरिकता एक चमकता पुरस्कार बन गई है, वहीं मेहनतकश जन का अमेरिकी सपना कुहासे में और अधिक गुम हो गया है। ईबी-5 वीजा, जो कभी 5 लाख डॉलर के निवेश पर टिका था, अब 50 लाख डॉलर की ऊंची छलांग लगा चुका है। यह परिवर्तन चीख-चीखकर घोषणा करता है कि अमेरिकी नीति अब परिश्रम और प्रतिभा को ताक पर रखकर धन-संपदा को सर्वोच्च आसन पर बिठा रही है। विदेशी पूंजी से अर्थव्यवस्था में उफान आएगा, रोजगार के द्वार खुलेंगे, और बाजार की नींव मजबूत होगीमगर असली सवाल यह है कि इसकी मलाई कौन चखेगा? क्या यह योजना अमेरिकी नागरिकों और प्रवासियों के बीच असमानता की खाई नहीं खोद देगी?

– आरके जैन, बड़वानी, मप्र

### बढ़ती बीमारियां

देश में लोग कैंसर, मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियों की जकड़ में है।तेजी से बढ़ रही इन बिमारियों की मुख्य वजह अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, अनुचित आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी है। जंक फूड अत्यधिक मीठे और वसायुक्त भोजन से असाध्य बिमारियां पनप रही है। इससे मोटापे और मधुमेह को बढ़ावा मिल रहा है।फास्ट फूड और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की आदत ने ताजे और संतुलित आहार को भुला सा दिया है जो शरीर के लिए हानिकारक हैं। मोटापे की समस्या न केवल मधुमेह बल्कि हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी अन्य गंभीर बीमारियों को भी जन्म देती है। तंबाकू और शराब की वजह से ही कैंसर जैसी घातक बीमारी का खतरा बढ़ता है।धूम्रपान और शराब के निरंतर सेवन से फेफड़ें, लीवर और गले का कैंसर हो रहा है।लोग अज्ञानतावश इन चीजों का अंधाधुंध उपयोग करते रहते है जब तक बिमारियों का पता चलता है बहुत देर हो चुकी होती है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के साथ ही ताजे फल, हरी सब्जियां, कम वसा वाला भोजन और नियमित व्यायाम से न केवल शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

– अमृतलाल मारू, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 9.24 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,712 स्वास्थ्य दल द्वारा घर घर जाकर खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाओं की खुराक

## 84 फाइलेरिया मरीज और 100 हाइड्रोसिल रोगियों को किया गया चिन्हित





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के निर्देशानुसार भारत सरकार कें द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश के सभी प्रदेशो कों फाईलेरिया मुक्त किये जानें हेतु लक्ष्य रखा गया है। फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान 27 फरवरी से 2 मार्च 2025 को बुथ में तथा 3 से 10 मार्च 2025 को घर-घर भ्रमण द्वारा एवं 11 से 13 मार्च 2025 तक मॉप-अप राउण्ड में (सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम) सम्पादित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी द्वारा स्वामी आत्मानंद बालक उच्च. मा. विद्यालय बालोद में बच्चों कों अपनें सामनें दवाई खिलाकर किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पार्षद दीपक लोढा, सीएमएचओ डॉ.एमके सूर्यवंशी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.जीआर रावटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ. संजीव ग्लेड, जिला कार्यकम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, प्राचार्य अरूण कुमार साहू, सहायक नोडल अधिकारी आरके सोनबोईर, जिला सलाहकार डॉ. सुर्यकांत साहू, जिला सलाहकार डॉ अरविंद मिश्रा, समस्त सुपरवाईजर, एएनएम, एवं पीसीआई दीपक सिंह, उपस्थित थे। फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि, फाइलेरिया रोग की गंभीरता को मीडिया सहयोगियों के माध्यम से जन-समुदाय में अधिक से अधिक प्रचारित किया जा सके जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के बारे में सही और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करके इस रोग से स्वयं और अपने परिवार को बचा सकें।

### इन दवाओ का कोई विपरीत प्रभाव नहीं हैं : सीएमएचओ

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. एमके सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 9 लाख 24 हजार 348 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुथ में और घर-घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी। दवाओं का वितरण बिलकुल भी नहीं किया जायेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाये नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओ का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, परंतु और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो कि इन दवाओ के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते है, परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हे तुरंत उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है।

### घर घर जाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकम प्रबंधक अखिलेश शर्मा ने बताया की जिले में अब तक पुरानें 82 और इस साल 2 कुल 84 फाइलेरिया मरीज और 68 पुरानें एवं 32 इस साल कुल 100 हाइड्रोसिल रोगियों को चिन्हित किया गया है। जिसमें सें इस साल 47 हाइड्रोसिल ऑपरेशन किया जा चुका है। और इस सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में जिले 9 लाख 24 हजार 348 लक्षित लाभार्थियों को 1 हजार 712 स्वास्थ्यदल के माध्यम से बूथ 27 फरवरी से 2 मार्च 2025 (4 दिवस) एवं 3 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 (8 दिवस) तक घर घर जाकर इन दवाओ का सेवन कराया जाएगा एवं माप-अप चक्र 11 मार्च 2025 से 13 मार्च 2025 (3 दिवस) तक छुटे हुये लोगों को दवाई सेवना कराया जाना है। इस अवसर पर जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शाला की शिक्षिका श्वेता वर्मा ने बच्चों को दिया नेवता भोज



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना न्योता भोज के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में आज दिन शनिवार को नेवता भोज का आयोजन शाला की शिक्षिका श्वेता वर्मा द्वारा किया गया। शिक्षिका ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा केला, लड्डू और समोसा खिलाया। बच्चों ने उनके जन्म दिवस पर अपने अध्यापन कक्षाओं क़ी सजावट कर आरती और तिलक कर शिक्षिका को पूरे शाला परिवार क़ी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया। शिक्षिका के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने शिक्षिका श्वेता वर्मा को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त कर कहा कि इस प्रकार से अपनी खुशी को बच्चों के साथ साझा करना बहुत ही सराहनीय है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को समय समय पर बच्चों को अलग अलग प्रकार का भोजन प्राप्त होता है और शाला आने में उनकी रुचि भी बढ़ती है। शाला के बच्चों के लिए इस तरह का आयोजन कोई भी व्यक्ति कर सकता है। उक्त आयोजन में श्वेता वर्मा, वीणा रावटे, आशुतोष चौबे, मैमुना सुल्ताना, सुंदर ठाकुर, पुष्पा साहू, महेशिया, खेमा, सुनीता, रमौतीन एवं शाला के बच्चे उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में लक्ष्य से काफी दूर

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana
कबीरधाम

## जारी विज्ञापन के बावजूद भर्ती नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बे हाल है। स्थानीय चुनाव संपन्न होने के बाद जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने निर्माण कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लिया जिससे पता चला कि जिले में मात्र 11 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हुआ है मतलब नवासी फीसदी कार्य अधूरा है जिसका मुख्य वजह है कि उधारी के कर्मचारी। उधारी और जुगाड के कर्मचारी कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। आवास कार्य को पूर्ण करने के कर्मचारियों की भर्ती करने 25 सितंबर 24 को विज्ञापन जारी किया था लेकिन उक्त विज्ञापन में आवेदित पद पर आजतक दिनांक तक भर्ती नहीं हो पाया है जो तरह तरह की शंकाओं को जन्म देता हैं साथ ही आवेदन किए गए पत्र बेरोजगारों से खिड़वाल भी माना जा रहा है।

### सितंबर में जारी हुआ था भर्ती के लिए विज्ञापन

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत तकनीकी सहायक सहित अन्य कर्मचारियों के लिए जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा विज्ञापन क्रमांक 4519/ प्रमआयों-ग्रा /जी. पं./2024 25.09.2024 जारी किया था। प्राप्त आवेदन पर पात्र /अपात्र सूची जारी कर 05.11.2024 तक दावा आपत्ति मंगाया गया था। दावा आपत्ति पश्चात 1:20 कौशल परीक्षा हेतु 15.11.2024 परीक्षार्थियों का सूची जारी कर 20.11.2024 को परीक्षा आयोजित किया गया । प्राप्त अंक के अनुसार 27.11.2024 को साक्षात्कार आयोजित किया गया। 03 दिसंबर 2024 को मैरिड सह चयन सूची को कबीरधाम जिले बेबसाइड में अपलोड किया गया लेकिन आजतक किसी भी चयनित अभ्यर्थियों को कार्यादेश जारी नहीं किया है। आखिर इसके पीछे किसका संरक्षण या राज छुपा है। यह जांच का विषय बनता है।

### जिले में आवास निर्माण लक्ष्य से काफी दूर

कबीरधाम जिला प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के साथ ही विभागीय मंत्री का निर्वाचन क्षेत्र भी है बावजूद जिम्मेदार अधिकारियो के इस तरह का कार्यशैली से कबीरधाम जिले के साथ विधानसभा अध्यक्ष और विभागीय मंत्री की छवि को घूमिल करने का प्रयास किया जाना उचित नहीं है। जो काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ईडी भाजपा सरकार का कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री के द्वारा बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराने के बाद भी घंटो तक ईडी कार्यालय मे बैठाए रखने लगातार भाजपा के द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओ को प्रताड़ित करने के विरोध मे आज पूर्व विधायक एवं कार्यवाहक जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व मे ईडी और भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओ ने ईडी के कार्यवाही का विरोध करते हुए कहा कि प्रदेश काग्रेस महामंत्री को कांग्रेस भवन निर्माण कार्यो की जानकारी देने के लिए बुलाया गया था लेकिन पूछताछ के दौरान ईडी ने उनसे व्यक्तिगत और पारिवारिक संपत्ति से जुड़ी जानकारी मांगी जा रही थी जो कि गलत है, ईडी भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओ को परेशान कर रही है। पुतला दहन के दौरान ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन मे आशीष छाबड़ा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कांग्रेस कमेटी, शकुंतला मंगत साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, टी आर जनार्दन, शशि प्रभा गायकवाड जिला पंचायत सदस्य, बाल कुमारी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, हरीश साहू जिला पंचायत सदस्य, ललित विश्वकर्मा प्रभारी जिला महामंत्री, जोगेंद्र छाबड़ा मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रीता पांडे, राजू साहू अध्यक्ष एनएसयूआई, सुनील नामदेव, मिथलेश वर्मा, रवि रजक, जयागंगासागर सोनी, प्रकाश ठाकुर, भीखम साहू दयासिंह वर्मा, रवि गुप्ता, नारायण छाबड़ा, प्रशांत तिवारी, शत्रुघ्न साहू, रूबी सलूजा, सिद्धांत दीवान, प्रतीक दुबे, राघवेंद्र मनु, गौरव छाबड़ा, देव गर्ग, सूरज कोशले, प्रांजल तिवारी राहुल जोशी, उत्कल गायकवाड, जगरू मिर्जा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी के अनुवांशिक संगठन के रुप मे कार्य कर रही है, हमारे पार्टी और कार्यकर्ताओ को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी दलों को बदनाम करना चाहती है। भाजपा इतनी डरी हुई है कि कांग्रेस नेताओ के घर तक की टोह ली जा रही है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रायपुर निवास मे दंतेवाड़ा से पुलिस फोर्स मंगाकर रेकी कराई जा रही है, कांग्रेस इस तरह की कार्यवाही से डरने वाली नही है। हम सदन से लेकर सड़क तक इस तरह की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही का विरोध करेगें।

# कार्यकर्ता परेशानः मासिक बैठक सेक्टर के बजाए परियोजना मुख्यालय में

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल के सेक्टर मुख्यालय दलदली का क्षेत्र पहाड़ी और जंगली है जहां पर 34 आंगनवाड़ी केंद्र है। सेक्टर पर्यवेक्षक उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश को आंगनवाड़ी केंद्रों में क्रियान्वयन करने और केंद्र की जानकारी को एकत्रित कर उच्च कार्यालय को अवगत कराने के लिए प्रतिमाह मासिक बैठक आयोजित करती हैं। उक्त आयोजन को सेक्टर मुख्यालय या कार्यकर्ताओं को सुविधा की दृष्टि से स्थल चयन कर किया जाता हैं लेकिन पर्यवेक्षक की मनमानी के चलते अपनी सुविधा का ख्याल रखते हुए परियोजना मुख्यालय तरेगांव में रखती हैं। उक्त जानकारी पर्यवेक्षक के वास्तविक दौरा कार्यक्रम से मिली है।

### कार्यकर्ताओं को बैठक के लिए 90 किलोमीटर की सफर

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्र संचालन से संबंधित जानकारी और केंद्र की गतिविधियों को एकत्रित कर उच्च कार्यालय को प्रेषित करने के लिए माह के अंतिम सप्ताह में मासिक बैठक आयोजित किया जाता हैं जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तरेगांव आना पड़ता हैं जो दलदली से काफी दूर हैं और फिर तरेगांव जाना पड़ता हैं। पर्यवेक्षक के वास्तविक दौरा के अनुसार दलदली से हड़ही 30 किलोमीटर, बाघमुड़ा 27 किलोमीटर, कोइलरी 25 किलोमीटर, चेंद्रदादर 28 किलोमीटर पंडरीपानी 20 किलोमीटर, धनवाही 30 किलोमीटर है फिर लगभग 15 किलोमीटर तरेगांव मतलब धनवाही के कार्यकर्ता को आने जाने का 90 किलोमीटर, हड़ही के कार्यकर्ता को भी 90 किलोमीटर का जंगल-पहाड़ की सफर तय करना पड़ता हैं। ऐसा नहीं कि यह मासिक बैठक अलग-अलग स्थान पर आयोजित हो बल्कि 29 मई, 27 जून, 29 जुलाई, 7 नवंबर, 7 दिसंबर 2024 सहित अन्य तिथियों को प्रतिमाह आयोजित किया गया था।

### दौरा में हेराफेरी की आशंका

सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी अनुसार सेक्टर दलदली के पर्यवेक्षक द्वारा प्रस्तुत अग्रिम और वास्तविक दौरा में काफी अंतर दिखाई देता हैं। पर्यवेक्षक द्वारा महीना भर का अग्रिम दौरा कार्यक्रम से संबंधित जानकारी तिथि वार कार्यालय में जमा करना होता है जिससे उच्चाधिकारी को जानकारी रहता है कि अधीनस्थ सेक्टर पर्यवेक्षक कहां पर ड्यूटी में तैनात है लेकिन दलदली के पर्यवेक्षक द्वारा जमा अग्रिम दौरा कार्यक्रम माह मई, जून, जुलाई सहित एक भी तिथि को अग्रिम और वास्तविक दौरा में उपस्थित नहीं हुई है। सभी तिथि अलग अलग है जिससे साबित होता हैं कि उक्त दौरा कार्यक्रम फर्जी तरीके से तैयार किया गया है।

### भत्ता लेने दूरी में गड़बड़ी

सेक्टर पर्यवेक्षक दलदली द्वारा प्रतिमाह केंद्र निरीक्षण के लिए की गई दौरा में अलग अलग दूरी अंकित किया गया है साथ ही एक ही गांव के अलग अलग केंद्रों में अलग अलग दिन का दौरा प्रदर्शित किया है। कुकरापानी में दो आंगनवाड़ी केंद्र है जहां पर दिसंबर माह में केंद्र क्रमांक 01 में 13 दिसंबर को और केंद्र क्रमांक 02 में 11 दिसंबर को दौरा में गई थी। केंद्र क्रमांक 02 का दूरी 26 किमी और केंद्र क्रमांक 01 का 22 किमी, 08 अक्टूबर को कुकरापानी केंद्र क्रमांक 01 को 20 किलोमीटर, 09 सितंबर को कुकरापानी केंद्र क्रमांक 02 को 23 किमी की वास्तविक दौरा में अंकित किया है। इसी प्रकार 27 जून को समीक्षा बैठक में कवर्धा का दूरी 60 किमी, 20 जुलाई को 67 किमी, 28 अगस्त को 65 किमी, 20 नवंबर को 75 किमी अंकित किया है। अपने पर्यवेक्षीय कार्य हेतु केंद्र निरीक्षण में वास्तविक दौरा में प्रतिमाह अलग अलग दूरी तय करना अंकित किया है। सबसे गौर करने वाली बात यह है कि सारे दौरा कार्यक्रम स्कूटी से की है ये अंकित किया है जबकि कवर्धा बैठक में परियोजना कार्यालय को आबंटित सरकारी वाहन से आना जाना होता हैं।

### जांच की आवश्यकता

सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा प्रस्तुत किया गया वास्तविक दौरा और दौरा के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में लिखे गए निरीक्षण ट्रिप की मिलान करने से भारी गड़बड़ी मिलने की संभावना है। पर्यवेक्षक स्वयं मुख्यालय से दूर निवास करती है और स्कूटी में दौरा करती है यह केवल कागज़ी घोड़ा दिखाई देता हैं। यदि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अग्रिम वास्तविक दौरा और अंकित किए गए दूरी की जांच करने से भारी मात्रा में गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके लिए उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच करा कर कार्यवाही करने की जरूरत है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों का विभिन्न स्थानों का किया शैक्षिक दौरा




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने पीएमश्री गतिविधियों के अंतर्गत एक शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में उन्हें प्रतिष्ठित मानव तीर्थ संस्थान और बांस फैक्ट्री का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ। मानव तीर्थ संस्थान में छात्रों ने प्रकृति और कृषि की विविधता को नजदीकी से देखा। यहां 52 प्रकार की सब्जियां, 15 प्रकार के फल और 250 किस्म के फूल उगाए जाते हैं, जिनमें 10 प्रकार के हिबिस्कस फूल शामिल हैं। इसके अलावा, यहां एक गौशाला भी है जहाँ राठी और गिर प्रजाति की गायों से प्रतिदिन 80 से 100 लीटर दूध उत्पादन होता है, जिसका उपयोग संस्थान के निवासियों द्वारा किया जाता है। यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा ही इन गायों से दूध निकाला जाता है। इस संस्थान में एक साधना कुटी भी है, जहां से शिवनाथ और खारून नदियों का संगम और प्राचीन शिवनाथ मंदिर का दृश्य अत्यंत मनमोहक दिखाई देता है। इस मंदिर का दौरा छात्रों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हुआ। संस्थान में अपनी सेवा देने वाले जय किशन अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष इस संस्थान में दो बार युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिलती है। संस्थान में अपनी सेवा देने वाली विभा ने बताया कि यहां विभिन्न क्षेत्रों के नामकरण किए गए हैं, जैसे- मैसूर क्षेत्र, जहां मसाले और औषधीय पौधे लगाए गए हैं, मेला क्षेत्र, जहां फूल लगाए गए हैं, गोशाला क्षेत्र, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, रसोई क्षेत्र, सब्जी क्षेत्र और साधना कुटी आदि। दौरे का अंतिम स्थल था भव्य सृष्टि उद्योग,के नाम से बाँस उद्योग, जहां छात्रों को बांस से बने प्लास्टिक-कोटेड उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया देखने को मिली। इस स्थान पर दुनिया की सबसे बड़ी बांस की मीनार, जो 140 फीट ऊंची है, बनी हुई है। इस भव्य मीनार का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा किया गया है। इस शैक्षिक दौरे में संस्था को महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अंकित, राम मिलन यादव का बहुत सहयोग रहा तथा टीजीटी हिंदी, राहुल यादव और टीजीटी विज्ञान, रिचल बिलंग ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इस दौरे का हिस्सा बनने का अवसर दिया। यह शैक्षिक यात्रा छात्रों के लिए न केवल एक शिक्षाप्रद अनुभव रही, बल्कि उन्होंने प्रकृति के प्रति जुड़ाव, सांस्कृतिक धरोहर और वैज्ञानिक उन्नति को समझने का भी अवसर प्राप्त किया। यह यात्रा सभी के लिए अविस्मरणीय रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव हेतु भाजपा ने पूर्व मंत्री अजय को बनाया पर्यवेक्षक

## राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत बनाये गए कांकेर के पर्यवेक्षक





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने की पूरी तैयारी में है। भाजपा को पहली बार जीत की उम्मीद नजर आ रही है। जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर अब तक कांग्रेस का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार बड़ी तैयारी की है। पार्टी ने पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को जिला पंचायत के अध्यक्ष के चयन हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा इस बार जीत के प्रति आश्वस्त है। पार्टी के पास जिला पंचायत में बहुमत है। कद्दावर नेता अजय चंद्राकर के पर्यवेक्षक बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। यह तीसरा जिला पंचायत चुनाव होगा। नए जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जिला पंचायत के पहले अध्यक्ष देवलाल ठाकुर कांग्रेस से चुने गए थे। उन्होंने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। बाद में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर डौंडीलोहारा विधानसभा में निर्दलीय चुनाव लड़ा। वे पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया के खिलाफ चुनाव हार गए। अंत में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। आपको बता दे कि जिला पंचायत की कुल 14 सीट में 8 में भाजपा, 5 में कांग्रेस और एक में निर्दलीय ने चुनाव जीता है।

### यशवंत बनाये गए कांकेर के पर्यवेक्षक

इसी के साथ बालोद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन को भी प्रदेश संगठन ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव हेतु राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन को को प्रभारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। नेता यशवंत जैन को लगातार प्रदेश आलाकमान से जिम्मेदारी मिलते आ रही हैं।

### भाजपा को पहली बार अध्यक्ष पद जीतने की उम्मीद

दूसरी बार अनुसूचित जाति के लिए सीट आरक्षित हुई। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से सोना देवी देशलहरे कांग्रेस से अध्यक्ष बनीं। अब तीसरे चुनाव में अजय चंद्राकर के नेतृत्व में भाजपा पहली बार जिला पंचायत अध्यक्ष पद जीतने की उम्मीद लगाए है। इसके अलावा, लक्ष्मी साहू एक नए चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। वह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से सदस्य चुने गए हैं और संगठन में उनकी पुरानी पकड़ को देखते हुए उन्हें भी अध्यक्ष पद का दावेदार माना जा रहा है। फिलहाल, सभी की नजरें अजय चंद्राकर की अगली रणनीति पर टिकी हैं।

### भाजपा के संभावित दावेदार

अगर भारतीय जनता पार्टी की बात करें, तो इस बार जिले में बदले हालात ने सभी को चौंका दिया है। जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है, लेकिन इस बार जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने सबसे अधिक सीटें जीतकर मजबूत स्थिति बना ली है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की सीटों पर भाजपा का दबदबा नजर आ रहा है। प्रदेश स्तर पर अजय चंद्राकर को जिला पंचायत अध्यक्ष के चयन हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जिससे साफहै कि पार्टी इस चुनाव को गंभीरता से ले रही है। अध्यक्ष पद के लिए तारिणी चंद्राकर सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। उनके पति पुष्पेंद्र चंद्राकर दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं, लेकिन आरक्षण के चलते इस बार उन्होंने अपनी प ी को मैदान में उतारा और वह जीतकर आईं। दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष को हराकर क्षेत्र क्रमांक-6 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक भी है। चंद्रिका गजीर भी इस दौड़ में शामिल हैं। जनपद चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जिला पंचायत की ओर रुख किया और यहां भी सफलता हासिल की।

### कांग्रेस के संभावित दावेदार

विपक्षी कांग्रेस की ओर से पूजा साहू अध्यक्ष पद की सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। पार्टी उनके नाम पर भरोसा जता सकती है। उपाध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस में मिथलेश नुरेटी का नाम सबसे ऊपर हैं। हालांकि, जिले में अपेक्षित प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद कांग्रेस की चुनावी रणनीति हमेशा चर्चा में रहती है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी कोई नया दांव खेलती है या नहीं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर और एसपी ने किया जिला जेल एवं खुली जेल पर्थरा का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सालसा बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बेमेतरा जिला जेल और नव निर्मित खुली जेल पर्थरा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निधि शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान, प्रधान जिला न्यायाधीश शास्त्री ने जेल अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, बीमारियों की स्थिति और दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों के खान-पान और उन्हें प्रदान की जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो। इस निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और जेल अधीक्षक दिनेश चंद्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुली जेल पर्थरा के निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में जेल की व्यवस्थाओं को सुचारू और मानवीय रूप से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### उपसरपंच निर्वाचन हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के उपरांत, आज शु वार को जिला पंचायत सभागार में जिला एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों में उपसरपंच निर्वाचन हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए और आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, जिले के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायत के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे। मालूम हो कि जिले की जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव दिनांक 04 मार्च, 2025 को दोपहर 2 बजे सम्पन्न होंगे।जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव दिनांक 05 मार्च, 2025 को दोपहर 2.00 बजे सम्पन्न होंगे। वही ग्राम पंचायतों में उप सरपंच का चुनाव दिनांक 8 मार्च, 2025 को दोप 12 बजे सम्पन्न होंगे।

# सिर्फ 1 वोट से हार गए 20 साल पुराने सरपंच अंडा दुकान चलाने वाले वकील पर पड़े भारी

**मनोरा विकासखंड के जरिया ग्राम पंचायत में दिलचस्प रहा मुकाबला**

**मनोरा विकासखंड के जरिया ग्राम पंचायत में दिलचस्प रहा मुकाबला**





पायनियर
किस्सा पंचायत चुनाव का

वाहिद खान ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

20 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव हुआ सम्पन्न हुआ, जिसमें मनोरा विकासखंड के जरिया ग्राम पंचायत में 4 बार से निर्वाचित हुए सरपंच परिवार को एक साधारण अंडा ठेला लगाने वाले व्यक्ति ने महज 1 वोट से हरा दिया। दिलचस्प यह है कि ग्राम पंचायत जरिया सरपंच चुनाव में 1 वोट से जीत हासिल हुआ है। दरअसल जरिया पंचायत में दो बार जेरोदिना लकड़ा और दो बार संजय किशोर लकड़ा सरपंच थे। 20 फरवरी की चुनाव में ग्राम पंचायत जरिया में 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे। जब वोट गिनती शुरू हुई तो ऐसा लग रहा था कि पुराने सरपंच संजय लकड़ा बाजी मार लेंगे लेकिन लकड़ा को पछाड़ कर 1 वोट से अजय एक्का ने जीत हासिल की। संजय लकड़ा की शिक्षा अधिवक्ता तक की है। वहीं चुनाव जीतने वाले अजय एक्का 21 वर्ष से जरिया में ही अंडा ठेला लगाकर जीवन यापन करते हैं।

## 21 सालों से अण्डा दुकान

ग्राम पंचायत जरिया के नवनिर्वाचित सरपंच अजय एक्का 2004 से अण्डा दुकान कर रहे हैं। और अण्डा दुकान से ही अपने परिवार का पालन पोषण भी करते हैं। अजय का अण्डा का कारोबार का 21 साल हो गए है और 21 सालों से लोगों को सेवा दे रहे हैं। अजय ने बताया कि भले ही सरपंच बन गया हूं लेकिन अण्डा दुकान नही छोड़ूंगा।

### सरपंच बनने के बाद पहला काम साफ-सफाई पर फोकस

अजय एक्का ने बताया कि जरिया पंचायत में जहाँ जहाँ गंदगी हैं वहाँ वहाँ साफ-सफाई किया जाएगा। और जहाँ जहाँ रोड पुलिया की जरूरत है वहाँ निर्माण किया जाएगा। जिस स्थान पर लाइट नही है वहाँ लाइट की व्यवस्था दिया जाएगा। पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा। और हमारे पास जितने भी आवेदन आएंगे उन सब आवेदन का निराकरण किया जाएगा। जाति भेदभाव नही रहेगा। सभी जाति धर्म वालो को एक सामान प्राथमिकता दिया जाएगा। मेरे को जानता ने वोट देकर जिताया है तो जनता की सेवा पर खारा उतरूंगा।

**इतने वोट इनकों मिले** -अजय एक्का को 277 वोट मिले संजय किशोर लकड़ा को 276 वोट मिले सुनीता कुजूर को 119 वोट मिले नीलेश कुजूर को 88 वोट मिले।

# जिले के कांग्रेसियों ने किया भाजपा सरकार का पुतला दहन

**कांग्रेस नेताओं ने कहा-भाजपा के अनुसांगिक संगठन की तरह काम कर रहा प्रवर्तन निदेशालय ईडी**

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ईडी की दस्तक ने पूरे प्रदेश में राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस को जन आंदोलन करने पर मजबूर कर दिया है,तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर 1 मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस नेताओं ने जहां ईडी के खिलाफ भाजपा सरकार का पुतला दहन किया, तो वहीं इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के अनुषांगिक संगठन की तरह ही ईडी काम कर रही है, एवं लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, तथा भाजपा एवँ संघ कार्यालय के लिए कहा से पैसा आया ईडी को इसकी तत्काल जांच करनी चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विगत दिनों कॉग्रेस पार्टी के मुख्यालय राजीव भवन में रेड मारी गई तथा कॉग्रेस नेताओं के जासूसी कराने के विरोध में शक्ति जिले के कॉग्रेस जनो द्वारा 01 मार्च को कचहरी चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया, इस अवसर पर महिला कॉग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका जायसवाल ने कहा कि देश भर में सर्वसुविधायुक्त भाजपा और आरएसएस के कार्यालय बनाये गए है हिम्मत हो तो ई डी जांच करके बताए नगर कॉग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर चौबे ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कई हथकंडे अपना कर कॉग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है, पंचायत चुनाव में पूरे छत्तीसगढ़ में कॉग्रेस जनो ने पंच सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत में जीत हासिल की हैं लेकिन प्रशासनिक डर से उन्हें दबाया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि कलेक्टर कार्यालय गिरधर जायसवाल ने कहा कि भाजपा को विकास कार्य से कोई मतलब नहीं साम्प्रदायिक सौहार्द विगाड़ कर लोगों को भ्रमित कर रही हैं पुतला दहन के अवसर पर नगर कॉग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर चौबे अलका जायसवाल राकेश रोशन महन्त विधायक प्रतिनिधि पिंटू ठाकुर विधायक प्रतिनिधि सम्मे लाल गवेल अधिवक्ता पीयूष राय मनोज जायसवाल गिरधर जायसवाल अरविंद भरद्वाज लव सोनी सचिव पटेल चांदनी घसिया महन्त दुर्गा साहू सहिस सहित कॉग्रेस जनो ने उपस्थित होकर भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया गया जलते हुए पुतले को बाद में पुलिस ने पानी से बुझाकर अपने कब्जे में लिया।

# पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड से शिक्षिका ममता सम्मानित

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड बम्हनीडीह में पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षिका ममता जायसवाल को बीईओ एम डी दीवान एवं विनोबा एप के एडवाइजर वरूण कप्पल द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला झरना के मनोज नायक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहाँ शिक्षकों के कार्यो की पहचान और सराहना होती है। शिक्षक विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है जिससे शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। सभी शिक्षक विनोबा ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करे।

विनोबा ऐप के एडवाइजर वरूण कप्पल ने कहा कि विनोबा ऐप शिक्षको के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। ओपन लिंक्स फाउंडेशन की अभिनव पहल है। शिक्षक इसमें मुख्य रूप से नवाचार, शिक्षको के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षिक गतिवधियां साझा करने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। यह हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट आफ द मंथ जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अवार्ड दिया जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक विनोबा से जुड़ने की अपील की है। इस अवसर पर बीआरसी हीरेन्द्र बेहार, सुशील शर्मा शिवप्रकाश जायसवाल, विनोबा ऐप जांजगीर के अजहर शेख, भूपेंद्र चंद्रा, सोमनाथ साहू उपस्थित थे ।

# अमित कुमार चौधरी को आजीवन करावास की सजा, पत्नी की हत्या के आरोपी थे अमित

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने पत्नी की हत्या करने के आरोप में आरोपी पति अमित कुमार चौधरी को आजीवन कारावास की सजा एवं 1000 रू. जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अतिक्ति लोक अभियोजक उदय कुमार वर्मा ने घटना के संबंध में जानकारी दिया कि मृतिका सुषमा चौधरी पति अमित चौधरी उम्र 25 साल की मृत्यु होना पाये जाने पर मकान मालिक मो. ईसराईल कुरैशी की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने विवेचना के दौरान पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। जांच के दौरान पड़ोसियों एवं मकान मालिक तथा घटना स्थल के पास स्थित किरायेदार मौका गवाह कुमारी भारती तंबोली का पूछताछ एवं कथन लिये जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि घटना 09.10.23 को प्रातः करीब 6 बजे मृतिका का पति अमित कुमार चौधरी ड्यूटी कर रायगढ़ से वापस आया था कमरा अंदर में मृतिका अपने पति एवं बच्चों के साथ कमरे में थी अमित के आने के पूर्व उसकी प ी जीवित थी एवं मौका गवाह कु. भारती तंबोली घटना 09.10.23 को सुबह करीब 9 बजे बर्तन धोते समय आरोपी अमित चौधरी को मोटर सायकल में अपने बच्चे को लेकर जाते हुये देखी थी। उसके पति के जाने के बाद मृतिका अपने कमरे में मृत अवस्था में जमीन में पड़ी हुयी मिली थी घटना दिनांक को मकान मालिक मो. ईसराईल कुरैशी के सी.सी.टी. कैमरे के फूटेज में भी आरोपी अपने बच्चे को मोटर सायकल में ले जाते हुये दिखाई दिया है। थाना सक्त ी के द्वारा उक्त अपराध में विवेचना के दौरान आरोपी अमित कुमार चौधरी के बताये अनुसार घटना दिनांक को अपने पत्नी सुषमा चौधरी के मोबाईल को चेक करने पर एक लड़का के साथ फोटो खिंचाने के बात को लेकर गुस्से से मृतिका को चार पांच झापड़ मारने के बाद अपनी पत्नी को जान से मारने की नियत से उसके सिर को पकड़कर दीवाल में जोर से मारना एवं उसके बाद अपने बच्चे को लेकर मोटर सायकल से फरार होना स्वीकार किया गया था। जिस पर आरोपी के विरूध्द विवेचना के दौरान पड़ोसियों एवं मौका गवाह एवं सी.सी.टीवी. एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरूध्द धारा 302 भादवि का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर संपूर्ण विवेचना उपरांत न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था जिसमें प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में अभियोजन पक्ष के द्वारा न्यायालय में 15 गवाहों का परीक्षण कराया गया परीक्षण उपरांत न्यायालय के द्वारा अपराध प्रमाणित पाये जाने पर प ीहंता अमित कुमार चौधरी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा एवं 1000 रू. अर्थदण्ड से दंडित किया अभियोजन पक्ष की ओर से उदय कुमार वर्मा अपर लोक अभियोजक सक्ती ने पैरवी की।

# लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय बम्हनीडीह में सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ≺ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में हाई स्कूल हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, 100 मीटर दौड़, एवं गोला फेंक में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान अर्जित करने वालों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस एस जे महाविद्यालय बम्हनीडीह के प्राचार्य डॉक्टर सुबोध कुमार एवं अध्यक्षता प्राचार्य एस पी तिवारी ने किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ए के डडसेना सी डी पटेल एस एल डडसेना आलोक पटेल प्रमोद कुमार पटेल श्वेता शिंदे पार्वती महंत डी के पांडे बी डी वैष्णव नवधा पटेल एवं सत्येंद्र चौहान आदि उपस्थित थे। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्यामलाल डड़सेना ने किया। तथा आभार प्रदर्शन एस पी तिवारी ने किया।एस एस जे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुबोध कुमार वर्मा ने बच्चों को संबोधित किया। तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। सन् 2024 की हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय में कुमारी चंद्रप्रभा 79.8 प्रतिशत कुमारी हेमलता 70.6 कुमारी यामिनी 67.7 एवं कला संकाय में कुमारी संध्या 65.8 कुमारी मंजू 61.8 कुमारी पूनम 70.6% अंक अर्जित कर तथा हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में कुमारी अंजली 94 % कुमारी भवानी 91.66त्न गेमन केवट 82.33% अंक अर्जित कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पृथक पृथक राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कृषकों को सुगमता पूर्वक बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदान सामाग्री उपलब्धता हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा सघन जांच अभियान जारी



पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिला स्तरीय उर्वरक नियंत्रण दल द्वारा जिले के कृषकों को सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त कृषि आदान बीज, उर्वरक, कीटनाशक उपलब्ध हो इस हेतु निरीक्षण दल द्वारा लगातार जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन जांच किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत ने बताया कि विकास खण्ड नवागढ़ में ग्राम कटौद में कृषको के द्वारा अधिक मुल्य पर उर्वरक विक्रय की शिकायत पर जांच किया गया, जिसमें दिनेश यादव के घर में अवैध यूरिया भंडारण पाया जाने के फलस्वरूप कार्यवाही की गई। संबंधित से जप्त 86 बोरी यूरिया, 10 बोरी एनपीके और अन्नदाता सुपर फास्फेट 15 बोरी को नवागढ़ थाना प्रभारी के हस्ते विधिवत सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर मनीष कुमार मरकाम, आर के सोनवानी डी एस नेताम जे पी बघेल, शिव कुमार राठौर, धनंजय साहू उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने सक्ती के सिद्ध श्री हनुमान मंदिर परिसर के बाहर करवाया शैड निर्माण

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ चरण दास महंत ने शक्ति शहर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था सिद्ध श्री हनुमान मंदिर थाना चौक शक्ति के आग्रह पर मंदिर परिसर के बाद श्रद्धालुओं के लिए शैड का निर्माण करवाया है, उपरोक्त शैड का निर्माण 1 मार्च 2025 को पूर्ण हुआ, जिस पर सिद्ध श्री हनुमान मंदिर परिवार सहित श्रद्धालु धर्म प्रेमियों ने अपने विधायक जी का धन्यवाद ज्ञापित किया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू एवं नगर पालिका शक्ति में विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने बताया की शक्ति शहर के अग्रसेन चौक से लगकर सिद्ध श्री हनुमान मंदिर स्थापित है, जहां पूरे वर्ष भर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं, तो वहीं प्रत्येक मंगलवार को यहां महा आरती का कार्यक्रम भी विगत वर्षों से निरंतर चल रहा है, एवं यहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन आकर पूजा अर्चना करते हैं, एवं मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर परिसर के बाहर शैड निर्माण की मांग स्थानीय विधायक डॉ चरण दास महंत से की गई थी, जिस पर महंत जी ने तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान की तथा उपरोक्त शैड का निर्माण पूर्ण हो गया है, अब इस मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को जहां गर्मी, बारिश में भी मंदिर परिसर के बाहर पूजा अर्चना करने में असुविधा नही होगी तो वहीं विभिन्न प्रकार के सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों के लिए भी यह शेड काफी उपयोगी होगा, उल्लेखित हो कि शक्ति का सिद्ध श्री हनुमान मंदिर वर्षों पुराना लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है, एवं धर्म प्रेमियों का मानना है कि इस मंदिर में हनुमान जी के दर्शन मात्र से जहां सभी विपदाओं का निराकरण होता है तो वहीं लोगों की मन्नतें भी पूरी होती है, इसलिए इस मंदिर में दूर दराज से लोग पहुंचकर दर्शन करते हैं, एवं प्रत्येक वर्ष हनुमान जयंती सहित रामनवमी में भी यहां बड़े आयोजन होते हैं, तथा इस मंदिर के प्रबंधन का मुख्य कार्य पंडित देवी प्रसाद वैष्णव जी के सानिध्य में उनके सुपुत्र पंडित ओमप्रकाश वैष्णव के द्वारा किया जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 24 फरवरी 2025 से 08 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री स्कूल जांजगीर व चांपा एवं ग्राम पंचायत पचेड़ा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचेड़ा मे जागरूकता कार्यक्रम एवं लैंगिक समानता पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चाईल्ड हेल्प लाईन जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्यों के द्वारा बाल विवाह और उससे संबंधित कानूनों, बाल विवाह करवाने वाले उनके परिजनों, पंडित एवं विवाह में सम्मिलित हुए रिस्तेदारों पर की जाने वाली कानूनी कार्यवाहियों, नाबालिक बच्चों के द्वारा किये जाने वाले अपराधों में पॉस्को अधिनियम के तहत् की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दिया गया। संकटग्रस्त बच्चों के मदद के लिये चाईल्ड लाईन 1098 के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में इसके साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन, उद्देश्य गुड टच-बैड टच एवं बाल विवाह की कुरिति और उसके दुष्परिणाम, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा के संबंध में बच्चों के पोषण युक्त आहार व सखी वन सटॉप सेंटर की कार्य प्रणाली एवं पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं, सहायताओं तथा आपातकालीन सेवाओं, गुडटच-बेडटच, महिला हेल्पलाईन 181, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

**अधिकारी बन गए नेता,कार्यकर्ताओं की पूछ घटी, गलतियों में सुधार होगी या निर्मित होगी 2018 वाली स्थिति**

# रामानुजगंज विधानसभा में राजनीति का गिरता स्तर बना चर्चा का विषय

पायनियर संवाददाता ≺ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



विधानसभा रामानुजगंज क्षेत्र क्रमांक 7 में जिस तरह से लगातार राजनीति का स्तर गिरते जा रहा है स्वाभाविक रूप से यह पूरे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में चर्चा का भी विषय बना हुआ है और इस जिले की जनता 2018 से लेकर 2025 तक के लोगों के राजनीतिक सफर के बारे में तुलनात्मक सोच विचार करने में लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में एकतरफा बहुमत वाली कांग्रेस सरकार की तख्ता पलटने में खून पसीना एक करने वाले कार्यकर्ताओं की पूछ परख में जहां कमी देखी जा रही है, वहीं कुछ संविदा कर्मचारी नेता बनकर जमकर सरकार की फजीहत करा रहे हैं...गौरतलब है कि 2018 में छत्तीसगढ़ में भाजपा के हाथों से छीनकर एकतरफा बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनाने में सफल हुई थी जहां भाजपा के खाते में महज 15 सीट बची थी,तब प्रदेश भर में भाजपा ने बूथ जीता चुनाव जीता अभियान लेकर मैदान में उतरा, और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने अपना खून पसीना बहते हुए जमकर मेहनत की जिसके बदौलत 2023 के विधानसभा चुनाव में शेर के जबड़े में हाथ डालकर सत्ता छिनने में सफल हुई और प्रदेश में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनी, तब बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में एक आस जगी थी कि इस बार कार्यकर्ताओं की पूछ परख में बढ़ोतरी होगी, परंतु कुछ ही दिन गुजरे थे कि धीरे धीरे कार्यकर्ताओं की पूछ परख लगातार घटने लगी और अफसरशाही हावी होने लगी, कुछ प्रबुद्धजन अपनी पैठ जमाने मे सफल भी हुए तो वैसे लोग हुए जो फील्ड में मेहनत न करके सिर्फ नेताओं के आगे पीछे परिक्रमा लगाते थे, जिस गलती के वजह से 2018 में भाजपा की सरकार गई थी उसी गलती की पुनरावृत्ति जोरों पर है, कार्यकर्ता पस्त हैं अफसर मस्त हैं।

**बलरामपुर जिले में संविदा कर्मी चला रहे सरकार**-बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की बात करें तो यहां का संगठन एवं सत्ता दोनों एक दूसरे के अपवाद जैसे हालात से गुजर रहे हैं हालांकि भाजपा संगठन चुप्पी साधे बैठी है, मगर अंदरखाने से जो बात बाहर निकलकर आ रही है उसके मुताबिक सरकार की बागडोर संगठन में नहीं बल्कि एक संविदा कर्मी के हाथों में है? जो सरकार की फजीहत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, सूत्रों की माने तो भाजपा सरकार में लोगों को संविदा नियुक्ति के तहत जिला मुख्यालय में बैठाया गया था जिसे सत्ता बदलते ही ट्रांसफर आर्डर थमा दिया गया था, उसमें से एक ने अपने नेता के प्रति वफादारी दिखाते हुए नौकरी ही छोड़ दी लेकिन घुटने नहीं टेके वहीं दुरसरे संविदा कर्मी ने मौके का फायदा उठाते हुए सोर्स के जरिए अपने परिवार के कुछ सदस्यों को कांग्रेस के तात्कालिक स्थानीय विधायक के समर्थन में खड़ा किया और अपनी ट्रांसफर आर्डर निरस्त कराने में सफल हुए तथा जिला मुख्यालय में ही यथावत जमे रहे, 2023 में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की और भाजपा सरकार बनी तो वही मेहरबान वाला संविदा कर्मी सम्पूर्ण जिले की बागडोर अपने हाथों में लेकर जिले भर में कार्यकर्ताओं को अनदेखा करना प्रारंभ कर दिया और अफसरशाही हावी कर दी,अर्थात आज के समय मे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में सरकार की कमान संगठन के कार्यकर्ताओं के पास नहीं बल्कि इसी संविदा कर्मी के हाथ मे है,जिले भर में भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं में अंदर ही अंदर घुटन की स्थिति निर्मित हो गई है? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो से तीन लोगों का एक समूह है जो ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर जिला तक एवं जिला से लेकर मंत्रालय तक सरकार चला रहे हैं, एक संविदा कर्मी के द्वारा जिले के समस्त जनपद एवं तहसील को अपने अधीन रखा जाना समझ से परे है कि आखिर एक संविदा कर्मी जिले भर में सरकार कैसे चला रहा है, अंदरखाने से ये बात भी सामने आ रहे है कि जिले के अधीन प्रत्येक सरकारी कार्यलय में इस संविदा कर्मी नेता के द्वारा विधिवत सूचीबद्ध किया गया है कि किस भाजपा नेता का बात आपको सुनना है और किस भाजपा नेता का बात आपको नहीं सुनना है, प्रत्येक अधिकारी भी बखूबी इस निर्देश का पालन कड़ाई से कर भी रहे हैं, एक तरफजहां खून पसीना एक करने वाले कार्यकर्ता पस्त हैं, वहीं अधिकारी कर्मचारी बिल्कुल मस्त हैं... चढ़ावे के वजन के हिसाब से बढ़ती है कार्यकर्ताओं की वजन.. एक तरह से कहा जाए तो सरकार का रिमोट इसी संविदा कर्मी नेता के हाथ मे है, यदि किसी भाजपा कार्यकर्ताओं को कोई सरकारी कार्यालय में कोई जरूरत हो तो सर्व प्रथम इसी संविदा कर्मी एवं इनके समूह के अन्य 2 व्यक्ति के साष्टांग करने एवं बेहतर चढ़ावे के उपरांत ही कार्यकर्ताओं का काम होता है चढ़ावे का वजन जितना भारी होता है कार्यकर्ताओं का काम भी उतनी तीव्र गति से होता है...

**छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री के गृह ग्राम में हारे**-सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफसरशाही नीति से भाजपा कार्यकर्ताओं में बेहद नाराजगी है, जिसका सीधा असर इस समूह के एक प्रमुख व्यक्ति के जिला पंचायत चुनाव में देखने को मिला है, जिस बूथ में वे निवासरत हैं उस बूथ में भी सैकड़ा का आंकड़ा पार नहीं कर सके? उनके निर्वाचन क्षेत्र में कोई एक बूथ ऐसा नहीं हुआ जहां से वे अपने ओहदा के अनुसार जीत हासिल करने में सफल हुए हों,जबकि ये निर्वाचन क्षेत्र छत्तीसगढ़ प्रदेश के एक कद्दावर नेता एवं कैबिनेट मंत्री का गृह ग्राम था,स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ संकेत दे दिया है कि यदि कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार अनदेखा कर हवा में उड़ने वाले नेताओं को प्राथमिकता देंगे एवं किसी संविदा कर्मी के हाथ में सत्ता का बागडोर सौंपा जाएगा,तो आने वाले समय में परिणाम और भी भयावह होगी। फिलहाल कार्यकर्ताओं में बृहद रूप से विरोध के सुर गूंजने लगे हैं आगे ये देखना होगा कि गलतियों में सुधार होती है या फिर 2018 वाली स्थिति निर्मित होती है...

# पीसीबी ट्रॉफी अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट 2025: दिलचस्प सेमीफाइनल के बाद चंदन नगर और हरिहरपुर भिड़ेंगे फाइनल में

## सेमीफाइनल में चंदन नगर और सम्बलपुर के बीच दिलचस्प मुकाबले में चन्दन नगर 5-4 से, जबकि हरिहरपुर ने 4-3 से की जीत दर्ज





पायनियर संवाददाता | उदयपुर
www.dailypioneer.com

पीसीबी ट्रॉफी अंतर्ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे दिन के मुकाबले में सेमीफाइनल का मैच भी बेहद रोमांच से भरा था, जिसमें संबलपुर, चंदन नगर, साल्ही और हरिहरपुर की टीमें आमने-सामने थीं। इस दौरान, काँटे की टक्कर के बाद चंदननगर और हरिहरपुर ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट में सभी प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंतिम दौर तक दर्शकों को को खेल से जोड़े रखा। अब टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। और शनिवार शाम को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में संबलपुर और चंदननगर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिससे मैच टाई ब्रेकर तक गया। वहाँ, चंदननगर के खिलाड़ियों में संदीप कुमार चौहान, अंकुश कुमार मरकाम, योगेन्द्र सिंह उईके, राजेंद्र कुमार मरकाम, नागेश कुमार मरकाम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 5-4 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में हरिहरपुर और साल्ही के बीच रोमांच चरम पर था। दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित समय में कोई भी बढ़त नहीं बना सका। नतीजतन, मुकाबला टाई ब्रेकर में पहुँचा, जहाँ हरिहरपुर ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में हरिहरपुर के गोलकीपर अजीत ने शानदार खेल दिखाया और कई महत्वपूर्ण बचाव कर टीम की जीत में अहम् भूमिका निभाई।

| मैच | टीम | स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | चंदन नगर | 5 |
| | सम्बलपुर | 4 |
| 2 | हरिहरपुर | 4 |
| | साल्ही | 3 |

टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार शाम को इस श्रृंखला की बेहतरीन टीम चंदन नगर और हरिहरपुर के बीच कड़ा मुकबाल हुआ। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन मैदान नीति से दर्शकों को अचंभित कर दिया। शाम 5 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले का तीन पेशेवर रेफरियों के मार्गदर्शन और नेतृत्व में दर्शकों ने उच्च स्तरीय फुटबॉल का लुत्फउठाया। विजेता टीम को 31000 तथा उपविजेता टीम को 21000 का नगद पुरस्कार के साथ-साथ पीसीबी ट्रॉफी प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में कोरबा और सूरजपुर जिलों के साथ साथ स्थानीय ग्रामों की कुल 24 टीमों के 360 खिलाड़ियों के मध्य कुल 23 मुकाबले खेले गए हैं। आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र में ढाँचागत विकास की श्रृंखला के तहत खदान के पास स्थित 14 गाँवों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों की मरम्मत, बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं और पक्के शौचालयों का निर्माण, गाँवों में सड़कों का निर्माण, यात्री प्रतीक्षालयों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 450 हेक्टेयर से अधिक खनन क्षेत्र में 14 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं।

# जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव हेतु अधिसूचना जारी

पायनियर संवाददाता | डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं परिणाम के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु प्रकाशन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जनपद पंचायत डोंगरगांव में आगामी 4 मार्च को नवनिर्वाचितों के प्रथम सम्मिलन सहित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन संपादित होगा। इस संदर्भ में जानकारी मुताबिक छग पंचायतीराज अधिनियम 1993 के धारा 25 के अंर्तगत जनपद पंचायत डोंगरगांव के प्रथम सम्मेलन आहुत करने सहित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन होंगी। वहीं सीईओ रोशनी भगत टोप्पो सहायक होंगी। जिला कार्यालय से जानकारी मुताबिक सुबह से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन आहुत की जावेगी। उपरांत अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु 11 बजे से नामांकन, 12 बजे से संवीक्षा एवं नामवापसी होगी। साढ़े 12 बजे से प्रत्याशियों के नाम तय होंगे। 12 बजकर 45 मिनट से मतदान की प्रक्रिया होगी। उपरांत मतगणना एवं परिणाम की घोषणा होगी। इसी तारतम्य में जनपद उपाध्यक्ष के लिए 2 बजकर 30 मिनट से नामांकन, 3 बजे से संवीक्षा एवं नामवापसी की प्रक्रिया होगी। साढ़े 3 बजे प्रत्याशियों के नाम तय होंगे। 3 बजकर 45 मिनट से सवा 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होगी। मतदान के पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जावेगी। निर्वाचन हेतु प्रशासनिक तैयारियाँ पूर्ण की जा चुकी हैं।

# कर्व.ईवी ने रचा इतिहास, कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3,823 किलोमीटर की सबसे तेज़ ईवी ड्राइव का रिकॉर्ड बनाया



## सिर्फ 76 घंटे और 35 मिनट में तय की दूरी

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी 4-व्हीलर ईवी निर्माता और भारत के ईवी विकास की अग्रणी कंपनी कर्व.ईवी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीर्तिमान बनाया है। यह दूरी केवल 76 घंटे और 35 मिनट में तय की गई। इसका नेतृत्व भारत की अपनी एसयूवी कूप, कर्व.ईवी ने किया। इससे पहले लंबी दूरी की सबसे तेज ड्राइव का कीर्तिमान टाटा की ही नेक्सन ईवी मैक्स के नाम था और यह नया कीर्तिमान पुराने रिकॉर्ड से करीब 19 घंटे कम है। भारत की लंबाई में सबसे तेज 3,800 किलोमीटर की दूरी तय करने के अलावा कर्व.ईवी ने सफलतापूर्वक 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। इस उल्लेखनीय यात्रा को पूरा करते हुए कर्व.ईवी को केवल 16 चार्जिंग स्टॉप लगे, जिससे चार्ज होने का औसत समय 28 घंटे से घटकर 17 घंटे हो गया। यह न केवल बैटरी तकनीक में प्रगति को दिखाता है, बल्कि भारत के व्यापक पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क को भी प्रदर्शित करता है। इनमें से अधिकांश अब राजमार्गों पर तेज चार्जिंग गति का समर्थन कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के श्रीनगर में औपचारिक हरी झंडी दिखाने के बाद कर्व.ईवी ने 25 फरवरी, 2025 को सुबह 4:00 बजे अपनी यात्रा शुरू की। टाटा.ईवी का यह प्रमुख वाहन अलग-अलग मौसम की स्थितियों का सामना करते हुए कई इलाकों और भारत के पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क से गुजरते हुए 28 फरवरी, 2025 को सुबह 8:35 बजे कन्याकुमारी पहुंचा, जहां इसका स्वागत कन्याकुमारी के सांसद थिरु विजय वसंत ने किया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का विधानसभा भ्रमण

## भरत वर्मा के नेतृत्व में पार्षददल की मुख्यमंत्री से भेंट



पायनियर संवाददाता | डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के भाजपा नेताओं तथा नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा पार्षददल ने प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से भेंट की। इस दरम्यान नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विधानसभा भ्रमण कराते हुए विधानसभा सत्र की कार्रवाई से अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी हासिल की। उल्लेखनीय है कि हालिया दिनों प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र जारी है। मंडल भाजपा की विज्ञप्ति मुताबिक विधानसभा भवन के भ्रमण दौरान भाजपाईयों सहित नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षददल ने भरत वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर समस्त नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष से अपने राजनैतिक कैरियर के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। विधानसभा भ्रमण में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, नेता लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ. नीरेंद्र साहू, गुलशन हिरवानी, नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, संतोष यादव, रामकुमार गुप्ता, हेमंत चोपड़ा, पार्षदगण निर्मला मालेकर, रोहित गुप्ता, गायत्री यादव, कोमल साहू, लीलाधर मंडलोई, लक्ष्मीनारायण सेन, दुर्गेश रामटेके, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, पद्मिनी ठाकुर के अलावा योगेश पटेल, सतीश पांडेय, प्रवेश ठाकुर, आकाश त्रिपाठी शामिल थे।

# सेलूद के नव निर्वाचित पंच सरपंच आशीर्वाद लेने पहुंचे बम्लेश्वरी दरबार

## पंचायत में 3 मार्च को होगा शपथ ग्रहण समारोह



पायनियर संवाददाता | उतई
www.dailypioneer.com

सेलूद गाँव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जैसे ही सम्पन्न हुआ पंच सरपंच जनपद जिला जितने वाले प्रत्याशी अपने पार्टी के बड़े नेताओ से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद अब देवी देवताओं की शरण में आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। उसी कड़ी में सेलूद पंचायत के कांग्रेस समर्थित सरपंच व सभी 12 पंच शपथ ग्रहण के पहले डोगरगढ स्थित माँ बम्लेश्वरी से आशीर्वाद प्राप्त कर लौटे है। ग्राम सेलूद के नवनिर्वाचित सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि भगवान की पूजा अर्चना के साथ ही हम लोगों ने चुनाव प्रचार की शुरुआत किये थे और आज सभी जितने वाले प्रत्याशीयो को ग्राम सेलूद के मतदाताओं का आशीर्वाद मिला। गाँव के सभी देवी देवताओं के पूजा अर्चना करने के बाद सभी एक साथ माँ बम्लेश्वरी से आशीर्वाद लिए है। हम लोगों ने माता से प्रार्थना किया कि जनता ने हमे जिस आशा व अपेक्षाओं के साथ चुना है। हम उनके आशा अपेक्षाओं पर खरे उतर सके ऐसा हमें आशीर्वाद प्रदान करो। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम सेलूद के कांग्रेस समर्थित नव निर्वाचित सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, पंच योगेश चंदेल, रवि पटेल, धनंजय साहू, राकेश साहू, देवला साहू, भुनेश्वरी साहू, सुभाष बंछोर, रमेश कश्यप, होमिन, खोईलन बारले, करण धनकर, इंद्राणी वर्मा साथ ही जयश्री वर्मा, सत्यभामा बंछोर, त्रिभुवन यदु आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कोटागांव में महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गुलाल निर्माण कार्य का अवलोकन किया



पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कोटागांव में पहुँचकर वहाँ देवांगन सामुदायिक भवन में नवदीप महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा निर्मित किए जा रहे हर्बल गुलाल निर्माण कार्य का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित नवदीप स्व सहायता समूह कोटागांव के अध्यक्ष प्रेमवती देवांगन एवं कुसुम सिन्हा सहित स्व सहायता समूह की अन्य महिलाओं से हर्बल गुलाल के निर्माण कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा पलाश, गैंदा, पालक एवं चुकंदर के मिश्रण से निर्मित किए जा रहे इस बेहतरीन सुगंधित गुलाल निर्माण कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। चन्द्रवाल ने स्वसहायता समूह के महिलाओं से इस हर्बल गुलाल की बिक्री हेतु मार्केटिंग व्यवस्था के अलावा इसकी कुल लागत एवं आमदनी आदि के संबंध में जानकारी ली। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शन पिछले वर्ष जगदलपुर में आयोजित सरस मेला में भी किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके स्व सहायता समूह के द्वारा हर्बल गुलाल के अलावा दीवाली सीजन में दीया एवं राखी के सीजन में राखी के निर्माण के अलावा मशरूम उत्पादन का कार्य भी किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने नवदीप स्व सहायता समूह कोटागांव की महिलाओं के द्वारा ठाकुर पारा कोटागांव में किए जा रहे मशरूम उत्पादन कार्य का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने स्व सहायता समूह की अध्यक्ष से मशरूम उत्पादन कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने मशरूम उत्पादन कार्य में लगने वाली कुल लागत, इसकी बिक्री एवं आमदनी के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने स्व सहायता समूह की अध्यक्ष की मांग पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मशरूम उत्पादन केन्द्र ठाकुरपारा कोटागांव में विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मशरूम उत्पादन केन्द्र भवन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने चिपरा के आदिवासी बुनकर सहकारी समिति का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने डौण्डी प्रवास के दौरान ग्राम चिपरा के आदिवासी बुनकर सहकारी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के पदाधिकारियों से समिति के कार्यकलापों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों के मांग पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के भवन में शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के भवन के सीपेज रोकने हेतु भी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने समिति के सदस्यों के मांग पर मुख्य मार्ग से आदिवासी बुनकर सहकारी समिति चिपरा तक सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मुख्य मार्ग से आदिवासी बुनकर सहकारी समिति भवन तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत मार्ग निर्माण हेतु इसका परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों से उनके समिति में प्रतिदिन कपड़ों के कुल उत्पादन, इसकी लागत राशि एवं इसकी बिक्री से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने यहाँ पर काम करने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण एवं मार्केटिंग व्यवस्था आदि के संबंध में भी जानकारी ली। आदिवासी बुनकर सहकारी समिति के उपाध्यक्ष निजाम सिंह कोसमा ने कलेक्टर चन्द्रवाल को उनके बुनकर सहकारी समिति में प्रतिमाह लगभग 05 हजार मीटर कपड़े के उत्पादन होने की जानकारी दी।

# लापरवाह 3 शिक्षकों को डीईओ ने किया निलंबित

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा विकासखंड बेरला में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी सुरेंद्र कुमार बारले 11, 18, 19 नवंबर 2024 एवं 9, 16, 17, 19 दिसंबर 2024 को बिना किसी सूचना या आवेदन के शाला में अनुपस्थित रहे। तथा संकुल समन्वयक संकुल केंद्र देवरबीजा के द्वारा 27 जनवरी और 3 फरवरी 2025 को निरीक्षण के दौरान शाला में अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति संबंध में उन्हें 13 फरवरी को स्पष्टीकरण जारी किया गया था। किंतु उनके द्वारा उच्च कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना करते हुए स्पष्टीकरण का जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जो कार्य के प्रति उनकी लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। सहायक शिक्षक (एलबी) सुरेंद्र कुमार बारले का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम 1, 2, 3 के विपरीत होने के कारण उन्हें सेवा से तत्काल निलंबित किया जाता है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय साजा किया जाता है। निलंबन की अवधि में नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह से प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला तरेगांव विकासखंड नवागढ़ के पत्र क्रमांक 515- 16 जनवरी 2025 के अनुसार चंद्र भूषण ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी 20 अगस्त 2024 से निरंतर शालेय कर्तव्य पर अपनी उपस्थिति नहीं दे रहा है। वर्तमान माह में 6 जनवरी 2025 से बिना किसी सूचना व आवेदन के अनुपस्थित है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय प्राथमिक शाला तरेगांव विकासखंड नवागढ़ के संबंधित पालकों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। इस संबंध में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ डी पी कोइरी को जांच अधिकारी बनाया गया था। जांच अधिकारी के द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन में सहायक शिक्षक एलबी चंद्रभूषण ठाकुर 20 अगस्त 2024 से कभी भी नियमित रूप से शाला नहीं आ रहे हैं। अगस्त 2024 में 10 दिन, सितंबर 2024 में 17 दिन, अक्टूबर 2024 में 13 दिन नवंबर 2024 में 17 दिन, दिसंबर 2024 में 22 दिन और जनवरी 2025 में20 दिन अनुपस्थित रहे हैं। जिनके कारण शाला का अध्यापन कार्य बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है। चंद्रभूषण ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम 1, 2, 3 के विपरीत पाये जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा किया जाता है। निलंबन की अवधि में नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा के पत्र क्रमांक 2204- 22 जनवरी 2025 के अनुसार 22 जनवरी 2025 को समय 10:15 संकुल समन्वयक के साथ शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर विकासखंड साजा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रोशन सिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर विकासखंड साजा बिना किसी सूचना व आवेदन के शाला में अनुपस्थित पाए गए। ग्रामीणों, रसोइयों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों के द्वारा लिखित में दिए पंचनामा के अनुसार उक्त प्रधान पाठक नियमित रूप से शाला नहीं आते है। और नहीं उनके द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है।

# नवनिर्वाचित सरपंच ने अकोला स्कूल में कराया नेवता भोज



पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में कक्षा पाँचवी के बच्चों के विदाई समारोह के अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव ने नेवता भोजन कराया। नेवता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से नेवता भोजन कराते है। नेवता भोजन विभिन्न त्यौहारों या अवसरों पर जैसे वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिवस, राष्ट्रीय त्यौहार आदि अवसरों पर कर सकते है। सर्वप्रथम सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंचगण एवं ग्रामवासी सरस्वती पूजन किए। शाला के प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा, हेमलता ठाकुर, हिरेश टंडन नवनिर्वाचित सरपंच का गुलाल लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर, शाल, श्रीफल भेंट कर, मिठाई खिलाकर शाला में स्वागत किए। कक्षा पांचवी के बच्चों को सभी अतिथि गण शुभकामनायें और आशीर्वाद प्रदान किए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए, बच्चें भी शाला के प्रति अपनी भावना व्यक्त किए, हिम कल्याणी सिन्हा विदाई गीत प्रस्तुत की, शाला के तरफ से बच्चों को उपहार के रूप में पानी बॉटल वितरण किए। देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव ग्राम पंचायत सौरी की नवनिर्वाचित सरपंच है वह अपने आश्रित ग्राम अकोला में शाला के सभी बच्चों को सम्पूर्ण नेवता भोजन करायी। जिसमें चावल, दाल, मटर पनीर की सब्जी, टमाटर की चटनी, खीर, पूड़ी, चॉकलेट, मिठाई खिलाई, पाँचवी कक्षा के बच्चें अपने शाला को दीवाल घड़ी भेंट किए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जगाधर साहू, चंद्र कुमार पटेल, देवेंद्र वैष्णव, बलदाऊ पटेल, राकेश साहू, अजू जितेंद्र वर्मा, छबीलाल निर्मलकर, संतराम निषाद, डाकवर ठाकुर, दीपक चौहान, लोचन प्रसाद ठाकुर, अंकलहा, पंचराम निषाद, मुन्नी यादव उपस्थित रही सभी न्योता भोजन का आनंद लिए एवं शुभकामनायें प्रेषित किये।

# मटंग सरपंच अमित हिरवानी पंचों के साथ सांसद विजय बघेल से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता | उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मटंग व बोदल के नव निर्वाचित सरपंच तथा पंचों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाक़ात किया। ज्ञात हो सरपंच अमित हिरवानी के अगुवाई में नवनिर्वाचित पंचों के साथ दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के निज निवास स्थित सेक्टर-5 में जाकर आत्मीय मुलाक़ात कर गुलदस्ता भेंट किया। साथ ही मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कर बधाई शुभकामनायें दिया। सांसद बघेल ने जन भावना के अनुरूप जनहित में कल्याणकारी योजनाओं जन-जन तक पंहुचाकर जन सेवा की दिशा में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज साहू, सूरेश ठाकुर, डिलेश कुमार, वार्ड पंच हितेश वर्मा, दादू वर्मा, धर्मेंद्र बंछोर, हेमू लाल, युगल कुमार, चंद्रिका बारले, राजकुमारी निर्मलकर, सरस्वती बाई, डाली यादव, निर्मला बाई, इन्द्राणी ठाकुर, लता गोयल, बिमला ठाकुर, पुष्पा मधुकर, गौरव ठाकुर, वेदराम यादव, वीणा साहू सहित उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

शपथकर्ता :- जोयस एबल वर्गीस, पति-एबल वेट्टिकालाईल वर्गीस, उम्र-55 वर्ष, जाति-ईसाई, निवासी-म.नं.-128, टिकरापारा, जनकपुर वार्ड कांकेर, थाना-कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)। मो-7898960507

मैं उपरोक्त शपथकर्ता निम्नलिखित शपथ करता/करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से समस्त स्कूल कॉलेज के रिकार्ड एवं अंकसूची में मेरा नाम - SOSAMMA JOY, पिता-SHRI T J JOY दर्ज है।
03. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पास बुक में मेरा नाम JOYS ABLE VARGHESE; WO ABLE VETTIKALAYIL VARGHESE दर्ज है जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि SOSAMMA JOY, पिता-SHRI T J JOY एवं JOYS ABLE VARGHESE; WO ABLE VETTIKALAYIL VARGHESE दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है इस नाम के कोई अन्य व्यक्ति नहीं है जो सत्य एवं सही है।
05. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। किसी भी प्रकार का असत्यता पायी जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
06. यह कि शासकीय गजट में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता/करती हूं कि, शपथ-पत्र की कंडिका क्र. 01 से 08 तक में वर्णित बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 27/02/2025 को स्थान : कांकेर में पढ़कर व समझकर सत्यापित किया/की हूं।

सत्यापनकर्ता

# विज्ञान दिवस पर व्याख्यान : वैज्ञानिक ढंग से सोचें, समझें और कार्य करें : डॉ. दिनेश मिश्र

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बालोद में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए प्रदेश के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं अन्धश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ.दिनेश मिश्र ने कहा वैज्ञानिक ढंग से सोचने, समझने एवं आचरण करने से समाज में वैज्ञानिक जागरूकता का विकास होगा। वैज्ञानिक जागरूकता के विकास से विभिन्न अंधविश्वासों व कुरीतियों का निर्मूलन संभव है। किसी व्यक्ति को अपनी बीमारी, समस्या या असफलता का दोष ग्रह-नक्षत्रों पर न थोपने की बजाय स्वयं की खामियों पर विश्लेषण करना चाहिए। कोरोना काल में सावधानी और सतर्कता, गाइड लाइन का पालन करने से देश में कोरोना का संक्रमण जल्द ही नियंत्रण में आया। डॉ. मिश्र ने कहा आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए लगातार कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता है। किसी भी व्यक्ति को बचपन से ही अक्षर ज्ञान के साथ तर्क सम्मत जानकारी व सामाजिक अंधविश्वासों व कुरीतियों के संबंध में सचेत किया जाना चाहिए। हमारे देश के विशाल स्वरूप में अनेक जाति, धर्म के लोग है जिनकी परंपराएँ व आस्था भी भिन्न-भिन्न है लेकिन धीरे-धीरे कुछ परंपराएँ, अंधविश्वासों, कुरीतियों के रूप में बदल गई है, जिनके कारण आम लोगों को न केवल शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ता है बल्कि ठगी का शिकार होना पड़ता है। कुछ चालाक लोग आम लोगों के मन में बसे अंधविश्वासों, अशिक्षा व आस्था का दोहन कर ठगते हैं। उन अंधविश्वासों व कुरीतियों से लोगों को होने वाली परेशानियों व नुकसान के संबंध में समझा कर ऐसे कुरीतियों का परित्याग किया जा सकता है। विभिन्न सामाजिक व चिकित्सा के संबंध में व्याप्त अंधविश्वासों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा देश के अनेक प्रदेश में विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं जो न केवल समाज की प्रगति में बाधक हैं बल्कि आम व्यक्ति के भ्रम को बढ़ाते हैं, उसके मन की शंका-कुशंका में वृद्धि करते हैं। डॉ मिश्र ने कहा कालाजादू, डायन जैसी मान्यताओ का कोई अस्तित्व नहीं है, अज्ञानता, चिकित्सा सुविधाओं की कमी जानकारी के अभाव, रूढ़िवादी परम्पराओ के कारण इस प्रकार की घटनाएं घटती है, मध्यप्रदेश सहित देश के 17 प्रदेशों में डायन और जादू-टोने का अंधविश्वास बना हुआ है, जहाँ से महिला प्रताड़ना की घटनाएँ सामने आते रहती है। जादू-टोने का कोई अस्तित्व नहीं होता है और सिर्फ अपने अन्धविश्वास व् भ्रम के कारण किसी ही हत्या करना, मारना पीटना प्रताड़ित करना, गलत, गैरकानूनी, अमानवीय है, जिनमें किसी महिला को जादू-टोना करके नुकसान पहुँचाने के संदेह में हत्या, मारपीट कर दी जाती है जबकि कोई नारी टोनही या डायन नहीं हो सकती। उसमें ऐसी कोई शक्ति नहीं होती जिससे वह किसी व्यक्ति, बच्चों या गाँव का नुकसान कर सके। जादू-टोने के आरोप में महिला प्रताड़ना रोकना आवश्यक है। अंधविश्वासों के कारण होने वाली डायन (टोनही) प्रताड़ना, सामाजिक बहिष्कार, बलि प्रथा जैसी घटनाओं से भी मानव अधिकारों का हनन हो रहा है। अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिये हम पिछले तीस वर्षों से जन-जागरण अभियान चला रहे हैं। डॉ. मिश्र ने कहा कई बार लोग चमत्कारिक सफलता प्राप्त करने के उम्मीद में ठगी के शिकार हो जाते हैं, जबकि किसी भी परीक्षा, साक्षत्कार, नौकरी, प्रमोशन के लिए कठोर परिश्रम व सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। तुरन्त सफलता के लिए किसी चमत्कारिक अँगूठी, ताबीज, तंत्र-मंत्र कथित बाबाओं के चक्कर में फँसने की बजाय परिश्रम का रास्ता अपनाना ही उचित है। डॉ. मिश्र ने कहा समाज में जादू-टोना, टोनही आदि के संबंध में भ्रामक धारणायें सदियों से है जिनमें किसी भी बीमारी या मुसीबतों का कारण, नजर लगने, जादू-टोने को ही माना जाता है, जबकि वास्तव में ऐसी धारणाएँ काल्पनिक है, जिनका कोई प्रमाण नहीं है। पहले बीमारियों के उपचार के लिए चिकित्सा सुविधाएँ न होने से लोगों के पास झाड़-फूँक व चमत्कारिक उपचार ही एकमात्र रास्ता था, लेकिन चिकित्सा विज्ञान के बढ़ते कदमों व अनुसंधानों ने कई बीमारियों, संक्रामकों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है तथा कई बीमारियों के उपचार की आधुनिक विधियाँ खोजी जा रही है। बीमारियों के सही उपचार के लिए झाड़-फूँक, तंत्र-मंत्र की बजाय प्रशिक्षित चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। आमतौर पर अंधविश्वासों के कारण होने वाली घटनाओं की शिकार महिलाएँ ही होती है। अपनी सरल प्रवृत्ति के कारण से सहज ही चमत्कारिक दिखाई देने वाली घटनाओं व अफवाहों पर विश्वास कर लेती है व ठगी व प्रताड़ना की शिकार होती है जिससे भगवान दिखाने के नाम पर रूपये, गहने दुगुना करने के नाम पर ठगी की जाती है। अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन व सामाजिक जागरण में अपना अमूल्य योगदान स्थानीय नागरिक भी दे सकते हैं। उन्हें आस-पास के लोगों को इस संदर्भ में विज्ञान सम्मत जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य अरुण साहू, बी एन योगी समन्वयक, मिश्रा प्राचार्य गुंडर देही, बलराम साहू प्राचार्य शासकीय विद्यालय, सुखदेवे शासकीय उ.मा. विद्यालय सहित गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

# रेलवे डीआरयूसीसी की बैठक में राजेश शर्मा ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव और रखी मांगे

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में समिति सदस्य विधायक रायपुर-पश्चिम राजेश मूणत सहित डीआरयूसीसी सदस्य गण एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी और रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुए डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में हुई इस प्रथम बैठक में समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल और रेल यात्रियों के हित में कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। राजेश शर्मा ने अपनी बात रखते हुए अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा स्टेशन में रुका हुआ निर्माण कार्य पुनः चालू करने, एस्केलेटर सुविधा पुनःदेने, भाटापारा गुड्स शेड मार्ग की सड़क चौड़ीकरण करने, लगभग 2 वर्षो से बंद 68745/68746 रायपुर कोरबा लोकल को पुनः चालू करने, अंचल की समस्त मेमू लोकल ट्रेनों के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने, सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/ 12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, दुर्ग हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने, पूर्व के वर्षों में चलाई गई रायपुर रायगढ़ फास्ट मेमू लोकल ट्रेन को पुनः चालू करने तथा रेल डिविजन के विभिन्न स्टेशन में कोरोना काल के पूर्व रुक रही उन ट्रेनों का स्टॉपेज पुनः बहाल करने की बात रखी है। उक्त सभी बिंदुओं पर सार्थक रूप से विचार विमर्श हुआ और शर्मा ने भरोसा जताया कि भाटापारा स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत चल रहा विकास का कार्य पुनः चालू होगा, इसके अलावा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर की सुविधा भी फिर से शीघ्र चालू होगी। इस अवसर पर बैठक में अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय समय पर प्राप्त होने वाले सुझाव अति महत्वपूर्ण है जिसके कारण गुणवत्ता में सुधार होता है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगतिशील गति से अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है रायपुर से ट्रेनों का परिचालन बढ़े इसके लिए इस ओर प्रयास किये जा रहे है, इंफ्रास्ट्रक्चर के नए प्रस्तावों का अध्यन किया जा रहा है यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार रायपुर रेल मंडल सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रहा है। बैठक में कुल 17 सदस्य नामित है जिनमें समिति सदस्य विधायक राजेश मूणत सहित कुल 14 सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने अपनी अपनी बाते प्रमुखता के साथ बैठक में रखी। बैठक का संचालन और आभार प्रदर्शन करते हुए मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों के बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट किया तथा बैठक में उपस्थित होने के लिए उनका धन्यवाद दिया।

# मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग कैम्पस में ऑनलाइन वेबिनार प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता पर आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग कैम्पस, रायपुर में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ऑनलाइन वेबिनार में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता पर आयोजित किया गया। मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसई एंड आईटी) के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मैट्स विश्वविद्यालय, अरंग कैम्पस में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता खननकर्मियों के लिए अनिवार्य है, साथ ही डीजीएमएस द्वारा अनुमोदित प्रमाण पत्र भी आवश्यक है। वेबिनार का नेतृत्व दिनेश राव ने किया, जो एक उच्च सम्मानित उद्योग विशेषज्ञ हैं और जिनके पास 11 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और गहन ज्ञान के माध्यम से छात्रों को खनन इंजीनियरिंग में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता के महत्व को समझाया। वक्ता का स्वागत और परिचय डॉ. घनश्याम शाकर, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख ने किया, उन्होंने छात्रों की उत्साही भागीदारी के लिए बधाई दी और ऐसे वेबिनार के महत्व को स्वीकार किया जो उद्योग-तैयार पेशेवरों को आकार देने में मदद करता है। माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग की आयोजन समिति ने ऑनलाइन वेबिनार के सुचारु कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी समर्पण ने व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद की। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के नेतृत्व से प्रशंसा और प्रोत्साहन मिला। मैट्स विश्वविद्यालय के चांसलर गजराज पगारिया ने फैकल्टी, छात्रों और आयोजन समिति के प्रयासों की प्रशंसा की और कार्यशाला को सफल बनाने के लिए बधाई दी। मैट्स विश्वविद्यालय के निदेशक जनरल प्रियेश पगारिया ने अपनी शुभकामनाएं दीं और तकनीकी कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया। मैट्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गोकुलनंद पांडा ने रचनात्मकता और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले समावेशी और समर्थनकारी परिसर वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। ऐसे वेबिनार के साथ, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग, एमएसई एंड आईटी, नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक जोखिम प्रदान करने के अपने मिशन को जारी रखता है, जो छात्रों को अपने पेशेवर यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने और इंजीनियरिंग उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार करता है ।

# विधायक ललित चंद्राकर ने दसवीं-बारहवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान और परिश्रम की परख ही नहीं, बल्कि संयम और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है। विधायक चंद्राकर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तनावमुक्त और सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा दें, क्योंकि आत्मविश्वास और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम परीक्षा की तैयारी में उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पढ़ाई के घंटे है। विधायक ने माता-पिता और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाना आवश्यक है कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, न कि मंज़िल। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास से जीवन में बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आप सभी बिना भय के पूरी लगन, पूर्ण आत्मविश्वास और मनोयोग से परीक्षा दें। निश्चित रूप से आप लोगों को सफलता हासिल होगी।

# प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश कुमार शुक्ला को सेवावृद्धि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को राज्य शासन ने एक वर्ष की सेवावृद्धि प्रदान की है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार उनकी सेवावृद्धि एक वर्ष या आगामी आदेश तक की गई है। शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। प्रबंध निदेशक शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन इस आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक का कार्यकाल प्राप्त हो गया है। शुक्ला को पुनः प्रबंध निदेशक बनाए जाने पर पॉवर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों सहित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुक्ला का जन्म 8 जुलाई 1963 को जबलपुर, मध्यप्रदेश में हुआ। उनकी माता स्व. शशिकला शुक्ला एवं पिता स्व. रमेश शंकर शुक्ला है। उन्होंने वर्ष 1979 में शासकीय हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, अंबिकापुर से उत्तीर्ण की। वर्ष 1983 में बी.ई इलेक्ट्रिकल की उपाधि शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर से प्राप्त की। वर्ष 1984 में सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल, जबलपुर में नियुक्त हुए। अपनी सेवा यात्रा में उत्कृष्ट कार्यशैली एवं कार्यदक्षता को सतत् प्रदर्शित करते हुये 6 मई 2003 को कार्यपालन अभियन्ता, 17 मार्च 2011 को अधीक्षण अभियन्ता एवं 1 अक्टूबर 2018 को अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के रूप में पदोन्नत होकर पारेषण संकाय के रायपुर स्थित मुख्य अभियन्ता पारेषण, वाणिज्य व योजना, भण्डार एवं क्रय, परियोजना आदि कार्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला। 8 नवम्बर 2019 को मुख्य अभियन्ता तथा 31 मार्च 2021 को कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नति हुई। प्रबंध निदेशक नियुक्ति के पूर्व तक आप कार्यपालक निदेशक (पारेषण) थे। 1984 में सेवा में आने के पश्चात् 39 वर्षों तक निरन्तर पारेषण संकाय में पदस्थ रहे जिसमें 32 वर्ष छत्तीसगढ़ अंचल और राज्य में पदस्थापना रही है। शुक्ला को 'टर्न की' आधार पर 132/33 केव्ही, 220/132 केव्ही एवं 400/220 केव्ही केन्द्र एवं पारेषण लाइनों के विशेषज्ञ है। विद्युत विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वर्ष 2014-15 में रावणभाठा (रायपुर) में निर्मित 132 केव्ही उपकेन्द्र का गैस आधारित उपकरणों व उपकेन्द्र ऑटोमेशन की डिजाईन व ड्राइंग का सम्पूर्ण कार्य तथा 132 केव्ही ऑटोमेशन आधार पर निर्मित प्रथम उपकेन्द्र का भूमिगत लाइन निर्माण कार्य, इस कार्य के लिए वर्ष 2016 में अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा पुरस्कृत भी हुए हैं। विगत एकवर्ष में उनके निर्देशन में ट्रांसमिशन अधोसंरचना विस्तार के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

## पॉवर कंपनी से ईडी जी. आनंद राव की सेवानिवृत्ति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र तथा मानव संसाधन) जी.आनंद राव को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) आर.के. शुक्ला एवं प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) भीमसिंह कंवर ने उनके कार्यों एवं योगदानों की सराहना की तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ट्रांसमिशन नेटवर्क के गुणवत्तापूर्ण विकास, सबस्टेशनों की स्थापना में राव की तकनीकी दक्षता का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उन्होंने अपने 38 वर्षों के कार्यकाल में से 22 वर्ष बस्तर संभाग में बिताये। इस तरह आदिवासी अंचल के विकास में उनका बड़ा योगदान रहा। सेवानिवृत्त आनंद राव ने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त लोड डिस्पैच सेंटर में भी सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) अमर सिंह लटियारे को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा, संजय पटेल, ज्योति नन्नौरे, आर.ए. पाठक, ए.के. धर, केएस मनोठिया, वाईबी जैन, संदीप मोदी, एमएस चौहान तथा मुख्य अभियंता शारदा सोनवानी, नंदिनी भट्टाचार्य, वी.के.दीक्षित, गिरीश गुप्ता, एफ.ए. खान, एस.के.गजपाल, प्रशांत बापट उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र एवं प्रकाशन अधिकारी गोविंद सिंह पटेल द्वारा किया गया।

# हिन्दी विषय से 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ, 10वीं बोर्ड की 3 मार्च



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

1 मार्च से बोर्ड परीक्षा का आरंभ हो गया है, जिसके अंतर्गत 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों ने हिन्दी विषय का परीक्षा दिया, जहाँ रामसागर पारा उच्चतर माध्यमिक स्कूल के परीक्षा केन्द्र अंतर्गत कुल 136 परीक्षार्थी शामिल हुये। स्कूल के प्रिसिंपल लक्ष्मी यदु ने बताया कि उक्त परीक्षा केन्द्र मे सरस्वती स्कूल मयूर स्कूल व लायंस कांवेन्ट के परीक्षार्थी शामिल है वही 10 बोर्ड के परीक्षा का आरंभ 3 मार्च से हिन्दी विषय से आरंभ होगा, जिसके लिये परीक्षार्थी अच्छे अंकों व मैरिट स्तर के लक्ष्य को लेकर मेहनत भी किये है।

# अथर्व महाविद्यालय ने धनोरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



अथर्व महाविद्यालय धनोरा के द्वारा ग्राम धनोरा में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सक डॉ. पी. एल भगत मौजूद थे। उनका स्वागत अथर्व महाविद्यालय की संचालिका डॉ. भारती साहू द्वारा किया गया। शिविर में सैकड़ो लोगो ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सर्दी, बुखार, सिरदर्द, ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य बीमारियों की निःशुल्क जांच और परामर्श दिया गया। जिसमें गांव के महिला, पुरुष, वृद्ध एवं बच्चों की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति रही। डॉ. भगत के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उचित दवाईयां भी प्रदान की गयी। शिविर पर डॉ. भगत द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन शैली सन्तुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। शिविर में आये लोगों को बीमारियों की रोकथाम और प्रारंभिक उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गयी। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गांव में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। हमारे महाविद्यालय द्वारा निरंतर यह प्रयास रहता हैं, कि हम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करते रहें, इसी परिपेक्ष्य में हमारे महाविद्यालय में वर्ष में दो से तीन बार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस शिविर में स्थानीय लोगों को लाभ हुआ और सभी ने अथर्व महाविद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

# पुलिस ने अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने वाले अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



अपने दोस्तों के साथ शाम 06:00 बजे फिल्म देखने सिटी मॉल भाटापारा आया हुआ था। इसी बीच प्रार्थी एवं उसके दोस्तों के बाथरूम जाने के दौरान सीट पार करने की बात को लेकर आरोपियों द्वारा लगभग 09:00 गंदी-गंदी अश्लील गाली गलौज देते हुए, जान से मारने की धमकी देकर, बेल्ट निकालकर एवं चाकू दिखाकर प्रार्थी एवं उसके दोस्तों के साथ मारपीट किया गया कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5), 191(2), 190, 191(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 अपचारी बालकों सहित 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी पक्ष के साथ गाली गलौज कर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में सभी चार आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत और अपर कलेक्टर ने खाई फाईलेरिया की दवा, अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को खाने किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





फाइलेंरिया मुक्ति अभियान के तहत मोबाइल टीम द्वारा जिला सयुंक्त कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ (आइएएस) डॉ. सजंय कन्नौजे एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, द्वारा एमडीए की दवाई स्वयं खाकर अपने अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्माचारियों को खाने के लिए प्रेरित किया गया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छग रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश के सभी प्रदेशो को फाईलेरिया मुक्त किये जानें हेतु लक्ष्य रखा गया है। फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान 27 से 2 मार्च 2025 को बुथ में तथा 3 से 10 मार्च 2025 को घर-घर भ्रमण द्वारा एवं दिनांक 11 से 13 मार्च 2025 तक मॉप-अप राउण्ड में (सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम) सम्पादित किया जा रहा है। फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि, फाइलेरिया रोग की गंभीरता को मीडिया सहयोगियों के माध्यम से जन-समुदाय में अधिक से अधिक प्रचारित किया जा सके जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के बारे में सही और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करके इस रोग से स्वयं और अपने परिवार को बचा सकें।

**घर घर जाकर खिलाई जाएगी दवाई**–जिले के सीएमएचओ डॉ.एमके सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 9 लाख 24 हजार 348 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुथ में और घर-घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी। दवाओं का वितरण बिलकुल भी नहीं किया जायेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाये नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओ का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, परंतु और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जोकि इन दवाओ के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते है, परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हे तुरंत उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है।

# हायर सेकेंडरी हिंदी विषय की परीक्षा में 76 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा के तहत पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 8132 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 8056 ने परीक्षा दी और 76 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने विशेष रूप से जेवरा और सेजेस हिंदी माध्यम बेमेतरा के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन की स्थिति का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। कलेक्टर ने केंद्रों में जाकर कई कक्षाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी अलग-अलग केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने जेवरा, सेजेस हिंदी माध्यम बेमेतरा और बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा का दौरा किया। अर्चना ठाकुर, जिला खनिज अधिकारी ने ओडिया और कारेसरा खाती के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जबकि सांतुलाल नेताम ने गुधेली, गोड़गिरी, आनंदगांव, मिभौरी, और बारगांव सरदा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीपीओ भावेश सिंह ने नांदघाट, कूरों, मुस्ता, गोढीकला और संबलपुर के केंद्रों का निरीक्षण किया। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एसके गोड़ ने मोहतरा, बालसमुंद, मउ, चंदनू, और बदनारा के केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआर रात्रे, तहसीलदार साजा, बेरला, नवागढ़ और बेमेतरा बीईओ द्वारा बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा के केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले भर में नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया था कि परीक्षा में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और परीक्षार्थी निर्भय होकर परीक्षा दे सकें।

# याद किये गए वरिष्ठ कांग्रेसी सोमवर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के महामंत्री एवं पूर्व पार्षद सोम वर्मा के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके 2 मिनट का मौन धारण किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वर्मा सरल एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे, उनके असमय निधन से एक बडी क्षति हुई है जो अपूर्णीय है। वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने उन्हें याद करते हुए कहा उनका निधन एक बडी क्षति है, हमनेकांग्रेस के एक सच्चे सिपाही को खो दिया है. इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैत राम खांडे, दिलीप बंजारा, सागर सोलंकी, अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहाँ, निधी सिंह ठाकुर दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव शत्रुघ्न सोनकर रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बारहवीं की परीक्षा प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल के तहत बारहवीं की परीक्षा आरम्भ हो चुकी है जो कि 1 मार्च 2025 से शुरू होकरा 28 मार्च 2025 तक समाप्त होनी है। इसी क्रम में लोरमी नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी नायब तहसीलदार शांतनु तारम ने थाना लोरमी थाना खुड़िया स्ट्रांग रूम पहुंचकर समयानुसार केंद्राध्यक्षों को बारहवीं के परीक्षा प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया।

तत्पश्चात परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद, अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोरमी, शा.क.उ.मा.वि.लोरमी, मां भारती उ. मा.वि लोरमी, सरस्वती शिशु मंदिर लोरमी, का निरीक्षण सहायक विकास खंड अधिकारी सुनील शर्मा के साथ किया गया।विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी.एस राजपूत ने बताया कि आज हायर सेकेंडरी परीक्षा मे कुल 23 केन्द्र मे हिंदी विषय मे 2691 परिक्षार्थियों दर्ज मे से2649 उपस्थित व 42 अनुपस्थिति रहें। सभी केंद्र मे परिक्षार्थियों की सुविधा हेतु पेयजल, आवागमन की सुचारू सुविधा उपलब्ध है। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के नियमानुसार पूरे लोरमी अनुभाग में बारहवीं की परीक्षाएं आरम्भ हो चुकी है परीक्षाएं शांतिपूर्ण वातावरण में कराई जा रही है साथ ही सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया।

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा : प्रथम विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की प्रथम विषय हिंदी 1 मार्च 2025 को जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रकरण नहीं मिले। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित दल के सदस्य सोमेश्वर राव, सूरज कसार, आशा शुक्ला द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अमेरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पलारी, सेजेस रोहांसी, सेजेस ओडान का आकस्मिक निरक्षण किया गया जिसमे सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नही पाया गया एवं बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पाया गया।

# अर्जुन्दा के आंबा केंद्र में लोहे की खुली आलमारी पर रखी मिली ईसा मसीह की तस्वीर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आई है। आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों को धर्मांतरण का पाठ पढ़ाएं जाने का बड़ा मामला सामने आया है। बालोद जिले के अर्जुन्दा नगर के नगर पंचायत से लगे आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में लोहे की खुले आलमारी में रखी हुई प्रभु ईसा मसीह तस्वीर मिली है, आरोप हैं कि आँगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता खरे द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र की दीवार में सजाने के लिए तस्वीर लाई गई थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब अर्जुंदा भाजपा मंडल के अध्यक्ष जीतू गुप्ता ने केंद्र में दबिश दी और इस पूरे मामले का सोशल मीडिया में वीडियो प्रसारित किया। जिसके बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू गुप्ता ने कार्यकर्ता को फटकार भी लगाई। और जब उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पूछा कि ईसा मसीह की तस्वीर को यहां क्यों रखा गया है तो कार्यकर्ता के द्वारा कहा गया कि आंगनबाड़ी की दीवार में इसे सजाने के लिए लाया गया है। वही जीतू गुप्ता में कार्यकर्ता द्वारा नौनिहालों को धर्मांतरण का पाठ पढ़ाएं जाने का आरोप लगाया है। वही उन्होंने मामले की जांच कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर कार्यवाही करने की मांग की हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू गुप्ता ने बताया कि आंबा कार्यकर्ता संगीता खरे ने अपने मूल धर्म को छोड़ दिया है। धर्म परिवर्तन किया है। वे अपने साथ बाइबल को लेकर रखकर घूमती है। बहरहाल तथ्य कुछ भी हो लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में ईसा मसीह की तस्वीर मिलना एक गंभीर मामला है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विज्ञान दिवस पर बालिकाओं ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव को स्मरण करते हुए विज्ञान दिवस मनाया गया। 28 फरवरी 1928 को सी. वी. रमन को उनकी खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान के कुछ छोटे-छोटे तत्वों को जानकर रोचक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं की कंचन ने चालकता को प्रदर्शित किया। चांदनी ने जल विद्युत अपघटन का प्रदर्शन किया। रश्मि ने वायुदाब को समझाया। लक्ष्नी ने अपवर्तन के सिद्धांत को समझाया। छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पौधों के विभिन्न भागों को नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से विज्ञान से संबंधित सुंदर चित्र बनाए। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीआरसी राजेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रयोगों को देखकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। इस आयोजन का संचालन विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका ममता गुरुपंच के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने रमन प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बच्चों के लिए विज्ञान पहेली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं राज किरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे, सावित्री यादव एवं दीप्ति नवरंगी उपस्थित रहीं। विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना था।

# बैलाडीला देवस्थान समिति, गायत्री परिवार एवं बैलाडीला योग समिति ने कार्मिक प्रमुख को दी बिदाई

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com





एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में उप महाप्रबंधक कार्मिक के पद से फरवरी को एनएमडीसी से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक प्रमुख बी के माधव एवं उनकी धर्म पत्नी इंदिरा माधव को किरंदुल नगर के हृदय स्थल में स्थित बैलाडीला देवस्थान समिति राघव मंदिर के परिसर में बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार तथा बैलाडीला योग समिति के तत्वावधान में भावभीनी विदाई दी गई। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से उप महाप्रबंधक कार्मिक के पद से फरवरी माह में सेवानिवृत्त हुए बीरेंद्र कुमार माधव एवं उनकी धर्म पत्नी इंदिरा माधव तथा एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से ही फरवरी को सेवानिवृत्त हुए ऋषिकेश इम्परान महाप्रबंधक कॉन्ट्रेक्ट सेल को शाल श्रीफल एवं राघव मंदिर का समृति चिन्ह भेंट कर बिदाई दी । इस दौरान बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मंदिर के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकरे, सचिव ए के सिंह, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, ओम साहू, अतुल सिंह, अशोक शर्मा, राजेश विप्रल राव, एवं गायत्री परिवार ग्रामोत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष डी पी डेहरिया तथा बैलाडीला योग समिति के दिनेश साहू, जितेंद्र गुप्ता, अमृत टंडन, नरोत्तम ध्रुव विशेष रूप से मौजूद रहे। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से कार्मिक प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त होने वाले बी के माधव एवं उनकी धर्म पत्नी इंदिरा माधव ने भी बिदाई समारोह को संबोधित करते हुए किरंदुल नगर में बिताए अपने सुनहरे पलों को साझा किया।

# ईडी की कार्यवाही को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही और केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया. जिसमे जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, निगम-मंडल-प्राधिकरण के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारीगण, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के पदाधिकारी सदस्य एवं सरपंच, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी समलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार की तानाशाही और जनता की आवाज आवाज दबाने का जो कार्य किया जा रहा है हम इसका विरोध करते है, प्रदेश कांग्रेस कमेंट के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम को रखा गया था. जिसमे बडी संख्या मे हमारे कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर हिस्सा लिया। आनेवाले वाले समय मे जनता ऐसे तानाशाही कार्यवाही का जवाब देगी. वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कार्यक्रम मे आये सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैत राम खांडे, दिलीप बंजारा, सागर सोलंकी, अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहाँ, निधी सिंह ठाकुर दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव शत्रुघ्न सोनकर रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

# 'सेवानिवृत्त अधिकारी को दी गई भावभीनी बिदाई'

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

श्रम पदाधिकारी मुंगेली में पदस्थ श्रम निरीक्षक जी.आर. आर्मो 62 वर्ष शासकीय सेवा पूर्ण करने पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान अधिकारियों की तरफ से पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट किया। उन्होंने सेवा अवधि के दौरान जी आर आर्मो की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। जी आर आर्मो ने अपने सेवाकाल के दौरान विभागीय उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवधि में समस्त अधिकारियों की सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रम विभाग से अभिषेक सिंह ठाकुर, श्रम उपनिरीक्षक संतोष साहू, श्रम उपनिरीक्षक कु. अंजू साहू, सहायक ग्रेड 2, लखेश्वर प्रसाद साहू, नरेंद्र राजपूत, रितेश ठाकुर सहित विभागीय स्टाफ उपस्थित मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव 4 मार्च को

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तीसरे चरण का मतदान 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बेरला और साजा में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हुआ। इससे पूर्व, प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बेमेतरा और नवागढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। जिले की जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव दिनांक 04 मार्च, 2025 को दोपहर 2 बजे सम्पन्न होंगे। इसी तरह जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव दिनांक 05 मार्च, 2025 को दोपहर 2.00 बजे सम्पन्न होंगे।ग्राम पंचायतों में उप सरपंच का चुनाव 8 मार्च, 2025 को दोप 12 बजे सम्पन्न होंगे। जिला पंचायत के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष चुनाव सम्पन्न कराने हेतु अंकिता गर्ग, अपर कलेक्टर जिला बेमेतरा पीठासीन अधिकारी तथा पिंकी मनहर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला सहायक पीठासीन अधिकारी होंगी।जनपद पंचायतों में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न कराने हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी पीठासीन तथा संबंधित तहसीलदार सहायक पीठासीन अधिकारी होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के उपरांत, आज शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में जिला एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों में उपसरपंच निर्वाचन हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए और आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, जिले के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायत के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा : अंतस को सींचती है, आत्मा को एक दूसरे से जोड़ती है : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा है। छत्तीसगढ़ी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, यह हमारे अंतस को सींचने और हमारी आत्मा को एक दूसरे से जोड़ने वाली भाषा है। हमें अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा पर गर्व है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के दो दिवसीय आठवें प्रान्तीय सम्मेलन 2025 के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर हमारे पुरखों के सपनों को साकार किया। अलग राज्य बनने के बाद अपनी महतारी की भाषा छत्तीसगढ़ी को सम्मान दिलाने की जिम्मेदारी हम सब की है। यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ी में बढ़िया किताबें लिखी जा रही है। इनमें से भागमानी, छत्तीसगढ़ के छत्तीस भाजी, छतनार, चल उड़ रे पुचुक चिरई, एक कहानी हाना के, गंगा बारू अउ माटी के दीया सहित छत्तीसगढ़ी भाषा की 11 पुस्तकों का विमोचन किया गया। आयोग के आठवें प्रांतीय सम्मेलन के अध्यक्ष और साहित्यकार रामेश्वर वैष्णव, साहित्यकार डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ. विनय कुमार पाठक, संचालक संस्कृति एवं राजभाषा विवेक आचार्य, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि हमारी भाषा, बोली का मान बढ़े, लोगों का अपनी भाषा से जुड़ाव रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का समृद्ध इतिहास है, हमारी यह भाषा शिलालेख में भी दर्ज है। अनेक कवि और लेखक अपनी लेखनी से छत्तीसगढ़ी को समृद्ध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा अपने गठन के बाद अब तक डेढ़ हजार पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने कहा प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है, इस नीति में बच्चों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा दी जाती है। छत्तीसगढ़ में भी बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा दी जा रही है। बच्चे अपनी मातृभाषा में कठिन से कठिन विषय भी आसानी से समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा को लोकप्रिय बनाने में सफल होगा।

# महापौर मीनल चौबे का बेटा हुआ गिरफ्तार सड़क पर केक काटना पड़ा महंगा





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महापौर मीनल चौबे के बेटे को सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाना महंगा पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मेहुल चौबे के साथ उसके दो दोस्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस प्रतिबंधात्मक धाराओं में अलग से कार्रवाई कर रही है। बता दें कि 28 फरवरी को रायपुर मेयर मीनल चौबे के बेटे मेहुल चौबे ने सड़क में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया था। इस मामले में पुलिस ने महापौर के बेटे और उसके दो दोस्त पिंटू चंदेल और मनोज गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि वीडियो के वायरल होते ही मेयर मीनल चौबे ने माफी मांग ली थी। उन्होंने कहा कि, मैंने वीडियो देखा जो मेरे घर के सामने की है। मेरे बेटे का जन्मदिन था, उसने सड़क पर केक काटा है। मैंने अखबार में पढ़ा कि, हाईकोर्ट ने सड़कों पर केक काटने से मना किया है। जो भी हुआ गलत हुआ है मैंने अपने बेटे को समझाइश दी है। मेयर मीनल चौबे ने आगे कहा कि, मैं शासन-प्रशासन का पूरा सम्मान करती हूं। अगर मेरे या मेरे परिवारजनों की वजह से कोई परेशानी हुई होगी तो उसके लिए मैं माफी मांगती हूं। सभी के बच्चों को यह समझना होगा कि, सड़क पर नहीं घर के अंदर केक काटना चाहिए। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि, दोबारा ऐसा नहीं होगा।

## सड़क पर केक काटने पर कांग्रेस ने दी प्रतिक्रिया

कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, अभी तो शुरू हुआ है, आगे-आगे देखिए होता है क्या..., वहीं कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजा हो या रंक, नियम सभी के लिए समान हैं। पुलिस को इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि बीते शुक्रवार को ही छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विधानसभा के समिति कक्ष में बैठक आयोजित कर यातायात बाधित करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक सड़क पर जन्मदिन या अन्य किसी कारणवश यातायात बाधित करता है, तो उसके खिलाफ एंटी एन्क्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम सहित अन्य सुसंगत कानूनों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403